

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हमारा पर्यावरण हमारा भविष्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष दशमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -126, पृष्ठ -14+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार




आज का मौसम | 42.0° अधिकतम तापमान | 30.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 16 सूर्यास्त 18 : 58


लखनऊ, रविवार, 2 जून 2024



बिग बॉस ओटीटी- 3 को होस्ट करेंगे अनिल कपूर...14


## गजब! सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने के लिए लगा दी 5 लेखपालों की ड्यूटी

- गोरखपुर का मामला, विरोध जताने के बाद विवादित आदेश निरस्त

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : सातवें चरण के मतदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर में निर्वाचन अधिकारियों की कार्य शैली पर सवाल खड़े हो गए। यहां सेक्टर मजिस्ट्रेट को सुबह चार बजे जगाने के लिए पांच लेखपालों की ड्यूटी लगा दी गई। लेखपालों के विरोध के बाद विवादित आदेश निरस्त किया गया। इस प्रकरण में जिलाधिकारी ने सहायक निर्वाचन अधिकारी की क्लास लगाई।


लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में गोरखपुर समेत उप्र में 13 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ। गोरखपुर सीट के गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सहायक निर्वाचन अधिकारी ने पांच लेखपालों की ड्यूटी सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने में लगा दी। सहायक निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी आदेश में लेखपाल विकास गुप्ता, रजत वर्मा, विकास मद्धेशिया, विकास पाल व राजीव बघेल को सुबह 4 बजे सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने शिकायत जिलाधिकारी से की। इस पर उन्होंने सहायक निर्वाचन अधिकारी की क्लास लगाई और आदेश निरस्त करने का निर्देश दिया। आदेश के निरस्त होने के बाद लेखपाल शांत हुए।

### आदेश लेखपालों की गरिमा के खिलाफ

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के अध्यक्ष राम मूरत यादव ने कहा कि सुबह सेक्टर मजिस्ट्रेट को जगाने के लिए लेखपालों की ड्यूटी लगाया जाना उनकी गरिमा के खिलाफ था। उन्होंने कहा कि लेखपाल काम में सहयोग के लिए होते हैं, सुबह जगाने के लिए नहीं होते। उन्होंने बताया कि सहायक निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी विवादित आदेश का कड़ा विरोध किया गया। इसके बाद आदेश निरस्त हुआ।

## अंतिम चरण : उप्र की 13 लोकसभा सीटों पर 55 .60% मतदान

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ



- चंदौली सीट पर सबसे ज्यादा 60.34% और सलेमपुर में सबसे कम 51.25% वोटिंग
- मतदान के दौरान कुल 236 शिकायतें प्राप्त हुईं, सबसे ज्यादा देवरिया सीट पर 34 शिकायतें

**अमृत विचार** : प्रदेश में सातवें व अंतिम चरण में 13 लोकसभा सीटों पर शाम छह बजे तक 55.60 प्रतिशत मतदान हुआ। चंदौली में सबसे ज्यादा 60.34 प्रतिशत व सलेमपुर में सबसे कम 51.25 प्रतिशत मतदान रहा। सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट पर 54.48 प्रतिशत मतदान हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सभी सीटों पर छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि महाराजगंज में 60.08 प्रतिशत, गोरखपुर में 54.69 प्रतिशत, कुशीनगर में 57.29, देवरिया में 55.30, बांसगांव में 51.59, घोसी में 54.87 प्रतिशत, सलेमपुर में 51.25, बलिया में 52.84 प्रतिशत, गाजीपुर में 55.21, वाराणसी में 56.35 प्रतिशत, मिर्जापुर में 57.72 व राबर्ट्सगंज (अजा) में 55.92 प्रतिशत मतदान हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान कुल 236 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें सबसे ज्यादा देवरिया सीट पर 34 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें ईवीएम खराब होने व फर्जी मतदान होने समेत विभिन्न शिकायतें रहीं।

### प्रचंड गर्मी और लू के बीच आठ राज्यों की 57 सीटों पर 59 प्रतिशत मतदान

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के आखिरी और सातवें चरण में शनिवार को देश के विभिन्न अंचलों में प्रचंड गर्मी और लू के बीच 59 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। अंतिम चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 57 सीटों के साथ-साथ ओडिशा विधानसभा की बाकी बची 42 सीटों पर सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान कराया गया। निर्वाचन आयोग से शाम साढ़े सात बजे उपलब्ध कराई सूचना के अनुसार इस चरण में भी पश्चिम बंगाल मतदान में 69 .89 प्रतिशत वोट डाले गए। बिहार में मत प्रतिशत 49 .35 रहा। पंजाब और पश्चिम बंगाल में कुछ मतदान केन्द्रों पर विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पों को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण बताया गया है। ओडिशा विधानसभा के आखिरी चरण में 42 सीटों पर 62 .76 प्रतिशत वोट डाले गए। लोकसभा की इन 57 सीटों पर कुल 904 उम्मीदवार मैदान में थे। सातवें और अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश की 13, पंजाब की 13 और चंडीगढ़ की एक सीट के साथ हिमाचल प्रदेश की चार, झारखंड की तीन, ओडिशा की छह, बिहार की आठ, पश्चिम बंगाल की नौ सीटों पर मतदान कराया गया।

### मोदी समेत कई दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में कैद

सातवें चरण के मतदान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। मोदी वाराणसी सीट से तीसरी बार प्रत्याशी रहे। उनके मुकाबले में इंडी गठबंधन से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय रहे। गोरखपुर सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद रवि किशन प्रत्याशी थे। इनका मुक़ाबला सपा नेता काजल निषाद से रहा। चंदौली सीट से केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे, रॉबर्ट्सगंज सीट पर भाजपा से रिंकी कोल, घोसी सीट पर राजग से ओम प्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर, कुशीनगर सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद विजय दुबे, मिर्जापुर सीट से केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल चुनाव मैदान में रहीं।






# भाजपा-राजग को प्रचंड बहुमत इंडिया गठबंधन टक्कर में नहीं

## एग्जिट पोल : अधिकांश सर्वे में राजग के बहुमत से तीसरी बार सत्ता में आने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- अकेले भाजपा को 305 सीटें और राजग को 400 के पार सीटें मिलने का जताया गया अनुमान
- इंडी गठबंधन को 139 से 161 सीटें मिलना संभव कांग्रेस को अकेले मिल सकती हैं 64 सीटें

अठाहरवीं लोकसभा के लिए हुए चुनावों में ज्यादातर एग्जिट पोल यानी मतदान पश्चात सर्वेक्षण में भाजपा तथा उसके नेतृत्व वाले राजग के भारी बहुमत से तीसरी बार सत्ता में आने का अनुमान व्यक्त किया गया है और कांग्रेस तथा उसके सहयोगियों का इंडिया समूह कहीं भी टक्कर में दिखाई नहीं दे रहा है। शनिवार को सातवें एवं अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद टुडेज चाणक्य और इंडिया टीवी इन दोनों के एग्जिट पोल में राजग को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुमान के अनुसार 400 के पार सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। टुडेज चाणक्य ने राजग को 400 सीटें मिलने तथा इंडिया टीवी ने राजग को 371 से 401 सीटें देने की बात कही है।

इन दोनों ने इंडिया समूह को क्रमश 107 और 109 से 139 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया है। अन्य को क्रमश 36 और 28 से 38 सीटें मिलने की बात कही गई है। एनडीटीवी के पोल ऑफ पोल्स में राजग को 366 , इंडिया समूह को 144 तथा अन्य को 33 सीटें मिलने की बात कही गई है। इसमें भाजपा को अकेले 305 सीटें मिलने की बात कही गई है। वहीं कांग्रेस को अकेले 64 सीटें मिलने का अनुमान है। इंडिया न्यूज-डी डायनमिक्स ने राजग को 371, इंडी गठबंधन को 125 तथा अन्य को 47 सीटें दी हैं जबकि जन की बात के सर्वेक्षण में राजग को 362 से 392, इंडी गठबंधन को 141 से 161 तथा अन्य को 10 से 20 सीटें दी हैं। रिपब्लिक भारत मैट्रिज़ ने राजग को 353 से 368, इंडी गठबंधन को 118 से 133, अन्य को 43 से 48 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया है।

### अवसरवादी इंडी गठबंधन मतदाताओं के दिलों को छूने में विफल रहा : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को विश्वास जताया कि लोगों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को फिर से चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। उन्होंने कहा कि अवसरवादी इंडी गठबंधन मतदाताओं के दिलों को छूने में विफल रहा है। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए मतदान समाप्त होने के बाद मोदी ने कहा कि लोगों ने उनकी सरकार का 'ट्रैक रिकॉर्ड' देखा है। कहा कि उनकी सरकार के कामकाज से गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों के जीवन में गुणात्मक बदलाव आया है।

### इंडिया गठबंधन का लोकसभा चुनावों में 295 से ज्यादा सीट जीतने का दावा



**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के नेताओं ने शनिवार को यहां अनौपचारिक बैठक कर लोकसभा चुनाव की मतगणना से जुड़ी तैयारियों एवं रणनीति पर चर्चा की तथा दावा किया कि इस चुनाव में गठबंधन को 295 से अधिक सीट मिलेंगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई इस बैठक में यह फैसला भी किया गया कि विपक्षी गठबंधन के घटक दल एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) से जुड़ी टेलीविजन चैनलों की चर्चाओं में भाग लेंगे।

## मई में 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा जीएसटी संग्रह

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह चालू वित्त वर्ष के दूसरे महीने मई में 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने में संग्रहित 157090 करोड़ रुपये की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीने अप्रैल-मई में कुल जीएसटी राजस्व संग्रह 3.83 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में संग्रहित राजस्व की तुलना में 11.3 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2024 में पहली बार जीएसटी संग्रह रिकार्ड दो लाख करोड़ को पार करते हुए 210267 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो अप्रैल 2023 के 187035 करोड़ रुपये की तुलना में 12.4 प्रतिशत अधिक था। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को मासिक जीएसटी संग्रह के आंकड़े जारी किए जिसके अनुसार रिफंड के बाद अप्रैल 2024 में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 1.44 लाख करोड़ रुपये रहा है जो मई 2023 के शुद्ध संग्रह से 6.9 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी के आंकड़ों के अनुसार मई 2024 में कुल जीएसटी संग्रह 172739 करोड़ रुपये रहा है।

## अफसर के खाने में हड्डी निकली, होटल सील

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)



हवेली होटल में मौजूद उत्तराखंड के सीनियर पीसीएस अधिकारी श्रीश कुमार।

- दिल्ली जा रहे थे ओडिशा के कांउटिंग आर्ब्जवर श्रीश कुमार

**अमृत विचार** : गजरौला में हाईवे पर हवेली होटल में खाना खा रहे ओडिशा में मतगणना ऑब्जर्वर उत्तराखंड के वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी के खाने में मुर्गे की हड्डी निकल आई। इस पर उन्होंने कॉल करके स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी दी। इस पर खाद्य विभाग की टीम पहुंची। जिलाधिकारी के आदेश पर एसडीएम ने होटल को सील करा दिया है।

पूर्व सांसद हरीश नागपाल का गजरौला में नेशनल हाईवे पर हवेली होटल है। पंकज भारद्वाज समेत तीन लोग होटल का संचालन करते हैं। शनिवार दोपहर राजस्व पुलिस एवं भूलेख सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान उत्तराखंड के डायरेक्टर सीनियर पीसीएस अफसर श्रीश कुमार अल्मोड़ा से दिल्ली जाते समय होटल में खाना खाने के लिए रुके। उनके साथ बेटा भी था। उन्होंने कढ़ाई पनीर का आर्डर दिया। खाना सर्व होने के बाद दोनों ने खाना शुरू किया। तभी पनीर में मुर्गे की हड्डी निकल आई। उनकी सूचना के बाद अमरोहा से खाद्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। एसडीएम चंद्रकांता व प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन भी पहुंचे। खाद्य विभाग की टीम ने हड्डी समेत खाने के नमूने लिए। इसके बाद एसडीएम ने होटल को सील करा दिया। होटल के प्रबंधक पंकज भारद्वाज ने बताया कि शुक्रवार रात होटल के कर्मचारियों ने पार्टी करने के लिए चिकन बनाया था। गलती से हड्डी खाने में आ गई।

> राजस्व पुलिस एवं भूलेख सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान उत्तराखंड के डायरेक्टर श्रीश कुमार बेटे के साथ अल्मोड़ा से दिल्ली जा रहे थे। इस बीच वह गजरौला में हवेली होटल में खाना खाने के लिए रुके थे। वहीं उनके खाने में हड्डी निकल आई। होटल को सील कर दिया गया है।
> – **चंद्रकांता**, एसडीएम, मंडी धनौरा

## एक नजर

### भवानी रेवन्ना से पूछताछ नहीं कर सकी एसआईटी

**हासन।** कर्नाटक पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शनिवार को कहा कि वह प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी से महिला के अपहरण मामले में पूछताछ नहीं कर सका क्योंकि वह जिले के होलेनरसीपुरा स्थित आवास पर नहीं थीं। एसआईटी ने गुरुवार को भवानी को नोटिस जारी कर उन्हें 1 जून को सुबह 10 से शाम पांच बजे तक अपने घर पर मौजूद रहने को कहा था क्योंकि प्रज्वल के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों से जुड़े मामले में उनसे पूछताछ की जानी है। आज जब एसआईटी भवानी के आवास चेन्नम्बिका निलय पहुंची तो वह वहां नहीं थीं। एसआईटी अब उनकी तलाश के लिए टीम गठित करने पर विचार कर रही है।

### विमान को बम से उड़ाने की धमकी, इमरजेंसी लैंडिंग


**मुंबई।** विमानन कंपनी इंडिगो की चेन्नई से मुंबई आ रही एक उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद शनिवार को यहां पूर्ण आपात स्थिति में उतारा गया। इस उड़ान में 172 यात्री थे। विमान सुबह करीब 8 .45 बजे उतरा और यात्रियों को सीढ़ी का इस्तेमाल करके विमान से उतारा गया। इंडिगो के विमान में बम की धमकी मिलने की पिछले एक सप्ताह में यह दूसरी घटना है। इससे पहले 28 मई को दिल्ली से वाराणसी जा रही इंडिगो की एक उड़ान में बम होने की धमकी मिली थी। चेन्नई से मुंबई आ रही उड़ान संख्या 6ई5314 में कथित रूप से बम की धमकी की पुष्टि करते हुए इंडिगो ने कहा कि यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया है।

### छत्तीसगढ़ में हार्डकोर समेत तीन नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की पुलिस ने शनिवार को केरलापाल थाना क्षेत्र में हार्डकोर सहित तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया। सभी गिरफ्तार नक्सली सुकमा चिंतलनार थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिमेल के निवासी है।

## सलमान खान को मारने की साजिश में 4 शूटर गिरफ्तार

मुंबई, एजेंसी



- अभिनेता पर एके-47 राइफलों से हमला करने की थी योजना
- गिरफ्तार किए गए सभी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य

नवी मुंबई पुलिस ने शनिवार को दावा किया कि उसने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की हत्या की साजिश रचने के आरोप में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह ने महाराष्ट्र के पनवेल में इस साल की शुरुआत में सलमान के फार्महाउस के समीप उनकी कार रोककर उन पर एके-47 राइफलों से गोलीबारी कर हत्या की साजिश रची थी। आरोपियों की पहचान धनंजय तपसिंह उर्फ अजय कश्यप, गौरव भाटिया उर्फ नाहवी, वस्पी खान उर्फ वसीम चिकना और रिजवान खान उर्फ जावेद खान के रूप में की गई है। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। पुलिस उपायुक्त विवेक पनसारे ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों को एके-47 राइफलों व अन्य हथियारों से हमला करने के निर्देश दिए गए थे।

## केजरीवाल को आज जाना होगा जेल



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर शनिवार को आदेश पांच जून के लिए सुरक्षित रख लिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि यह आवेदन चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत के लिए था न कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम जमानत की अवधि के विस्तार के लिए। मुख्यमंत्री को उच्चतम न्यायालय ने एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी थी । उन्हें रविवार 2 जून को आत्मसमर्पण करना है।

## भाजयुमो नेता ने पिता को चाकू से गोदा

संवाददाता, रुद्रपुर

- भाजयुमो उत्तरी मंडल उपाध्यक्ष है हत्यारोपी दीपक राठौर
- हत्या के बाद थाना ट्रांजिट कैंप में हत्यारोपी ने किया आत्मसमर्पण



**अमृत विचार** : थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में भाजयुमो नेता ने चाकू से गोदकर अपने पिता को मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी पुत्र ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। उधर, मृतक के भांजे ने मामले में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में तोताराम राठौर (50) अपने बड़े बेटे दीपक राठौर और सुमित राठौर के साथ रहते थे। बड़ा बेटा दीपक भाजयुमो उत्तरी मंडल का उपाध्यक्ष है। बताया जा रहा है कि तोताराम का बड़े बेटे दीपक के साथ कुछ समय से मकान बेचने को लेकर विवाद चल रहा था। पिता को डर था कि दीपक मकान बेचकर रकम को खुर्दबुर्द कर देगा। इसलिए तोताराम पैसे छोटे बेटे को देना चाहता था।

शुक्रवार की रात साढ़े दस बजे इसी बात को लेकर तोताराम व दीपक में झगड़ा हुआ। उस समय तो परिजनों ने दोनों में बीच-बचाव करा दिया। लेकिन, सुबह चार बजे दीपक ने सो रहे पिता पर ताबड़तोड़ चाकू से प्रहार कर उनकी निर्मम हत्या कर दी। इस वारदात के बाद हत्यारोपी खुद ही थाना ट्रांजिट कैंप पहुंचा और पुलिस को घटना के बारे में बताया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सदर निहारिका तोमर, थानाध्यक्ष भारत सिंह घटनास्थल पहुंचे। वहां तोताराम का शव जमीन पर खून से लथपथ पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने के बाद फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का मुआयना किया। मृतक के भांजे जेपीनगर, जनपथ फुलसुंगा निवासी गौरी शंकर राठौर ने दीपक राठौर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## वाणिज्यिक एलपीजी के दाम 69 रुपये घटे

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) के दाम में शनिवार को 6.5 प्रतिशत की कटौती की गई, वहीं 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर पर 69 रुपये की कमी की गई है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्यों में गिरावट के मद्देनजर ऐसा किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के अनुसार 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 69 रुपये घटाकर 1,676 रुपये कर दी गई है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में एक मई को 19 रुपये तथा एक अप्रैल को 30.5 रुपये की कटौती की गई थी।

### अपमान का बदला लेने को प्रेमी ने दो दोस्तों के साथ दिया घटना को अंजाम

## कार में युवती से सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, संत कबीरनगर

### तीनों आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार भी आरोपियों से किया बरामद

**अमृत विचार** : कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र में एक युवती के साथ चलती गाड़ी में तीन युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने की घटना सामने आई है। युवकों के चंगुल से जैसे-तैसे आजाद होने के बाद रोते बिलखते युवती कोतवाली पहुंची और तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त अर्टिगा गाड़ी भी बरामद कर ली है।

कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम बलुअरा जंगल ऊन निवासी शिवकुमार मौर्य उर्फ शिवा पुत्र दयाराम का इसी क्षेत्र के एक गांव की युवती से प्रेम प्रसंग था। शिवकुमार की किसी बात से नाराज युवती ने उसे भला-बुरा कहते हुए उससे सारे संबंध तोड़ लिए थे। शिवकुमार ने युवती से सुलह समझौते करने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हुआ। इससे आहत शिवकुमार ने एक बेहद घिनौनी साजिश रची और उसमें अपने दोस्तों गोरखपुर जिले के सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम भीटी रावत निवासी राहुल मौर्य पुत्र मुनीब मौर्य और कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम खटौली निवासी प्रशांत गुप्ता पुत्र राम आशीष को भी शामिल कर लिया। शिवकुमार ने बहाने से अपनी प्रेमिका को खलीलाबाद बुलाया और अर्टिगा गाड़ी पर बैठाकर गोरखपुर ले गया। गाड़ी में उसके दोनों दोस्त भी मौजूद थे। तीनों ने चलती गाड़ी में बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में सभी युवती को खलीलाबाद स्थित मेंहदावल बाईपास पर छोड़कर फरार हो गए।

## गर्मी से राहत की उम्मीद, 15–22 जून के बीच बारिश संभव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मानसून जल्द देगा दस्तक फसलों को भी होगा फायदा

**अमृत विचार** : जानलेवा गर्मी व हीट वेव से परेशान लोगों को जल्द ही राहत मिल सकती है। आगामी 24 घंटे में प्रदेश में मौसम परिवर्तन की संभावना है। राज्य के कई जिलों में हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है। मानसून के इसी माह के तीसरे सप्ताह में दस्तक देने की संभावना है।

मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में 15 से 22 जून के बीच मानसून की बारिश शुरु हो सकती है जो सितंबर माह तक जारी रहेगी। मौसम विभाग ने पूरे राज्य में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना जताई है। अच्छी बारिश से गर्मी से राहत मिलने के साथ फसलों को भी काफी फायदा मिलेगा और किसानों की चिंता कम होगी।

लखनऊ मौसम विभाग के अनुसार मानसून आने से पहले फिलहाल अगले तीन दिनों में भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उप्र. में अलग-अलग स्थानों पर बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इस दौरान सहारनपुर, मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, गाजीपुर, सीतापुर, लखनऊ, हरदोई, बहराइच, उन्नाव, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, इटावा, एटा, महामायानगर, मैनपुरी, फर्रुखाबाद समेत राज्य के कई जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में 2 से लेकर 4 जून तक तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

### मानसून से पहले कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना

### टूटा रिकॉर्ड, उप्र में 29,727 मेगावाट बिजली की मांग

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के कारण प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग का रिकॉर्ड फिर टूट गया। शनिवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 29,727 मेगावाट पर पहुंच गई। बिजली अभियंताओं के मुताबिक बिजली मांग के 30 हजार मेगावाट पर पहुंचने की संभावना है। पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार पिछले साल प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट पर पहुंची थी। इस बार 18 मई को बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट पर पहुंच गई। 24 मई को अधिकतम मांग 29,197 मेगावाट थी। 25 मई को 29,215 मेगावाट, 26 मई को 29,084 मेगावाट, 27 मई को 29,261 मेगावाट, 28 मई को 29,282 मेगावाट व 29 मई को 29,077 मेगावाट व इसके बाद 29,129 मेगावाट दर्ज हुई थी। जल्द ही 30 हजार मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग पहुंचने की संभावना है।

### अब ओबरा की एक उत्पादन इकाई ठप

एनटीपीसी की ऊंचाहार स्थित 500 मेगावाट क्षमता की इकाई व सिंगरौली की 500 मेगावाट इकाई के बंद होने के बाद शनिवार को ओबरा की 200 मेगावाट क्षमता की इकाई ठप हो गई। इसे प्रदेश में बिजली उत्पादन घट गया। पावर कारपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि बंद हुई इकाइयों को शीघ्र चालू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## एक नजर

### बिजली विभाग की पेंशन अदालत 8 को

अमृत विचार, लखनऊः बिजली विभाग के सेवानिवृत्त कर्मियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए पेंशन अदालत 8 जून को आयोजित होगी। हर तीन माह में आयोजित होने वाली पेंशन अदालत उप्र.पावर कारपोरेशन (यूपीपीसीएल) मुख्यालय शक्ति भवन समेत प्रदेश के सभी डिस्कॉम मुख्यालयों पर संपन्न होगी। यूपीपीसीएल के निदेशक कार्मिक कमलेश बहादुर सिंह ने बताया है कि त्रैमासिक पेंशन अदालत में पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराया जाता है। इसी क्रम में आयोजित होने वाली पेंशन अदालत में किसी भी सेवानिवृत्त कर्मियों की पेंशन से संबंधित कोई समस्या है तो इन अदालतों में आकर निस्तारित करा सकता है।

# खाते में भेजे जा सकते हैं गृहस्थी के रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रति जोड़े पर 51 हजार रुपये किए जाते हैं खर्च

अमृत विचारः मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कन्या को गृहस्थी के लिए दिए जाने वाले 10 हजार रुपये भी सीधे खाते में भेजे जा सकते हैं। हालांकि इसका निर्णय शासन स्तर पर होना है। जून या जुलाई में होने वाली कैबिनेट बैठक में इसका प्रस्ताव पारित हो सकता है।

बता दें कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रदेश के कुछ जिलों से गड़बड़ियों की बात सामने आई थीं। बलिया में विवाह कर चुके व्यक्ति को भी लाभार्थी दिखाया गया था। साथ ही एक कन्या को बिना विवाह के ही योजना में शामिल किया गया था। मामले का खुलासा होने पर एक अधिकारी को निलंबित किया गया था। जबकि आठ अपात्र लाभार्थियों समेत नौ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। योजना में फर्जीवाड़े की शिकायतें आने के बाद ही तय किया गया कि वर और वधु-पक्ष के पास-पड़ोस के पांच-पांच लोगों से गवाही कराई जाएगी। पड़ोस के लोग प्रमाणित करेंगे कि वर या वधु का विवाह नहीं हुआ है। गवाही देने वालों के नाम, पता और मोबाइल नंबर भी दर्ज किया जाएगा। गवाही होने के बाद ही आवेदनकर्ता के आवेदन पर आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### दिया जाता है गृहस्थी का सामान

एक जोड़े के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। इसमें 35 हजार रुपये कन्या के खाते में जमा होते हैं जबकि 10 हजार रुपये में गृहस्थी का सामान दिया जाता है। छह हजार रुपये आयोजन के मद में खर्च किए जाते हैं। सूत्रों की मानें तो अब गृहस्थी के सामान की जगह 10 हजार रुपये की धनराशि भी कन्या के खाते में भेजने पर विचार किया जा रहा है। आचार संहिता खत्म होने के बाद जून या जुलाई में होने वाली कैबिनेट बैठक में अगर इसकी स्वीकृति मिलती है तो लागू किया जाएगा।

# आश्रम पद्धति विद्यालयों में होगी शिक्षकों की नियुक्ति

**94** विद्यालयों में सहायक अध्यापक और प्रवक्ताओं के रिक्त पदों पर होगी भर्ती

**280** प्रवक्ता और 373 सहायक अध्यापकों के पद विद्यालयों में हैं रिक्त

आचार संहिता समाप्त होने के बाद नियुक्ति करने की है तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः समाज कल्याण निदेशालय के अधीन संचालित आश्रम पद्धति विद्यालय में गुरुजनों का अभाव है, इसलिए छात्रों को आशीर्वाद नहीं मिल पा रहा है। आश्रम पद्धति विद्यालय में प्रवक्ता और सहायक अध्यापकों के 653 पद खाली हैं। साथ ही कई जगह प्राचार्य भी नहीं हैं और कार्यवाहक के भरोसे विद्यालय चल रहा है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो सकती है। जिसके बाद गुरु जी छात्रों के




▸▸ विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं हैं अध्यनरत

भविष्य को सवांरने के लिए उनके सवालों को हल करने में मदद करेंगे।

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। विद्यालय में 60 प्रतिशत अनुसूचित जाति/जनजाति, 25 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग और 15 प्रतिशत सामान्य वर्ग के छात्रों को प्रवेश की व्यवस्था है। छात्र-छात्राओं को निशुल्क छात्रावास, पाठ्य पुस्तकें और यूनिफार्म आदि की व्यवस्था सरकार की ओर से की जाती है। 94 विद्यालयों में 40 सीबीएसई और 54 माध्यमिक शिक्षा परिषद से संबंद्ध हैं। 32 हजार छात्र-छात्राओं के लिए प्रवक्ता के 930 और सहायक अध्यापक के 930 पद स्वीकृत हैं और इनके सापेक्ष 650 प्रवक्ता और 557 सहायक अध्यापक कार्यरत हैं। प्रवक्ता के 280 और सहायक अध्यापक के 373 पद खाली पड़े हैं।

> आश्रम पद्धति विद्यालय में प्रवक्ता और सहायक अध्यापकों की कमी है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। प्रयास होगा कि जुलाई तक सभी पदों पर नियुक्ति हो जाए ताकि छात्र-छात्राओं को और बेहतर शिक्षा मिल सके। -**कुमार प्रशांत**, निदेशक, समाज कल्याण

# अंतिम चरण में भी चली सत्तापक्ष-विपक्ष में खींचतान

## वाराणसी समेत कई लोकसभा क्षेत्रों में मतदान व्यवस्था को लेकर चला आरोप-प्रत्यारोप का दौर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कहीं पीठासीन अधिकारी तो कहीं पुलिस कर्मियों पर लगे आरोप

▸▸ वाराणसी से कांग्रेस उम्मीदवार अजय राय ने लगाया नेताओं को नजरबंद करने का आरोप

अमृत विचारः लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान के दौरान भी सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच चुनावी व्यवस्थाओं को लेकर खींचतान चलती रही। शनिवार को उप्र. की 13 सीट के लिए चुनाव संपन्न हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी समेत कई लोस सीट पर मतदान व्यवस्था को लेकर विपक्ष की ओर से आरोपों का दौर चला। भाजपा की तरफ से इन सभी आरोपों का खंडन करते हुए उल्टा कई क्षेत्रों में इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं पर ही अभ्रदता का आरोप लगाया।

मतदान के बीच उप्र. कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष व वाराणसी लोस. सीट से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार अजय राय ने आरोप लगाया कि पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को नजरबंद कर चुनाव प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर अजय राय ने लिखा, वाराणसी लोस. में प्रशासन द्वारा इंडी गठबंधन के नेताओं, कार्यकर्ताओं को घर पर नज़रबंद करके मतदान को प्रभवित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने लिखा, चुनाव आयोग कृपया यह संज्ञान ले कि हमारे गठबंधन के लोगों को चिन्हित करके ऐसा क्यों किया जा रहा है?

वहीं, देवरिया में सपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि वहां की तमकुही राज विधानसभा में बूथ संख्या 86 पर थाना अध्यक्ष द्वारा सपा बूथ एजेंट को बाहर कर दिया गया है। साथ ही फर्जी मतदान की आशंका है। वहीं सपा की एक एक्स पोस्ट सामने आयी जिसमें आरोप लगाया है कि मिर्जापुर लोकसभा के छानबे विधानसभा में बूथ संख्या 381 पर पीठासीन अधिकारी द्वारा भाजपा के पक्ष में स्वयं ही मतदान किया जा रहा है।

यह भी आरोप लगाया गया कि मिर्जापुर सीट के छानबे विधानसभा में बूथ संख्या 77, 78, 79 पर चौकी इंचार्ज द्वारा भाजपा नेताओं के साथ मिलकर सपा के सेक्टर इंचार्ज और कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता की गई है।

### सपा प्रमुख ने भी की शिकायत

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए दावा किया कि भाजपा की पराजय की पटकथा लिखने के साथ ही मतदाताओं ने सत्ता में आने का मार्ग सपा और इंडी गठबंधन के लिए प्रशस्त कर दिया। सपा प्रमुख ने शनिवार को जारी एक संदेश में कहा कि अंतिम चरण के चुनाव में सत्ता के बल पर मतदाताओं को डराने धमकाने, मतदान में बाधा डालने के साथ पोलिंग एजेंट को धमकाने या भगा देने की तमाम शिकायतें भाजपा के खिलाफ दर्ज हुई हैं। उन्होंने सवाल किया कि मिर्जापुर छानवे विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 430, 431 पर प्रशासन ने सीसीटीवी क्यों बंद करा दिया? धीमी गति से मतदान के खिलाफ आवाज उठाने पर पडरौना में पूर्व प्रधान को गिरफ्तार करा दिया गया। बलिया में भी खराब ईवीएम में मतदान कराया गया।




पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। अमृत विचार

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पलटवार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने इंडी गठबंधन की दिल्ली में हुई बैठक पर प्रतिक्रिया दी कि वहां हार का ठीकरा फोड़ने के लिए ईवीएम, सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग और चुनाव आयोग की भूमिका को घेरने के लिए चर्चा हुई है। शनिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के नेताओं में साहस की कमी रही, इस कारण राहुल गांधी और अखिलेश यादव सभी 80 लोकसभा सीटों पर जाने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाये। उन्होंने कहा कि चुनाव में जिस तरह से विपक्षी गठबंधन ने बंटवारे की राजनीति की, निम्न स्तर पर उतर कर भाषाई मर्यादायें लांघीं, उसका जवाब जनता ने भाजपा के समर्थन में मतदान करके दिया।

# मतगणना की तैयारी शुरू

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ




चुनाव संबंधी जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा। अमृत विचार

▸▸ आयोग की ओर से 13 सामान्य, आठ पुलिस प्रेक्षक व 14 व्यय प्रेक्षक थे तैनात

▸▸ 1,861 सेक्टर, 243 जोनल 130 स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी कर रहे थे निगरानी

अमृत विचारः प्रदेश में सातवें व अंतिम चरण के मतदान के बाद मतगणना की तैयारी शुरू हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को स्वतंत्र व निष्पक्ष मतगणना कराने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 4 जून से मतगणना कार्य शुरू होगा। इसके बाद चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारियों को सभी प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों को आवश्यक जानकारी देते हुए निष्पक्ष ढंग से मतगणना कराने को कहा गया है।

**19,767 मतदाताओं ने किया पोस्टल बैलेट से मतदानः** सातवें चरण में 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता, दिव्यांग, अनिवार्य सेवायें व मतदान कार्मिकों में 19,767 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। इसके अलावा कुल 73,117 सेवा मतदाताओं को भी रिटर्निंग अधिकारी की ओर से इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से पोस्टल बैलेट की व्यवस्था की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से 13 सामान्य प्रेक्षक, आठ पुलिस प्रेक्षक व 14 व्यय प्रेक्षक तैनात किये गये। इसके अलावा 1861 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 243 जोनल मजिस्ट्रेट, 130 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 2550 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये।

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से राज्य स्तर पर एक वरिष्ठ सामान्य प्रेक्षक, एक वरिष्ठ पुलिस प्रेक्षक व एक वरिष्ठ व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये। चुनाव में सभी 25,658 मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) के लिए मतदान के लिए आवश्यक ईवीएम व वीवीपैट और अलग-अलग जिलों में में पर्याप्त संख्या में रिजर्व ईवीएम व वीवीपैट की व्यवस्था की गई।

# लखनऊ जोन से समाप्त हुए अंतर्राज्यीय अपराधी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एससीआरबी के रिकॉर्ड में अंतर्राज्यीय माफिया का कॉलम हुआ खाली

▸▸ नए गिरोहों को पंजीकृत कर कार्रवाई कर रही पुलिस

अमृत विचारः लखनऊ जोन से अब अंतर्राज्यीय अपराधियों का खात्मा हो चुका है। इस वर्ष अंतर्राज्यीय अपराधी के तौर पर किसी पर कार्रवाई नहीं की गई। अंतर्राज्यीय अपराधी का निर्धारण करने वाले स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) का कॉलम खाली है। वहीं अगर जिलास्तरीय अपराधियों की बात की जाए तो पूरे जोन में यह संख्या 1,654 हैं, जबकि अंतर्जनपदीय अपराधियों की संख्या 25 और अंतर्परिक्षेत्रीय अपराधियों की संख्या 58 है।

यह पहली बार है कि जोन में एक भी अंतर्राज्यीय अपराधी बचा है। पुलिस विभाग इसे अपनी बड़ी सफलता मानते हुए अब अंतर्परिक्षेत्रीय श्रेणी के अपराधियों के समापन पर जुटा है। विभाग ने पूरे जोन से इस श्रेणी के 58 अपराधियों पर कार्रवाई करने पर जुटा है। इन अपराधियों का पूरा ब्योरा पुलिस के पास मौजूद है। लगभग सभी जेल में बंद हैं।

इनके खिलाफ इनकी संपत्तियों के जब्तीकरण और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई भी चल रही है। अंतर्परिक्षेत्रीय अपराधियों की सर्वाधिक संख्या बाराबंकी में है। यहां पर इस श्रेणी के 26 अपराधी हैं जबकि रायबरेली में 22 अपराधी सक्रिय थे। अंबेडकरनगर और सुल्तानपुर में इस श्रेणी के एक भी अपराधी सक्रिय नहीं है।

### सीतापुर, रायबरेली से दो-दो, खीरी से एक गिरोह पंजीकृत

एक तरफ जहां पुलिस अपराधियों के उन्मूलन में जुटी है, वहीं नए-नए गिरोहों का भी पता लगाकर उसका पंजीकरण भी कर रही है, ताकि कार्रवाई की जा सके। इस वर्ष पुलिस ने पांच नए गिरोह को पंजीकृत किया है। पहला गिरोह लखीमपुर खीरी जनपद में पंजीकृत हुआ है। इसका सरगना जाबिर अंसारी पुत्र सुल्तान अंसारी है। इस गिरोह में सात सदस्य हैं। वहीं दूसरा गिरोह रायबरेली के थाना शिवगढ़ से जुड़ा है। इसका सरगना विजय सिंह है और बड़े पैमाने पर अवैध शस्त्र निर्माण का कार्य करता है। तीसरा गिरोह भी रायबरेली से ही पंजीकृत हुआ है। यहां के सलोन थाना क्षेत्र में वांछित मनोज कुमार सरोज उर्फ नान का गिरोह चौरी और नकबजनी में सक्रिय है। जबकि, सीतापुर से दो गिरोह पंजीकृत हुए हैं। इस में एक नितिन उर्फ पहाड़ी का गिरोह है जो मोबाइल और अन्य उपकरणों की चोरी को लेकर सक्रिय है और दूसरा संतोष कुमार पाठक का गिरोह है जो की ऑनलाइन फ्राड आदि के लिए सक्रिय है।

## मथुरा में मुठभेड़, 50 हजार का इनामी ढेर

अमृत विचार, लखनऊः मथुरा में शनिवार की सुबह एक मुठभेड़ के दौरान 50 हजार का इनामी अपराधी ढेर हो गया।

पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक शनिवार की सुबह थाना शेरगढ़ व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम द्वारा सूचना के आधार पर मनोज उर्फ उत्तम को गिरफ्तार करने के लिए घेराबंदी की गई थी। इस दौरान मनोज ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। बचाव में पुलिस ने भी गोलियां चलाई, जिसमें मनोज घायल हो गया। घायल मनोज को अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सरकारी वकीलों के बीमा पर विचार करे सरकार

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार को दी सलाह

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार को सलाह दी है कि वह सरकारी वकीलों के लिए बीमा योजना बनाने पर विचार करे। इसके पहले न्यायालय ने पूछा था कि सरकार के पास हाईकोर्ट के सरकारी वकीलों के लिए क्या ऐसी कोई योजना है जिससे दुर्घटना आदि की स्थिति में उनकी आर्थिक मदद की जा सके।

इसके जवाब में न्यायालय को बताया गया कि फिलहाल ऐसी कोई योजना नहीं है। न्यायालय ने इसे गंभीर मुद्दा मानते हुए, राज्य सरकार को चार सप्ताह में जवाबी हलफ़नामा दाखिल करने का आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन राय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अधिवक्ता एचपी गुप्ता की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका में हाईकोर्ट में बतौर स्टैंडिंग काउंसिल तैनात नीरज चौरसिया के साथ हुई दुर्घटना के बाद इलाज में उनके परिवार के समक्ष आ रही आर्थिक समस्या का मुद्दा उठाया गया है। सुनवाई के दौरान अपर महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी ने न्यायालय को बताया कि नीरज चौरसिया के इलाज में सहायता के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से मदद के लिए अनुरोध किया गया है जिसके लिए एक औपचारिक प्रार्थना पत्र दिए जाने की आवश्यकता है। इस पर याची की ओर से कहा गया कि वह अपर महाधिवक्ता को परिवार से प्रार्थना पत्र दिला देंगे। वहीं अवध बार के अध्यक्ष आरडी शाही ने न्यायालय को बताया कि बार की कार्यकारी समिति की बैठक में अधिवक्ताओं के ग्रुप इंश्योरेंस पर चर्चा की जाएगी।

# सरकारी अधिवक्ताओं की नियुक्ति का आधार बताएं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ राज्य सरकार से मांगा नया हलफनामा

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार से पूछा है कि वह किस आधार पर यह तय करती है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट और इसकी लखनऊ खंडपीठ में कितने सरकारी अधिवक्ताओं की नियुक्ति करनी है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन राय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने महेंद्र सिंह पवार व अन्य की ओर से अलग-अलग दाखिल जनहित याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान पारित किया। सुनवाई के दौरान सरकार ने कोर्ट में हलफनामा पेश कर बताया कि मुकदमों की बढ़ती संख्या के अनुरूप सरकारी वकीलों की नियुक्ति की जाती है। हालांकि न्यायालय हलफनामे से संतुष्ट नहीं है और सरकार से नया हलफनामा मांगा है। मामले की अगली सुनवाई जुलाई माह के दूसरे सप्ताह में होगी। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्रा ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सरकार का पक्ष रखा।

# सीबीआई जांच में दोषी पाए गए पूर्व मुख्य प्रबंधक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सीबीआई ने मई 2023 में बैंक अधिकारी के ठिकानों पर की थी छापेमारी

अमृत विचारः बैंक ऑफ बड़ौदा ललितपुर के पूर्व मुख्य प्रबंधक सीबीआई जांच में आय से अधिक संपत्ति के दोषी पाए गए हैं।

सूत्रों के मुताबकि जांच के दौरान आरोपी मुख्य प्रबंधक द्वारा गलत तरीके से अर्जित की गई 74 लाख की संपत्ति सामने आई है। सीबीआई ने आरोपी बैंक अधिकारी भास्कर द्विवेदी की नवंबर 2017 से मई 2023 के बीच हुई आय- व्यय की जांच की है। पता चला कि इस अवधि में 1.10 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जुटाई गई, जबकि निर्धारित अवधि में 58.22 लाख रुपये की आय के बदले 21.62 लाख रुपये का खर्च दिखाया गया। सूत्रों के अनुसार सीबीआई ने मई 2023 में बैंक अधिकारी के ठिकानों पर छापेमारी की थी। तब उसके घर से लगभग 14.60 लाख रुपये नकद बरामद हुए थे, जबकि दो लाकर से भी 32 लाख रुपये मिले थे।

# भीषण गर्मी में राहत कार्य की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

▸▸ योगी ने भीषण गर्मी और हीट वेव को लेकर अधिकारियों को दिये निर्देश

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीषण गर्मी और हीटवेव से हो रही जनहानि व पशुहानि की विशेष मॉनीटरिंग करने के साथ हर हफ्ते रिपोर्ट तैयार कर मुख्यमंत्री कार्यकाल में जमा करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। मुख्यमंत्री का मूड भांपकर अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। मौसम की मार से हो रहे नुकसान और राहत कार्यों की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हीट वेव को लेकर लोकभवन में शनिवार को उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश दिये कि संवेदनशील जिलों पर विशेष निगरानी रखी जाए और 24 घंटे में पीड़ितों को मुआवजा दिलाने का प्रबंध किया जाए। योगी ने अधिकारियों से कहा कि भीषण गर्मी को लेकर राहत कार्यो में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा है कि हीट वेव से लोगो को बचाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर तक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे की कहीं पर भी जनहानि न होने पाए।

### संवेदनशील शहरों में विशेष निगरानी

राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि मौसम को देखते हुए हर जिले में लगातार काम किया जा रहा है। तहसील स्तर पर प्रदेशवासियों को हीट वेव से अलर्ट करने के लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके अलावा विभाग की ओर से अति संवदेनशील शहरों में विशेष निगरानी की जा रही है। इन शहरों में जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम फील्ड में लगातार मुआयना कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य की भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए 21 तरह की जनहानियों को प्राकृतिक आपदा में शामिल किया गया। वहीं इसके 24 घंटे में भुगतान के लिये सभी जिलों को एडवांस धनराशि जारी कर दी जाती है ताकि इस तरह की स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। इसके अलावा हीटवेव से संबंधित कोई भी संकेत नजर आने पर विभाग की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने की अपील की जा रही है ताकि उनका समुचित इलाज कराया जा सके। साथ ही हीटवेव पर जनहानि पर 4 लाख का मुआवजा देने का प्रावधान है।

राहत | केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक रिपोर्ट में दावा

# गंगाजल की गुणवत्ता सुधरी, डॉल्फिन की आबादी बढ़ी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः नमामि गंगे का दूसरा चरण पूरा होने पर गंगा में प्रदूषण का स्तर तो कम होगा ही जलधारा भी निर्मल होगी। यही नहीं सीवरेज क्षमता में भी 3,108 एमएलडी तक की अभूतपूर्व वृद्धि होगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा गंगा नदी में प्रदूषण पर केंद्रित एक रिपोर्ट जल की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार का दावा करती है। ऐसे में गंगा नदी में डॉल्फिन, ऊदबिलाव और कछुओं की आबादी भी बढ़ी है।

सीपीसीबी की रिपोर्ट की मानें तो बॉयोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) की मात्रा मानक के अनुसार पायी गई। इससे स्पष्ट होता है कि नदी के पारिस्थितिकी तंत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) का स्तर भी निर्धारित मानकों के भीतर है।



▸▸ बॉयोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड की मात्रा मानक के अनुरुप पायी गई

▸▸ गंगा में ऊदबिलाव और कछुओं की संख्या में भी हुई बढ़ोतरी

दरअसल, नमामि गंगे योजना 2014 में शुरू हुई थी। इसके तहत गंगा समेत इसकी सहायक नदियों में प्रदूषण कम करने और सीवरेज क्षमता बढ़ाने पर खासा ध्यान दिया गया। इसी को लेकर अब आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर और सेंटर फॉर गंगा रिवर बेसिन मैनेजमेंट एंड स्टडीज (सी-गंगा) के संस्थापक डॉ. विनोद तारे ने बताया कि कार्यक्रम के तहत सीवेज उपचार के लिए अपनाई गई सभी तकनीकें निर्धारित मानकों के अनुसार फेकल कोलीफॉर्म का उपचार करने में सक्षम हैं।

डॉ. विनोद तारे ने बताया कि अभियान के परिणामस्वरूप गंगा बेसिन के भीतर जलीय जीवन में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा बेहतर जल गुणवत्ता और सीवरेज बुनियादी ढांचे में सुधार ने नदी में जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली में अभूतपूर्व योगदान दिया है। जो कि बहुत लाभकारी है।

## पीजीआई के एक और डॉक्टर ने छोड़ी नौकरी

अमृत विचार, लखनऊ : एसजीपीजीआई के एक और डॉक्टर ने नौकरी से इस्तीफा देकर कारपोरेट अस्पताल के साथ जुड़ गए हैं।

पीजीआई नेफ्रोलॉजी विभाग के डॉ. डीएस भदौरिया ने करीब दो माह पहले संस्थान प्रशासन को नौकरी छोड़ने का नोटिस दिया था। मंजूरी के बाद डॉ. भदौरिया ने निजी अस्पताल में ज्वाइन कर लिया है। इससे पहले गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. यूसी घोषाल और उनकी पत्नी माइक्रोबायोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ. उज्जवला घोषाल, इंडोक्राइन सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. अमित अग्रवाल और हेमेटोलॉजी विभाग के डॉ. अंशुल गुप्ता भी पीजीआई को छोड़कर लखनऊ के कारपोरेट अस्पताल में ज्वाइन कर चुके हैं।

# हीट वेव के चलते समरकैंप का नहीं होगा आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः मौजूदा समय में जानलेवा हीट वेव को देखते हुए कक्षा एक से 12 तक सभी स्कूलों में समर कैंप के आयोजन का निर्णय अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों और जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश जारी कर दिया है। शिक्षा महानिदेशक ने बताया कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गतिविधियों का संचालन और समर कैंप के आयोजन के निर्देश थे जिसके क्रम में सभी विद्यालयों में भी 5 जून से 12 जून तक समर कैंप के आयोजन का आदेश दिया गया था, लेकिन अब अत्यधिक गर्मी के कारण समर कैम्प का आयोजन अग्रिम आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

### आगे लिया जायेगा निर्णय

अधिकारियों ने बताया कि अभी हीटवेव के चलते आदेश स्थगित किया गया है। अगले एक दो सप्ताह में जैसे ही स्थिति सामान्य होगी तब फिर से समर कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए जायेंगे। अधिकारियों ने बताया न्यू एजुकेशन पॉलिसी के क्रम में इस तरह के आयोजन हर साल आयोजित किए जायेंगे।

## ईवीएम पर ठीकरा फोड़ेगा इंडी गठबंधन

अमृत विचार, लखनऊः अंतिम चरण के मतदान बाद एग्जिट पोल के रुझान में एनडीए गठबंधन की जीत के बाद शनिवार शाम को रालोद के व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता हार की ठीकरा ईवीएम पर ही फोड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल के रुझान से इंडी गठबंधन पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है, साथ ही प्रधानमंत्री मोदी पर करने वाली अमर्यादित टिप्पणी को लेकर रोहित अग्रवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर इंडी गठबंधन के नेताओं को बिना नाम लिए नसीहत दी, कहा कि अपने अधिकार को जानना बहुत जरूरी है और अपने अधिकार की हदों को जानना भी उतना ही जरूरी है।

# 16 घंटे गुल रही बिजली, गर्मी से बेहाल रही शहर की आधी आबादी

## रात भर गर्मी से सो नहीं सके लोग, सुबह पानी के लिए भी मचा हाहाकार, बढ़ी परेशानी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** बीते समय से पड़ रही भीषण गर्मी से जहां आमजन परेशान है। वही बिजली विभाग की उदासीनता लोगो का चैन और सुकून छीन रही है। जिले में लगातार तापमान में बढोत्तरी जारी है। फिलहाल लगातार बढ़ रही गर्मी से अभी कोई राहत मिलने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। ऐसे में जहां लोगो का बाहर निकलना दूभर है वही बिजली के गुल होने की समस्या और मुसीबत बनी रहती है। विभाग से लेकर प्रदेश के मुखिया तक बिजली व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश जिम्मेदार अधिकारियों को दे रखा है। लेकिन अधिकारियों की सुस्ती और उदासीनता इस समय आम आदमी के लिए मुसीबत बनकर खड़ी है। आदमी दिन भर परेशानी झेलकर जब घर जाता है फिर भी उसे राहत नही मिल पा रही है। लालगंज उपकेंद्र के बेहटा फीडर के सेमरपहा गांव में रखे ट्रांसफार्मर में आई तकनीकी समस्या के बाद आधे गांव की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

शुक्रवार रात 9 बजे से गुल हुई बिजली शनिवार को दोपहर बाद बन सकी। इस दौरान लगभग 16 घण्टे बिजली आपूर्ति बाधित रही। रात में ही ग्रामीणों ने इसकी जानकारी उपकेंद्र के जिम्मेदार कर्मचारियों को दी, लेकिन लापरवाह जिम्मेदारों ने इस समस्या की ओर जरा भी ध्यान नही दिया और ग्रामीणों को पूरी रात परेशानी में छोड़ दिया। सारी रात बिजली गुल होने के कारण रात भर लोग टहलकर रात गुजारी। वही सुबह पानी को लेकर हाहाकार मचा रहा। 16 घण्टे से बिजली गायब होने के कारण अधिकतर घरों के इन्वर्टर भी बैठ गए थे। शनिवार दोपहर बाद जब बिजली आई तो लोगो को थोड़ा राहत मिल पाई। ग्रामीण बबलू, रहीश, जितेंद्र, मयंक, राहुल आदि ने बताया कि पूरी रात बिजली के न रहने से घरों में लोग सो नही पाए वही ठंडा पानी पीने के लिए भी लोग तरस गए।


धूप से बचाव करतीं युवतियां। अमृत विचार

### अचानक आया चक्कर और युवक की हो गई मौत

**ऊंचाहार, रायबरेली।** क्षेत्र के एक गांव में युवक की हीट स्ट्रोक से मौत की आशंका जताई जा रही है। हालांकि स्वास्थ विभाग ने इसकी पुष्टि नहीं की। बताया जा रहा है कि युवक दुकान पर बैठा था, अचानक उसे चक्कर आया और मौत हो गई। यह घटना शनिवार सुबह करीब 11 बजे की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव माधौपुर कोठी निवासी युवक पवन कुमार पासवान शनिवार की पूर्वाह्न घर से निकलकर गांव के पास स्थित शारदा सहायक नहर के पास एक दुकान पर बैठा था। अचानक उसको चक्कर आया और अचेत हो गया। परिजन उसको लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### नहीं उठाते है अवर अभियंता सीयूजी नंबर

**रायबरेली।** जिले में इन दिनों पड़ रही गर्मी अब जानलेवा बनती जा रही है। बिजली विभाग के इन्तजाम भी नाकाफी है। जिम्मेदार भी अपनी जिम्मेदारी के प्रति लापरवाह है। उनकी लापरवाही का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके सीयूजी नंबर फोन करने के बाद भी उनका फोन नही उठता है। उपकेंद्र पर तैनात अवर अभियंता मुलायम यादव से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन उठाना जरूरी नहीं समझा।

# हैंडपंप खराब होने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन


गांव में हैंडपंप खराब होने से प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

**▸▸ बूंद-बूंद पानी को लेकर ग्रामीण परेशान, जिम्मेदार अंजान**

**अमृत विचार।** शिवगढ़ क्षेत्र के गढ़ी मजरे देहली में रामगुलाम पुत्र स्व. रामदुलारे के घर के सामने लगा इण्डिया मार्का हैण्डपम्प पिछले तीन माह से खराब होने के चलते ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मौन हैं। जिसको लेकर आक्रोशित मोहल्लेवासियों ने प्रदर्शन करते हुए खराब पड़े हैण्डपम्प को बनवाने की मांग की है। प्रदर्शन कर रहे हैं अंकित, अनुज, अजीत, भारती, लीलावती, शिवकुमारी, रामलली ने बताया कि यह इण्डिया मार्का हैण्डपम्प पिछले तीन माह से खराब पड़ा है। जिसे बनवाने के लिए ग्राम प्रधान व सम्बंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, किन्तु नतीजा शून्य रहा। भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे ग्रामीणों की समस्या पर किसी ने ध्यान नही दिया। जिससे नाराज ग्रामीणों ने शनिवार को हैण्डपम्प के पास खड़े होकर प्रदर्शन कर हैंडपम्प को बनवाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा अगर दो दिनों के अन्दर खराब हैण्डपम्प नहीं सही कराया जाता है तो वह इसकी शिकायत जिलाधिकारी से करेंगे।

> गढ़ी में हैंडपंप खराब होने की जानकारी नहीं थी। आपके माध्यम से मामला संज्ञान में आया है। ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश देकर हैंडपंप बनवाया जायेगा।
>
> –साबिर अनवर, खण्ड विकास अधिकारी, शिवगढ़

## सार-संक्षेप

### एफडीडीआई प्रवेश परीक्षा में चार छात्रों ने मारी बाजी

**सूची, रायबरेली, अमृत विचार।** डीह ब्लॉक क्षेत्र के संत इंटर कालेज किसुनपुर डीह के चार छात्र–छात्राओं ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित एफडीडीआई प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। गुरुजनों ने खुशी जताई है। डीह ब्लाक संत इंटर कालेज किसुनपुर डीह के कक्षा 12 के अनुराग पुत्र चंद्रेश निवासी गोविंदपुर, विवेक पुत्र ललित निवासी पूरे मर्दन मजरे खेतौधन, कल्पना और काजल पुत्री फूलचंद निवासी पूरे दुबे मजरे दिलावलपुर ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित एफडीडीआई प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। संत इंटर कॉलेज किसुनपुर डीह के प्रबंधक संजय यादव और प्रधानाचार्य महेश यादव ने बताया कि बच्चों ने जिस तरह मेहनत करके एफडीडीआई प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। वह सराहनीय है। साथ ही छात्रों ने क्षेत्र में नाम रोशन किया है।

### भीषण गर्मी से व्यापारी दुकान में बेहोश, हालत गंभीर

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** प्रचंड गर्मी से परेशान होकर लालगंज का किराना व्यापारी अचेत हो गया। इससे बाजार में हडकंप मच गया। व्यापारियों ने एम्बुलेंस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस और व्यवसाय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लालगंज कस्बे के चिकवाही मंडी मोहल्ले के रहने वाले साधु (50) पुत्र लाल सरेनी में बाजार के दिन किराने की दुकान लगाते हैं। शुक्रवार शाम को करीब पांच बजे भीषण गर्मी से दुकान में अचेत हो गये। एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लखनपुर गांव के रहने वाले गुड्डू साहू ने बताया कि जिला अस्पताल में इलाज के बाद वह स्वस्थ है।

### शटर का ताला तोड़कर 26 हजार की चोरी

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** चोरों ने शुक्रवार की रात को मिठाई की दुकान के शटर का ताला तोड़कर गल्ले से 26 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित की तहरीर के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के लालपुर गांव के रहने वाले आशीष कुमार पुत्र रमाकांत गुप्ता का बेनी माधवगंज बाजार में होटल है। शनिवार की सुबह वह जब होटल पर पहुंचा तो शटर का ताला टूटा देखकर अवाक रह गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे दिया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दिया है।

### पुलिसकर्मियों से अभद्रता का वीडियो वायरल

**रायबरेली, अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के महमूदपुर मजरे सिधौना में दो पक्षों में जमीन विवाद को लेकर मारपीट हो गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर 112 पुलिस पहुंची और मामले को शांत कराने का प्रयास किया लेकिन कुछ लोगों ने पुलिस से ही हाथापाई शुरू कर दी, जिसका पूरा वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव के रहने वाले शिव प्रसाद यादव ने पुलिस तहरीर देकर बताया कि हमारा पूर्वजों की जमीन का विवाद है, जिसको लेकर मौजूदा जिला पंचायत सदस्य अपने पद का गुमान दिखाते हुए कब्जाना चाहते हैं। शनिवार को उस जमीन पर अमावां तृतीय से समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत सदस्य कब्जा कर रहे थे। वहीं, मिल एरिया थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया पुलिस से धक्का–मुक्की बात असत्य है। वीडियो बनाने को मना किया गया था। बाकी तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

### हीट वेव के कारण परिषदीय विद्यालयों का समर कैंप स्थगित

**रायबरेली, अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में पर्यावरण दिवस पर आयोजित होने वाले समर कैंप को स्थगित कर दिया गया है। अत्यधिक गर्मी के कारण जहां लोगों का घरों से निकल पाना मुश्किल हो रहा है। वहीं इस दौरान बच्चों की सेहत पर कोई असर ना पड़े इसके लिए शासन स्तर से नहीं कराने का निर्णय लिया गया है। इस संदर्भ में प्रदेश के सभी बीएसए को पत्र भेज दिया गया है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से सभी परिषदीय विद्यालयों में समरकैंप का आयोजन कराने के निर्देश दिए गए थे। इसको लेकर विभागीय स्तर पर आयोजन की तैयारियों का खाका जिम्मेदारों द्वारा बना नि गया था। पांच जून से 11 जून तक प्रतिदिन सामाजिक संगठनों के सहयोग से कार्यक्रमों का आयोजन होना था।

### एक्यूप्रेशर उपचार की उत्तम विधा : डॉ. भगवानदीन


एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर में मरीजों का इलाज करते डॉक्टर।

**रायबरेली, अमृत विचार।** रिफॉर्म क्लब में आयोजित एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर में शनिवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया। समाज सेवी महेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति जन–जन के लिए उपयोगी है। सत्यनगर से 70 वर्षीय महिला को चलने में तकलीफ थी। इस तरह के दर्जनों लोगों से जानकारी प्राप्त करते हुए इस पद्धति की भूरि–भूरि प्रशंसा की। शिविर संचालक डा भगवानदीन यादव ने बताया कि एक्यूप्रेशर उपचार की उत्तम विधा है, जो पांच हजार पुरानी पद्धति है, लुप्त होने के कारण शिविर के माध्यम से जागरुक किया जाता है।

# भीषण गर्मी में लगाया गया निःशुल्क प्याऊ


नि:शुल्क प्याऊ में लोगों को पानी पिलाते मुख्य अतिथि अतुल गुप्ता। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** यूपी युवा उद्योग व्यापार मंडल व अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं समाजसेवी व्यापारी मोहम्मद इश्तियाक के सहयोग से शहर के प्रमुख स्थानों पर निःशुल्क प्याऊ लगाया गया।

इस भीषण गर्मी में शहर के कई स्थानों पर गरीब तबके के लोगों के लिए पानी पाने की व्यवस्था नहीं थी। इस भीषण गर्मी में किसी को पानी के लिए भटकना न पड़े इसके लिए व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा लगाए निःशुल्क प्याऊ की चहुं ओर सराहना हो रही है। मुख्य अतिथि अतुल कुमार गुप्ता द्वारा प्यासे को जल पिलाकर जल सेवा का अभियान मंडल द्वारा शुरू किया गया। जिसमें घंटाघर,सराफा मार्केट, सिविल लाइन पर आज प्याऊ लगाया गया। अन्य स्थानों को चिन्हित करके यह अभियान आगे बढ़ेगा। जिलाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा, नगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने कहा कि संगठन निरंतर शहर की समस्याओं की ओर ध्यान रखते हुए कार्य कर रहा है। वरिष्ठ जिला महामंत्री संदीप शुक्ला,जिला युवा अध्यक्ष पंकज प्रजापति ने कहा कि मंडल द्वारा प्रत्येक वर्ष एक माह के लिए जल सेवा का कार्य चलाया जाएगा। इस दौरान जिला संरक्षक महेंद्र अग्रवाल, जिला वरिष्ठ महामंत्री संदीप शुक्ला, महामंत्री प्रभाकर,जिला युवा अध्यक्ष पंकज,नगर युवा अध्यक्ष दिलदार राइनी,नगर कोषाध्यक्ष मो . शकील,वकील अहमद उपस्थित रहे।

# देख दुपहरी जेठ की छांहो मांगै छांह

अनन्तराम श्रीवास्तव, रायबरेली

**अमृत विचार।** 'देख दुपहरी जेठ की छांहो मांगै छांह' यह किसी कवि की लाइनें गर्मी की तपिस को दर्शाती है। ज्येष्ठ माह में सूर्य की तपन इतनी अधिक होती है कि छांव में भी आदमी को तपिस का अहसास होता है। उस पर कोढ़ में खाज की तरह नौपता चल रहा है। विगत वर्षों की अपेक्षा इस बार सूरज की तपिस अपने चरम पर है।

विगत वर्षों में सूर्य का पारा 40 से 48 के आसपास ही रहता था। जबकि इस बार ज्येष्ठ के शुरुआत से ही 45 से आगे निकल कर 50 के ऊपर हिचकोले खा रहा है। ऐसे में मनुष्य क्या पशु-पक्षी भी व्याकुल हैं। उस पर गर्मी से बचने का एक मात्र सहारा बिजली उपकरणों का उपयोग ही है, किन्तु बिजली की अघोषित कटौती सूर्य की तपिस बढ़ाने में सहयोग कर रही है। जिसके कारण आम आदमी को राहत नहीं मिल रही है। सुबह जैसे ही 10 बजते हैं सूर्य की किरणें खुले में निकलने पर त्वचा का झुलसाने लगती हैं। ऐसे में घर से बाहर निकलना मुश्किल सा हो गया है। शहरों में कंक्रीट के बने जंगलों में सूर्य की तपन और अधिक बढ़ जाती है। शहरी क्षेत्रों में वृक्षों का आभाव इसमें सोने पर सुहागे का काम कर रहा है। पहले शहरी क्षेत्रों में भी वृक्ष हुआ करते थे, जो सड़कों के चौड़ीकरण, बहुमंजिली इमारतों के निर्माण तथा विभिन्न विभागों द्वारा काट दिए जाने के कारण शहरी क्षेत्र में वृक्ष न के बराबर रह गये हैं।

शनिवार को अधिकतम 43 डिग्री व न्यूनतम 30 डिग्री तापमान रहा। गर्मी का आलम यह है कि बिजली आपूर्ति करने वाले उपकरण भी गर्म होकर जल रहे हैं। उन्हें बचाने के लिए बिजली विभाग को आम आदमी की तरह कूलर की ठंडी हवा खिलानी पड़ रही है। यही नहीं गर्मी के कारण खड़े वाहनों में अथवा चलते वाहनों में अचानक आग पकड़ लेती है और वे धू-धू कर जलकर स्वाहा हो जाते हैं। घरों में बिजली उपकरण भी लो-वोल्टेज की वजह से दगा देने लगे हैं। बिजली की पर्याप्त आपूर्ति न मिलने के कारण जलापूर्ति भी प्रभावित हो रही है। बेतहाशा हो रही भीषण गर्मी से परेशान शक्ति नगर के अर्जुन पांडेय ने कहा कि इस मौसम में जिस तरह से गर्मी पड़ रही है पहले कभी नहीं पड़ी। इस गर्मी में रही सही कसर बिजली कटौती पूरी कर रही है। इसी तरह जहानाबाद चौकी के पास रहने वाले मो. अकरम ने कहा कि वह एक दुकान में जनसेवा चलाते हैं। 11 बजे के बाद 3 बजे तक ज्यादा गर्मी होने की वजह से दुकान में ग्राहकों का अकाल पड़ जाता है। जिससे वह काफी परेशान हैं। इसी तरह मोहद्दीनपुर निवासी सुरेंद्र कुमार ने कहा कि गर्मी अत्यधिक होने से वह कोई काम धाम नहीं कर पा रहे हैं। सुबह 10 बजे के बाद से तो घर से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। कल्लू का पुरवा निवासी शिवा ने कहा कि पहली बार इतनी गर्मी हो रही है। सूर्य के निकलने के बाद गर्मी का पारा बढ़ने से घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। इस तरह की गर्मी में काम करना मुश्किल हो रहा है।


कुछ इस तरह धूप से बचाव करते नजर आ रहे लोग। अमृत विचार


अर्जुन पांडेय


मो . अकरम


सुरेंद्र कुमार


शिवा

# परीक्षण में मिट्टी के 200 नमूनों की जांच

संवाददाता, रायबरेली


राही ब्लॉक के बसाढ़ में मिट्टी का नमूना लेते इफको के कर्मचारी। अमृत विचार

**▸▸ इफको के सचल मृदा परीक्षण वाहन द्वारा राही ब्लाक क्षेत्र के बसाढ़ में चलाया गया अभियान**

**अमृत विचार।** इफको की सचल मृदा परीक्षण वाहन द्वारा राही ब्लाक क्षेत्र के बसाढ़ में मिट्टी परीक्षण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में इफको की सचल मृदा परीक्षण प्रयोगशाला गांव में लगवाई गई। साथ ही गांव से 200 मिट्टी नमूने मंगाकर सचल प्रयोगशाला में जांच कर उसके परिणाम से किसानों को अवगत कराते हुए प्रमाण पत्र किसानों में वितरित कर किया गया।

इस दौरान किसान सभा के माध्यम से उसके परिणाम की जानकारी के हर पहलू पर किसानों को विस्तार से बताया गया। साथ ही नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और सागरिका से खेती कर बोरे वाली रासायनिक की मात्रा को आधा करने की तकनीक किसानों को बताई गई। इस मौके पर अरुण सिंह पूर्व ग्राम प्रधान, अशोक सिंह सचिव साधन सहकारी समिति डीह सहित करीब 75 कृषक पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. विनोद कुमार सिंह क्षेत्र प्रबंधक इफको रायबरेली द्वारा किया गया। सहायक उर्वरक सहयोगी चंद्रमणि कांत सिंह, मृदा परीक्षणकर्ता श्रीकृष्ण द्विवेदी, संतोष त्रिपाठी, पवन शर्मा ने मृदा परीक्षण किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में होगा सभी मामलों का निस्तारण

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में 13 जुलाई को दीवानी न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य के ने दी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में व्यापक स्तर पर बैंक से सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन मामले, बीमा से सम्बन्धित मामले, राजस्व से संबंधित मामले, विद्युत से संबंधित मामले, जल से संबंधित मामले, सर्विस में वेतन एवं भत्ते से सम्बन्धित, श्रम से सम्बन्धित, मोटर दुर्घटना से सम्बन्धित, पारिवारिक मामले एवं अन्य छोटे-मामलों का निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत में निस्तारण के लिए किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं है। लोक अदालत में निस्तारण होने पर निर्णय के विरुद्ध कोई अपील नहीं होती है और मामला अन्तिम रूप से निस्तारित हो जाता है। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराए।

**आत्मनिर्भर** स्वावलंबी बनकर दो गायों से कमा रहा 30 हजार रुपये महीने मुनाफा, गोबर की खाद के प्रयोग से मिट्टी की सेहत में हुआ सुधार

# नौकरी का मोह छोड़कर युवक ने अपनाया पशुपालन

अंगद राही, शिवगढ़

**रायबरेली,अमृत विचार।** आज हम एक ऐसे सफल, स्वावलंबी युवक की बात करने जा रहे हैं, जिसने इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद नौकरी का मोह छोड़कर पशुपालन शुरु कर दिया। पिछले काफी समय से कठिन मेहनत से महज दो गायों से 30 हजार रुपये महीने मुनाफा कमा रहे हैं। यहीं नहीं बछियों के तैयार होने पर उन्हें बेचकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं।

हम बात कर रहे हैं क्षेत्र के बैंती गांव के रहने वाले आलोक बाजपेई की। वर्तमान समय में जिनके पास तीन गाय हैं, जिनमें दो एचएफ शाहीवाल क्रास नश्ल की और एक गाय एचएफ क्रास आयर शायर नश्ल की है। बेहतर देखभाल से एक गाय सुबह-शाम 25 लीटर तो दूसरी गाय सुबह-शाम 20 लीटर दूध दे रही है। तीसरी गाय इसी जून माह में बच्चा देने वाली है। युवक की आमदनी लागत निकाल कर करीब 45 हजार रुपये प्रतिमाह हो हो जाती है। पशुपालन से आलोक बाजपेई के स्वावलंबी बनने के साथ ही गोबर की खाद से जहां उनके खेती की मिट्टी की सेहत में सुधार हुआ है, वहीं कृषि उत्पादन बढ़कर पहले से दोगुना हो गया है। गोबर की खाद के प्रयोग से फसलों की उत्पादन में लागत कम हुई है। आलोक बाजपेई ने बताया कि उन्होंने 24 वर्ष पूर्व पशुपालन शुरू किया था। पशुपालन से उन्हे मोटा मुनाफा मिल रहा है। उन्होंने बेरोजगार युवकों से अपील करते हुए कहा कि प्राइवेट नौकरी के चक्कर में भटकने के बजाय घर के एक कोने से पशुपालन की शुरुआत करके आत्मनिर्भर बन सकते हैं।


गाय के साथ पशुपालक आलोक बाजपेई। अमृत विचार

### पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए इस तरह करें देखभाल

पशुपालक आलोक बाजपेई ने बताया कि पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए देखभाल बेहद जरूरी है। जिसके लिए पशुओं को दिन में तीन बार नहलायें, छायादार एवं नमी वाले स्थान पर बांधे, आहार में समुचित प्रोटीन, ऊर्जा खनिज तत्व और विटामिन का समावेश करें। उत्तम गुणवत्ता का हरा चारा दिन में कई बार थोड़ा–थोड़ा कर के दें। सूखा चारा न दें। नांद को रोजाना साफ करें। पीने के लिए 24 घण्टे स्वच्छ तथा ठंडे पानी की पर्याप्त व्यवस्था बनाकर रखें। गर्मी में पशु चारा न छोड़े जिसके लिए हर तीसरे दिन 50 ग्राम मीठा सोडा पानी में घोलकर दें। इससे पशु की पाचन क्रिया सही रहेगी और वह चारा बड़े चाव से खाएंगे। उन्होंने बताया कि ये उपाय करने से गर्मी में पशुओं का दूध कम नहीं पड़ेगा।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

# ऊंचाहार : गंगा तटों पर अंतिम संस्कार के लिए शवों की संख्या बढ़ी

## पानी कम होने से रेत में दफन किए जा रहे शव, प्रशासन ने चुप्पी साधी, सामान्य दिनों में आंकड़ा सात-आठ शवों का रहता था, अब 30-35 शव प्रतिदिन आ रहे

रमेश शुक्ला, ऊंचाहार

**अमृत विचार।** नौतपा की तेज गर्मी जानलेवा साबित हो रही है। पूरे क्षेत्र में लगातार हीट स्ट्रोक से मौतें हो रही हैं, जिसके कारण क्षेत्र के गंगा तटों पर आने वाले शवों की संख्या बढ़ गई है। लोग रेत में अपनों के शवों को दफन कर रहे हैं।

हालांकि प्रशासन इसे स्वीकार नहीं कर रहा है। विगत दस दिनों से भीषण गर्मी से ऊंचाहार का जनजीवन बेहाल है। दो दिन पहले 47 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया था। अब भी तापमान 45 के आसपास बना हुआ है। गोकना गंगा घाट पर इस समय प्रतिदिन औसतन 30 शव अंतिम संस्कार के लिए पहुंच रहे हैं। सामान्य दिनों में यह आंकड़ा सात-आठ शवों का रहता था। अचानक अंतिम संस्कार के लिए आने वाले शवों की संख्या बढ़ने से गंगा तटों की व्यवस्था भी चरमरा गई है। अंतिम संस्कार के लिए लकड़ियां तक कम पड़ रही हैं। गोकना गंगा घाट के वरिष्ठ पुरोहित जितेंद्र द्विवेदी बताते हैं कि अंतिम संस्कार के लिए आने वाले शवों की संख्या में बढ़ोत्तरी से लोग घबराए हुए हैं।


ऊंचाहार के गोकना में गंगा की रेत में दफनाए गए शव। अमृत विचार

लोगों को कोरोना काल का मंजर याद आ रहा हैं। उस समय आने वाले शवों की संख्या 60 से 70 पहुंच गई थी। जबकि इस समय 30 से 35 शव अंतिम संस्कार के लिए बीते दस दिनों से प्रतिदिन आ रहे हैं। अचानक बड़ी संख्या में शवों के आने के कारण अंतिम संस्कार के संसाधन पर्याप्त नहीं हो पा रहे हैं। ऐसी दशा में गरीब परिवार के लोग अपनों के शवों को गंगा की रेत में ही दफन करके चले जाते है। कभी-कभी तो रेट में दफन शवों से तेज हवा के कारण रेत उड़ जाती है, और शव खुल जाते हैं।

यह दृश्य काफी भयावह और मानवीय संवेदना को झकझोरने वाला होता है। सामान्य दिनों की तुलना में चार गुना बढ़े शव गोकना गंगा घाट के पुरोहित पंडित जितेंद्र द्विवेदी बताते हैं कि सामान्य दिनों में प्रतिदिन पांच से दस शव अंतिम संस्कार के लिए गंगा घाट पर आते थे । महीने में कुल करीब 250 शवों का अंतिम संस्कार किया जाता रहा है। इस समय बीते दस दिनों में ही अंतिम संस्कार के लिए आने वाले शवों की संख्या तीन सौ से ऊपर पहुंच गई है।

### सामान्य दिनों की तुलना में चार गुना बढ़े शव

गोकना गंगा घाट के पुरोहित पंडित जितेंद्र द्विवेदी बताते हैं कि सामान्य दिनों में प्रतिदिन 5 से 10 शव अंतिम संस्कार के लिए गंगा घाट पर आते थे। महीने में कुल करीब 250 शवों का अंतिम संस्कार किया जाता रहा है। इस समय बीते दस दिनों में ही अंतिम संस्कार के लिए आने वाले शवों की संख्या 300 से ऊपर पहुंच गया है।

### दस दिनों में गंगा घाट पहुंचे 319 शव

1- 23 मई – 20 शव , चार अस्थियां
2- 24 मई – 22 शव , तीन अस्थियां
3- 25 मई – 25 शव , पांच अस्थियां
4 – 26 मई – 26 शव , चार अस्थियां
5- 27 मई – 28 शव , पांच अस्थियां
6- 28 मई – 30 शव , चार अस्थियां
7- 29 मई – 31 शव , चार अस्थियां
8- 30 मई – 30 शव , तीन अस्थियां
9- 31 मई – 35 शव , तीन अस्थियां
10- 1 जून – 32 शव , पांच अस्थियां

"हीट स्ट्रोक या असामान्य बीमारी से जिले में कोई मौत नहीं हुई है। यदि मौतें हुई है तो वह सामान्य मौतें है। इस बारे में अभी तक कहीं कोई शिकायत या सूचना भी नहीं मिली है।"
–डॉ . वीरेंद्र सिंह, सीएमओ रायबरेली

### धारा दक्षिणी छोर पर होने से बढ़ी परेशानी

ऊंचाहार के गोकना गंगा घाट पर गंगा का प्रवाह दक्षिण वाहिनी है। इस समय गंगा का प्रवाह दक्षिणी किनारा पकड़े हुए है। ऐसी दशा में शवों के अंतिम संस्कार के लिए लोगों को रेत पर चलकर उस पार जाना पड़ रहा है, जिससे दुश्वारियां काफी बढ़ी हुई हैं। तेज धूप के अंगार जैसी तपती रेत पर चलकर जाना बड़ा जोखिम भरा काम है। किंतु धारा उस पार होने के कारण लोगों के पास कोई विकल्प नहीं है।

### बेहोशी आना भी हीटवेव के लक्षण

सीएचसी ऊंचाहार के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. महमूद अख्तर बताते हैं कि हीट स्ट्रोक आमतौर पर तब होता है जब शरीर का तापमान अधिक हो जाता है और शरीर में पानी और नमक की मात्रा कम हो जाती है। शरीर से पसीना आना बंद हो जाता है। इस स्थिति में अगर घबराहट, बेचैनी, मतली, दौरे, बेहोशी जैसे लक्षण नजर आते है तो उसे तुरंत चिकित्सक की सलाह से उपचार कराना चाहिए। बेहोशी आना भी इसका प्रारंभिक लक्षण होता है। गर्मी से बचाव करना जरूरी है। तेज धूप में बाहर न निकलने से बचे।

# संदिग्ध हालात में एचडीएफसी बैंक के सेल्स मैनेजर की मौत

## फील्ड में घूमते समय हीट वेव के प्रभाव से तबीयत बिगड़ने से मौत होने की संभावना

संवाददाता, बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** कस्बे के महराजगंज रोड पर विजय बहादुर के मकान पर किराए पर रहने वाले एचडीएफसी बैंक बछरावां के सेल्स मैनेजर यश श्रीवास्तव (27) पुत्र दिनेश श्रीवास्तव निवासी कानपुर नगर की शनिवार सुबह उनके वर्तमान निवास पर ही मौत हो गई है।

सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के भाई शिवेंद्र ने बताया कि उनका भाई एचडीएफसी बैंक बछरावां में सेल्स मैनेजर था। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि फील्ड में घूमते समय हीट वेव के प्रभाव से तबीयत बिगड़ गई होगी, जिससे उसकी मौत हो गई। शुक्रवार रात फोन करके उसने


यश श्रीवास्तव (फाइल फोटो)

बताया था कि तबीयत खराब है। परिजनों के साथ ही स्टाफ को भी तबीयत खराब होने की सूचना दी थी। जिसकी संदिग्ध परिस्थितियों में सुबह मौत हो गई। थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मदाखेड़ा– राजामऊ मार्ग पर मदाखेड़ा गांव के पास अंधा मोड़ होने के चलते बहनोई के यहां उधारी का पैसा चुकाने जा रहा एक बाइक सवार अज्ञात ट्रैक्टर–ट्राली से टकराने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गुरु प्रसाद यादव पुत्र सत्यनारायण यादव (42) निवासी ग्राम रामबक्श खेड़ा मजरे हिलौली थाना मौरावा उन्नाव से बहनोई कृष्णपाल निवासी ग्राम मुसाही खेड़ा मजरे इचौली थाना बछरावा के यहां उधार लिए पैसे लौटाने जा रहा था, अचानक एक अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गए, जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची डायल 112 में गुरु प्रसाद यादव की जेब से निकले 50 हजार सुपुर्दगी में जमा कर लिए है। वहीं, मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**बछरावां, रायबरेली।** क्षेत्र के सुवशंखेड़ा मजरै इचौली गांव की रहने वाली गुलाब देवी (50) पत्नी राम मूर्ति शनिवार की सुबह खेत पर पुआल लेने गई थी। खेत में जब वह पुआल निकाल रही थी तभी वहां पर बैठे जहरीले सर्प ने डंस लिया। सर्प दंश से वह जोर से चिल्लाई। घर आकर उसने पूरी बात परिजनों को बताई और जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां मौजूद चिकित्सक ने हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में गुलाब देवी की मौत हो गई। उसकी मौत से घर में कोहराम मच गया।

# योग और आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर लगाया


गंगा तट पर लगे योग और आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर में मौजूद लोग।

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** शनिवार को गोकर्ण तीर्थ,गोकना घाट पर योग एवं हेल्थ वेलनेस सेंटर ,राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय रायबरेली एवं मां गंगा गोकर्ण जन कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में एकदिवसीय निशुल्क योग एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श शिविर लगाया गया।

इस दौरान स्वच्छता अभियान चलाया गया। अंत में पतित पावनी मां गंगा जी की महाआरती कर लोक कल्याण की कामना की। चिकित्सा शिविर में आए डॉ. रवि प्रताप सिंह वेदांत आरोग्यम ने बताया कि आयुर्वेद से आरोग्य, प्रकृति से ऊर्जा, योग से अध्यात्म का विकास होता है। हम सभी को स्वस्थ रहने के लिए योग करना अत्यंत आवश्यक है। योग शिक्षक रामशरण सिंह मास्टर ने भी योग के विषय में बताया। किस्मत राम शर्मा गौ सेवक, राम शरण सिंह, धर्मराज तिवारी, यज्ञ नारायण तिवारी पूर्व शाखा प्रबंधक ने भी अपने विचार व्यक्त किया और लोगों से आस्था के साथ योग करने की सलाह दी। समिति के सचिव/संयोजक गंगा विचार मंच पंडित जितेंद्र द्विवेदी ने सभी का स्वागत किया। मौके पर अवधेश नारायण शुक्ला, राम वंश तिवारी, अशोक बाजपेई, अर्पित कुमार गजानन, गुरु प्रसाद, राम लखन नाई, शिवबचन, जगदीश साहू, सुंदरलाल बाजपेई, अमित निषाद, नन्नू निषाद, भुशु माली, अर्चना देवी, बृजेश निषाद आदि मौजूद रहे।

# बच्चों ने सीखे विभिन्न योगासन

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** श्री बाल्हेश्वर धाम ऐहार में संचालित बाल संस्कारशाला के छठवें दिन बच्चों ने विभिन्न योग सीखे। संस्कारशाला के मुख्य व्यवस्थापक अनुज अवस्थी ने योगासन के लाभों से बच्चों को परिचित कराया। साथ ही स्वयं भी योगासन में भाग लिया। इसी क्रम में राजनीतिक क्षेत्र में विभिन्न पदों पर कार्य कर रहे समिति के उपाध्यक्ष राज किशोर सिंह बघेल ने बच्चों को बताया कि नेतृत्व क्षमता का विकास करने के लिए दैनिक दिनचर्या एवं सदाचारी जीवन होना परम आवश्यक है। ब्रह्म मुहूर्त में उठने से अनेकों प्राकृतिक लाभ होते हैं और शरीर निरोगी रहता है। प्रशिक्षक मनोज कुमार पांडेय, आलोक मिश्रा, कीर्ति मनोहर शुक्ला, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, शिवबरन वर्मा, जितेंद्र यादव ने विभिन्न विधाओं के बाबत विकास के लिए बच्चों को जानकारियां प्रदान की। बच्चों ने ग्रीष्मकालीन अवधि का सदुपयोग करते हुए चित्रकला क्षमता को प्रदर्शित किया। पंडित संजू महाराज ने बालकों को दैनिक संध्योपासना की जानकारी दी।

### अर्धनग्न अवस्था में मिला अज्ञात युवक का शव

**सतांव, रायबरेली, अमृत विचार।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के सहजौरा–सुल्तानपुर खेड़ा सम्पर्क मार्ग के बाँस गाँव के समीप सड़क किनारे शनिवार की देर शाम एक अज्ञात करीब 35 वर्षीय युवक का अर्धनग्न शव मिलने से हड़कम्प मच गया। शव मिलने की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। ग्रामीणों ने गुरुबक्शगंज थाना पुलिस को अज्ञात शव मिलने की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थलीय निरीक्षण करने के उपरान्त आस–पास के ग्रामीणो और राहगीरों से शव की शिनाख्त का प्रयास किया किन्तु शव की शिनाख्त नही हो सकी। मृतक युवक के हांथ पर बिंदा और ज्योती गुदा हुआ है। के अतिरिक्त मृतक युवक के शव से किसी प्रकार का कोई पहचान पत्र बरामद नही हो सका।

### आरोपी को भेजा जेल

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिक किशोरी से गांव के ही एक युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। वहीं पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने शनिवार को आरोपी राजेंद्र कुमार निवासी खैरहनी पहाड़गढ़ को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### आरेडिका ने की सहभागिता

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) की छमाही बैठक बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, रायबरेली में सम्पन्न हुई। जिसमें आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के उच्चाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य अतिथि गृह मंत्रालय से छबिल कुमार मेहेर, उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, गाजियाबाद उपस्थित रहे।

# मांगों को लेकर यूआरएमयू ने निकाला मशाल जुलूस



मशाल लेकर जुलूस प्रदर्शन करते यूआरएमयू के आधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** क्र्यू लिंक बहाल करने के लिए रेलवे स्टेशन में यूआरएमयू के तत्वाधान में चल रहे धरने के तीसरे व आखिरी दिन मांगें न मानने पर कड़ा विरोध प्रदर्शन करते हुए शाम को मशाल जुलूस निकाला। यूनियन के सचिव लवकुश सोनकर ने बताया कि रायबरेली मुख्यालय से लोको लाबी खत्म करने को लेकर उनका यूनियन लगातार विरोध कर रहा है। यूनियन के माध्यम से उन्होंने लोको लाबी रायबरेली मुख्यालय अपना बहाल करने की मंडल संगठन से मांग की है। यूनियन ने दस दिनों के भीतर मांगे पूरी करने की मांग की है। जुलूस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी शामिल हुए जो जुलूस को लेकर स्टेशन के चारों तरफ गए।

# एनटीपीसी में बंद 500 मेगावाट की यूनिट चालू

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** तकनीकी खामी के कारण एक दिन पहले बंद की गई एनटीपीसी में 500 मेगावाट यूनिट को शनिवार शाम चला दिया गया है। रविवार सुबह तक इस यूनिट पर पूरा भार आने की संभावना है। वहीं, एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना की सबसे बड़ी यूनिट में शुक्रवार की सुबह खराबी आ गई थी। 500 मेगावाट क्षमता की यूनिट संख्या 6 के ब्वायलर ट्यूब में रिसाव हो रहा था। जिसके कारण इस यूनिट को शुक्रवार की प्रातः बंद कर दिया गया था। उसके बाद यूनिट के ब्वायलर के तापमान को सामान्य किया गया तथा रात दिन मरम्मत करने के बाद शनिवार की शाम करीब 6 बजे चालू कर दिया गया है। देर रात भार पर आने के बाद इसे कोयले पर चलाया जायेगा और रविवार सुबह तक यूनिट अपने पूरे भार पर उत्पादन शुरू कर देगी।

# कृष्णा कांस्ट्रक्शन के आगे प्रशासन मौन

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे में मिट्टी का खनन कर रही कृष्णा कांस्ट्रक्शन कंपनी ने शासन के सारे नियम को ताक पर रखकर मनमानी कर रही है। क्षेत्र के उमरन गांव के पास इस कंपनी ने थोड़ी जमीन खोदने की अनुमति लेकर सैंकड़ों एकड़ जमीन को नदी का रूप दे दिया है। जिससे ग्रामीणों का जीवन खतरे में पड़ गया है।

गंगा एक्सप्रेस वे ऊंचाहार सलोन मार्ग को उमरन बाजार के पास क्रास करती है। इस समय उमरन बाजार के पास खनन का काम चल रहा है। खनन का काम कृष्णा कांस्ट्रक्शन नाम की कंपनी कर रही है। कंपनी ने जिला प्रशासन से थोड़ी जमीन में दो मीटर गहराई तक खनन की अनुमति ली थी। उसके बाद रात दिन सारे नियम कानून को ताक पर रखकर सैकड़ों भूमि का खनन कर दिया गया।


ऊंचाहार में किया जा रहा खनन। अमृत विचार

### अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा खनन का खेल

सूत्रों से पता चला है कि अवैध खनन का कारोबार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। क्षेत्र के गंगश्री, अली नगर असकरनपुर आदि स्थानों पर सरकारी जमीन पर बिना अनुमति लिए खनन किया गया है। मामले में लोगों ने एसडीएम तक से शिकायत की। एसडीएम ने ठेकेदार को तलब किया। ठेकेदार शाम को एडीएम आवास पहुंचा और मामला खत्म हो गया। अधिकारियों की शह का आलम यह है कि ठेकेदार पूरी मनमानी पर उतर आए हैं और पूरे क्षेत्र में तबाही मचाए हुए हैं। इस बारे में कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कुछ बोलने को तैयार नहीं है, और न ही अवैध खनन की बात को स्वीकार कर रहे हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैं पार्वती उर्फ शिवपता पत्नी शिवराम, निवासी ग्राम– तिलका कटरा बाजार गोंडा की निवासिनी हूं। यह घोषणा करती हूं कि मेरा नाम पार्वती और शिवपता दोनों है मैं दोनों नाम से जानी जाती हूं। **–पार्वती उर्फ शिवपता पत्नी शिवराम निवासी ग्राम तिलका कटरा बाजार गोंडा।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **रहतुनन्निषा पत्नी स्व0 जमीर खान निवासिनी–मकान सं0– 541/आर/325 रिफा कालोनी न्यू हैदरगंज, चौक, लखनऊ, उ0 प्र0–226003,** मैने अपने पुत्र मुस्तकीम व पुत्रवधू रूखसार का चाल–चलन ठीक न होने, गलत आदतों व उद्दण्डता का व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और पूर्णतया परिवारिक सम्बंध विच्छेद कर लिया है। मेरे पुत्र मुस्तकीम व पुत्रवधू रुखसार के द्वारा किए गए कृत्यों व लेन–देन की पूरी जिम्मेदारी मुस्तकीम व पुत्रवधू रूखसार की होगी मेरी व मेरे परिवार के अन्य किसी सदस्य से कोई वास्ता व सरोकार नही होगा।

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**केन ग्रोअर्स नेहरू पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज गोला गोकर्णनाथ–खीरी**
**आवश्यकता है**
यूजीसी / लखनऊ विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से स्ववित्तपोषित योजना [एम.ए. (राजनीति विज्ञान)] के अन्तर्गत सहायक आचार्य के 02 पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। रिक्तियों की सख्या घट या बढ़ सकती है। महाविद्यालय प्रशासन को किसी भी स्तर पर इस विज्ञापन को आंशिक या पूर्ण रूप से रद्द करने या रोकने का अधिकार है। **आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून, 2024 शुल्क रु0 : 500/–**
**अधिक जानकारी महाविद्यालय की बेवसाइट: www.cgncollege.com पर उपलब्ध है।**
**प्रबन्धक/प्राचार्य**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे समस्त अभिलेखों में सईद खान पुत्र मैंनुदीन खान अंकित है जबकि मेरे बैंक ऑफ बडौदा खाता संख्या 38170100004284 में सईद अहमद हो गया है जो गलत है मुझे सईद खान के नाम से जाना जाय। – **सईद खान पुत्र मैंनुदीन खान, निवासी– गेधरिया, थाना– विशेश्वरगंज, जिला– बहराइच**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पहले अभिलेख में मेरा नाम असलम था जो गलत था अब मेरे सारे अभिलेख में मेरा नाम असलम अहमद है जो सही है मुझे इसी नाम से जाना जाए । – **असलम अहमद पुत्र मुबीन अहमद, निवासी– सचौली, थाना– पयागपुर, जिला बहराइच**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै प्रेम कुमार सुनार पुत्र टेक बहादुर सुनार, ग्राम – न्यू खामोडू, पोस्ट –जयरामपुर,थाना –जयरामपुर, जिला –चांगलांग,पिन कोड–792121,अरुणाचल प्रदेश का मूल निवासी हूं। लेकिन अब मैं परिवार सहित नए स्थाई निवास स्थान ग्राम –बलई गांव,पोस्ट– मोतीपुर, थाना– मोतीपुर, तहसील– मिहींपुरवा, एन.आर.एस. – मुर्तिहा,जिला– बहराइच, पिन कोड 271855 पर निवास करेंगे। अब पुराने जन्म स्थान को छोड़कर नए स्थान पर ही परिवार समेत रहना है। अत:किसी प्रकार की सूचना एवं कार्य के लिए हमारे नए पते पर ही सम्पर्क करें।– **प्रेम कुमार सुनार पुत्र टेक बहादुर सुनार,निवासी ग्राम –बलई गांव, पोस्ट– मोतीपुर, थाना –मोतीपुर, तहसील– मिहींपुरवा, जिला– बहराइच, उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**
सभी सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै टेक बहादुर सुनार पुत्र स्वर्गीय लाल बहादुर सुनार, ग्राम –टिकरी बस्ती , पोस्ट ––जुन्हेबोतो ,थाना– जुन्हेबोतो , जिला– जुन्हेबोतो , एन. आर. एस.– दिमापुर, पिन कोड– 798620, नागालैंड का मूल निवासी हूं। लेकिन अब मैं परिवार सहित नए स्थाई निवास स्थान ग्राम –बलई गांव पोस्ट– मोतीपुर, थाना –मोतीपुर, तहसील –मिहींपुरवा, एन.आर.एस.– मुर्तिहा, जिला बहराइच, पिन कोड– 271855 पर निवास करेंगे। अब पुराने जन्म स्थान को छोड़कर नए स्थान पर ही परिवार समेत रहना है। अत:किसी प्रकार की सूचना एवं कार्य के लिए हमारे नए पते पर ही सम्पर्क करें। – **टेक बहादुर सुनार पुत्र स्वर्गीय लाल बहादुर सुनार, निवासी ग्राम –बलई गांव पोस्ट– मोतीपुर, थाना –मोतीपुर, तहसील– मिहींपुरवा, जिला– बहराइच, उत्तर प्रदेश।**

**रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना**
**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ– 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।
**निविदा की शर्तें निम्न हैं**
1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ–साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 10.06.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रु. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।
**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**
1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)

प्रवेश प्रारम्भ
**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**
**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :–
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

## एक नजर

### फोन पर एसएसओ को गाली देना पड़ा महंगा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र रामसनेहीघाट में ऑन ड्यूटी एसएसओ को फोन पर गाली देना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। अवर अभियंता ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। विद्युत उपकेंद्र में बीती 29 मई को तिलक राम निवासी मूसेपुर द्वारा फोन किया गया। मौके पर ऑन ड्यूटी एसएसओ चंद्र प्रकाश द्वारा फोन उठाने पर तिलक राम गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए पूछा कि मूसेपुर गांव की बिजली क्यों काट दी। जल्दी से बिजली चालू करो। बातचीत की रिकॉर्डिंग कर चंद्र प्रकाश ने अपने उच्च अधिकारियों को भेजी। अवर अभियंता अमन सिंह ने कोतवाली में शुक्रवार देर रात तिलकराम के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस कार्रवाई की बात कर रही है।

### हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की ट्रामा सेंटर लखनऊ में शुक्रवार देर रात मौत हो गई। बीती तीन अप्रैल को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर लोनीकटरा थाना क्षेत्र के ककरी गांव के पास बाइक सवार विशाल (20) व आशीष कुमार (26) को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी थी। दोनों को ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर किया गया था। जहां शुक्रवार देर रात इलाज के दौरान विशाल की मौत हो गई।

### वन्यजीव दिखने पर दें सूचना

**हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार :** ग्रीष्म ऋतु के चलते प्रदेश में हीट वेव का अलर्ट जारी है। भीषण गर्मी के कारण वन्यजीव पानी की तलाश में वन क्षेत्रों से बाहर आ जाते हैं। यदि किसी को कोई वन्यजीव दिखे तो इसकी सूचना निकटतम वन चौकी, वन्य कर्मियों या फिर वन क्षेत्राधिकारी के दूरभाष नंबर 9451204635 पर दे सकते हैं। यह जानकारी वन क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने दी है।

### दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार :** कोतवाली रामसनेहीघाट अंतर्गत पूरे पोखई मजरे गुनौली में दो पक्षों में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडों से हुई मारपीट में चार लोग घायल हो गए। लवकुश और दिनेश में रंजिश चल रही है। लवकुश और दिनेश के परिवार के बीच मारपीट हो गयी। इसमें दोनों पक्षों से दो-दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए। जिनको इलाज के लिए सीएचसी रामसनेहीघाट लाया गया।

### सेवानिवृत्ति पर कर्मचारी को दी गयी विदाई

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक कार्यालय में कार्यरत श्याम कुमार निगम को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। बीडीओ देवेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार में आयोजित समारोह में शॉल और स्मृति चिह्न भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया।

# प्रदेश में बाराबंकी में सर्वाधिक हुआ 67.20 प्रतिशत मतदान

**रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के सातों चरण पूरा होने के बाद बाराबंकी जिला पूरे प्रदेश में मतदान प्रतिशत के मामले में फर्स्ट डिवीजन आया है। इसका पूरा श्रेय जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, सीडीओ अ.सुदन और उनकी पूरी टीम को जाता है।


लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत को लेकर बाराबंकी का अब तक का इतिहास अच्छा नहीं था। इसे जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कार्ययोजनाएं तैयार कीं जिसमें फर्स्ट वोटर से लेकर 100 या उससे अधिक वर्ष के मतदाताओं में जोश भरा। उसी का परिणाम रहा कि 20 मई को 2615 बूथों पर जिले के मतदाताओं का हुजूम उमड़ा और सर्वाधिक 67.20 प्रतिशत मतदान हुआ। जो शनिवार को हुए सातों चरण के मतदान में भी नहीं टूटा। इस कामयाबी पर भारत निर्वाचन आयोग जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार को दिल्ली में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेगा।

सात चरणों में हुए लोकसभा के चुनाव में बाराबंकी लोकसभा सीट पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान हुआ था। जिसमें जिले के 19,18,491 मतदाताओं में से 12,81,225 मतदाताओं ने बूथों पर मताधिकार का प्रयोग किया था। शनिवार को हुए सातवें चरण के चुनाव के बाद यह साफ हो गया कि बाराबंकी में मतदान प्रतिशत के आगे प्रदेश का कोई भी जिला आगे नहीं निकल सका।



मतदाताओं की कतार। फाइल फोटो

### मतदाताओं के सहयोग से मिला मुकाम



पूरे प्रदेश में बाराबंकी का मत प्रतिशत सबसे अधिक रहने पर काफी खुशी है। मतदाताओं के सहयोग और सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा से आज जिले ने यह मुकाम हासिल किया है।

**–सत्येंद्र कुमार,** डीएम

### लगातार चलाया गया था जागरूकता अभियान



मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये स्वीप के अंतर्गत लगातार जागरुकता अभियान चलाया गया। इसका नतीजा रहा कि बाराबंकी के मतदाताओं ने रिकॉर्ड बनाया।

**–अ. सुदन,** सीडीओ

### एक माह तक आयोजित किये गये थे विभिन्न कार्यक्रम

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में सीडीओ अ.सुदन द्वारा एक माह तक जागरुकता अभियान जिले भर में चलाया गया था। इसमें सास-बहू ननद सम्मेलन, क्रिकेट मैच, हस्ताक्षर अभियान, निबंध व दौड़ प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक समेत कई गतिविधियां शामिल रहीं। वह स्वयं भी दिन-रात एक कर अपनी पूरी टीम के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने में लगे रहे।

### बाराबंकी के बाद सहारनपुर दूसरे तो लखमीपुर तीसरे स्थान पर

53 बाराबंकी लोकसभा सीट पर सबसे अधिक 67.20 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिसके चलते जिला प्रदेश में पहले नंबर पर आया है। जबकि 66.65 प्रतिशत मतदान के साथ सहारनपुर दूसरे तो 64.64 फीसदी मतदान के मामले में लखीमपुर जिला तीसरे नंबर पर काबिज हुआ है।

# भीषण गर्मी से महिला समेत दो की मौत

## दिन चढ़ते ही बढ़ने लगा तापमान, दोपहर में सड़कें हो जाती हैं सूनी

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी से शनिवार को एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी। दिन में करीब साढ़े तीन बजे हैदरगढ़ में यात्री प्रतीक्षालय में बैठी एक महिला तेज गर्मी के कारण अचानक अचेत होकर गिर पड़ी। उसे अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी शिनाख्त नहीं हो पायी है। कुर्सी थाना क्षेत्र के अनवारी स्थित किसान पथ के किनारे शनिवार दोपहर एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को अस्पताल भिजवाया। अनुमान लगाया जा रहा है कि गर्मी से उसकी मौत हुई है।

सुबह के दस बजने के बाद सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जरूरी कामों को छोड़कर लोग अपने घरों में गर्मी से बचाव के लिए एसी और कूलर में दुबके रहे। बिजली की बार-बार ट्रिपिंग से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

शहर से लेकर गांव तक कुछ हिस्सों में हर आधे घंटे के बाद ट्रिपिंग होने से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त रहा। भीषण गर्मी और लू की वजह से चार मौतें पहले ही हो चुकी है। अब तक भीषण गर्मी की वजह से मौतों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है।

जरूरी कामों से घरो से निकले लोग छाते या गमछे का इस्तेमाल कर रहे हैं तो महिलाएं दुपट्टे से अपने सिर और मुंह को पूरी तरह से ढककर निकल रही है। दोपहर के समय सड़क, बाजार और चौराहों पर पूरी तरह से सन्नाटा पसरा रहता है। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया पारे में भी वृद्धि होती रही। शाम चार बजे के बाद मौसम में नरमी देखी गई।

**हैदरगढ़ :** शनिवार दोपहर बाद लगभग साढ़े 3 बजे 55 वर्षीय एक महिला विद्युत उपकेंद्र के निकट नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा बनवाए गए यात्री प्रतीक्षालय में बैठी थी। अचानक वह बेहोश होकर गिर पड़ी। पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया जहां महिला को मृत घोषित कर दिया गया। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

**पिछले पांच वर्षों का एक जून का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| 01 जून 2024 | अधिकतम तापमान 43 | न्यूनतम तापमान 29 |
| 01 जून 2023 | अधिकतम तापमान 42 | न्यूनतम तापमान 29 |
| 01 जून 2022 | अधिकतम तापमान 42 | न्यूनतम तापमान 28 |
| 01 जून 2021 | अधिकतम तापमान 38 | न्यूनतम तापमान 29 |
| 01 जून 2020 | अधिकतम तापमान 36 | न्यूनतम तापमान 26 |



धूप से बचने के लिए सिर व चेहरा ढककर निकलीं युवतियां। अमृत विचार

### ट्रांसफार्मर जलने से गुल हुई बिजली आपूर्ति



खराब ट्रांसफार्मर।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच विद्युत कटौती के साथ ट्रांसफार्मर भी खूब फुंक रहे हैं। इसके चलते बिजली गुल हो जाने से लोगों को जीना मुश्किल हो जा रहा है। शहर के बड़ेल चौराहा पर शनिवार की सुबह ट्रांसफार्मर जलने से पूरे क्षेत्र में बत्ती गुल हो गई। इस भीषण गर्मी में लोग बिलबिला उठे। इस चौराहे पर पल्हरी विद्युत उपकेन्द्र से विद्युत आपूर्ति की जाती है। गर्मी के बीच अंधाधुंध कटौती भी खूब हो रही है। दिन में बार-बार बिजली आने-जाने के बाद रात में भी आधा-आधा घंटा की कटौती की जा रही है। इसके कारण रात में नागरिकों की नींद नहीं पूरी हो पा रही है।

# पंप खराब, हो रही दूषित जल की आपूर्ति

**देवा, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** नगर पंचायत देवा में पानी की आपूर्त करने वाला एक पंप खराब होने के कारण करीब दो महीने से लोगों के घरों में दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है। पंप चालक ने कई बार मौखिक व लिखित रूप से अधिकारी को मामले की जानकारी दी। उसके बाद भी अभी तक पंप की मरम्मत नहीं हो सकी है।

देवा नगर पंचायत द्वारा दो पंपों से पानी स्टोर कर जलापूर्ति की जाती है। एक पंप बीते दो माह से गंदा पानी दे रहा है। दोनों पंपों का पानी एक जगह स्टोर होने के कारण पूरा पानी दूषित हो जा रहा है और इस पानी की सप्लाई घरों में पीने के लिए की जा रही है। पंप चालक अकबर अली ने कई बार नगर पंचायत अध्यक्ष व ईओ को मौखिक रूप से सूचना दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। फिर बीते 12 अप्रैल को पंप संचालक अकबर अली ने नगर पंचायत प्रशासन को लिखित रूप से इसकी सूचना दी। इस पर अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी ने सफाई नायक को मामले की जांच कर आख्या देने के आदेश दिए। सफाई नायक सोहनलाल ने 13 अप्रैल को जांच कर अपनी रिपोर्ट अधिशासी अधिकारी को प्रेषित कर दी थी। उसके बाद यह शिकायती पत्र ठंडे बस्ते में चला गया और आज तक पंप की मरम्मत नहीं कराई गई।



पंप से निकलता दूषित पानी।

पंप खराब होने की सूचना ईओ को दी थी। उन्होंने सफाई नायक से जांच कर आख्या मांगी थी। जांच होने के बाद भी अभी तक उसको ठीक नहीं करवाया गया है। अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी देवा नगर पंचायत में अपनी मनमर्जी चलाती हैं। वह तो यह भी कहती हैं कि नगर पंचायत में अध्यक्ष का कोई मतलब नहीं होता है।

**–मोहम्मद हारुन वारसी,** चेयरमैन, नगर पंचायत देवा

किसी सभासद द्वारा पंप खराब होने की सूचना मिली थी। मैंने कहा था कि ऑफिस में लिखित एप्लीकेशन भिजवा दो। पंप को सही करवा दिया जाएगा। पंप ठीक करवाया जा रहा है।

**–मोहिनी केसरवानी,** अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत देवा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में झाड़ियों में मिला युवक का शव

**निन्दूरा, बाराबंकी : अमृत विचार :** कुर्सी थाना क्षेत्र के रौनहर गांव में शुक्रवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव झाड़ियों में पड़ा मिला। गले पर चोट के निशान मिले हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कुर्सी थाना क्षेत्र के रौनहर गांव निवासी संजय यादव का पुत्र विकास यादव (18) शुक्रवार की दोपहर गांव के बाहर खेतों की ओर गया था। देर रात तक जब वह घर वापस नहीं आया तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। घर से लगभग 200 मीटर दूर विकास का शव झाड़ियों में पड़ा मिला। शव को देखते ही परिवारवालों में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष कुर्सी जगदीश प्रसाद शुक्ल ने बताया कि गले पर कुछ चोट के निशान मिले हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे सरदार बेअन्त सिंह

**संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष, अधिवक्ता सरदार बेअन्त सिंह की 15वीं पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर श्रद्धांजलि सभा जिला बार एसोसिएशन सभागार में शनिवार को आयोजित हुई। मुख्य अतिथि प्रभारी जनपद न्यायाधीश/अपर जिला जज प्रथम आनंद कुमार ने कहा कि सरदार बेअन्त सिंह बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। पूर्व अपर जिला शासकीय अधिवक्ता स्व. यशवन्त सिंह के चित्र का अनावरण प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय सत्यदेव गुप्ता एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा सिंह ने किया। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता मुचकुन्द सिंह, बृजेश दीक्षित, अध्यक्ष हिसाल बारी किदवाई, शैलेन्द्र कुमार, सरदार आलोक सिंह व एडवोकेट सरदार राजा सिंह और एडवोकेट दानिश सिद्दीकी मौजूद रहे।

### पुलिस ने तीन शातिर लुटेरों को दबोचा

**निंदूरा, बाराबंकी।** कुर्सी पुलिस ने शनिवार को तीन शातिर लुटेरों को गंगौली मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये बदमाशों में सनी राव उर्फ सरोज यादव, अंकित यादव पुत्र प्रमोद यादव और अनुज उर्फ रूद्र शामिल हैं। बदमाशों के पास से दो तमंचे, दो जिन्दा कारतूस .12 बोर व लूट का एक मोबाइल फोन, एक आधार कार्ड, एक डीएल व एक मोटरसाइकिल बरामद की गयी है। बदमाशों ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व किसान पथ के पास राहगीरों से लूट की थी।

### हादसे में बाइक सवार की मौत

**निंदूरा, बाराबंकी।** कुर्सी थाना क्षेत्र के अमरसंडा स्थित ईदगाह के निकट शुक्रवार देर रात करीब 12 बजे ट्रक की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गयी।

सीतापुर के महमूदाबाद कोतवाली अंतर्गत सदौली निवासी विनीत (45) पुत्र रामनरेश बाइक से कहीं जा रहा था। इसी बीच तेज रफ्तार ट्रक बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया। हादसे में विनीत की मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि परिवारजनों को सूचना दे दी गई है।

# दिनेश वाटिका का डीएम ने किया उद्घाटन

**सुबेहा, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** थाना परिसर सुबेहा में शनिवार देर शाम पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह व जिला अधिकारी सतेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से थाना परिसर में दिनेश वाटिका, आगन्तुक कक्ष और तृप्ति कक्ष का उद्घाटन किया। एसपी ने चंदन का पौधा लगाया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक हैदरगढ़ अजय कुमार त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक सुबेहा गजेन्द्र प्रताप सिंह, उपजिला अधिकारी हैदरगढ़, पुलिस क्षेत्राधिकरी रामसनेहीघाट जटा शंकर मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान, पुलिस उप निरीक्षक सुभाष यादव, पुलिस उपनिरीक्षक प्रभू यादव, अधिशाषी अधिकारी अशोक कुमार खरवाल, प्रधान सोनू सिंह, प्रधान अभिलेष रावत और प्रधान अजय नाथ मिश्रा आदि मौजूद थे।



दिनेश वाटिका का उद्घाटन करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

**बरतें सावधानी** | मंडियों में बिकने लगा आम, लगभग 15 दिन बाद आएगा डाल का पका आम

# समय से पहले बाजार में आया आम खराब न कर दे सेहत

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** समय से पहले बाजारों में आम बिकने लगा है। इसे कैल्शियम कार्बाइड से पकाया गया है। इसे खाने से आपकी सेहत बिगड़ सकती है। विशेषज्ञों के मुताबिक सही वक्त आने पर प्राकृतिक रूप से पके आम खाना ही सेहत के लिए ठीक है।

फलों के राजा आम के आने में अब भी तकरीबन 15 दिन का समय बाकी है। ऐसे में दुकानदारों को कमाई का लालच, जिले में कार्बाइड से आम पकाने के धंधे को रफ्तार दे रहा है। बाजारों में बिना मौसम पके आम लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। बागवानों और फल व्यापारियों के अनुसार आम की खरीद-बिक्री भी ठीक चल रही है। जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. राजेश कुशवाहा का कहना है कि कार्बाइड से आम को पकाना घातक होता है। डायटीशियन असद साजिद के मुताबिक कृत्रिम तरीके से पका आम नुकसान कर सकता है। दरियाबाद के सीएचसी अधीक्षक डा. अमित दुबे ने बताया कि बाजारों में आ रहे कार्बाइड से पके आम खाने से एलर्जी व और पेट की समस्याएं हो सकती हैं।



एक दुकान में सजे आम।




पर्यावरणविद अजीत प्रताप सिंह

### रसायन से पका आम ऐसे पहचानें

बागवान आलम के मुताबिक आम डाल का पका है या रसायम का, यह आसानी से पता किया जा सकता है। बाजार से आम लेने के बाद पानी से भरे बर्तन में उसे डाल डीजिए। अगर आम तैरने लगे तो समझ जाइए कि कार्बाइड की मदद से आम को पकाया गया है।

### अभी खाएं खीरा, तरबूज

पर्यावरणविद अजीत प्रताप सिंह का कहना है कि अभी जून शुरू हुआ है। आम पकने में अब भी कम से कम पन्द्रह दिन और लगेंगे। इसलिये अभी सीजन के हिसाब से खीरा, तरबूज और खरबूजा खाएं जो सेहत के लिये भी उपयोगी है और गर्मी से बचत भी करेगा।



## एक नजर

### पर्यावरण पर आधारित प्रतियोगिता

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार :** जल संरक्षण मुहिम के लिए प्रसिद्ध जल जीवन सेवा समिति दो जून को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित करेगी। प्रतियोगिता में पर्यावरण से संबंधित सामान्य प्रश्न पूछे जाएंगे।

### 32 लोगों पर शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से शनिवार को पुलिस ने 32 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की। पुलिस ने एक वारंटी व 16 वांछितों को गिरफ्तार कर लिया।

### जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को जानलेवा हमले के दो आरोपियों ढकौली निवासी सचिन मिश्रा व प्रकाश वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सचिन के पास से एक तमंचा व कारतूस के साथ घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो बरामद की।

### पॉक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मसौली पुलिस ने शनिवार को सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चमरही स्टेशनपुरवा निवासी शिवम कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

### चाकू के साथ दो गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** टिकैतनगर पुलिस ने शनिवार को ग्राम सरायनेतामऊ निवासी महेन्द्र कुमार उर्फ आलम व ग्राम सरायबई निवासी अमरेश के पास से चाकू बरामद कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। विधिक कार्रवाई के बाद पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।

# वोटर हेल्पइलाइन एप से घर बैठे जानें हर चक्र का परिणाम

**व्यवस्था**

- गूगल प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड करना होगा एप
- ईसीआई की वेबसाइट पर भी मिलेगी मतगणना की जानकारी

**श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** चार जून को कड़ी सुरक्षा में मतणना होगी। लोग अपने मोबाइल से वोटर हेल्प लाइन एप के जरिए मतगणना की हर चक्र की जानकारी ले सकते हैं। यही नहीं, निर्वाचन आयोग की वेबसाइट ईसीआई डॉट जीओवी डाट आईएनपर से भी जानकारी ली जा सकती है। मतगणना की जानकारी हेल्पलाइन एप पर अपडेट की जाएगी।

मतदाताओं में प्रत्याशियों को प्राप्त होने वाले मत की जानकारी करने के लिए बेसब्री से इंतजार रहता है। पल-पल की अपडेट लेने के लिए वह मतगणना स्थल के बाहर डटे रहते हैं।



कुछ लोग फोन पर एक दूसरे से जानकारी करते हैं। इसके बाद भी पूरी जानकारी लोगों तक नहीं पहुंच पाती है। लेकिन अब लोगों को मतगणना स्थल तक दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी और न ही किसी को फोन कर अपडेट जानने की विवशता होगी।

निर्वाचन आयोग ने वोटर हेल्पलाइन एप जारी किया है। एप को डाउनलोड करने के लिए मतदाताओं को गूगल प्ले स्टोर पर जाना होगा। सर्च विकल्प पर जाकर वोटर हेल्पलाइन एप टाइप करना होगा। इसके बाद इस एप को डाउनलोड किया जा सकता है।

एप को डाउनलोड करने के दौरान नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी के साथ जिले का नाम अंकित करना होगा। उसके बाद एप डाउनलोड हो जाएगा। मतदाता अपने जिले के साथ ही किसी भी लोकसभा सीट का राउंडवार परिणाम एप के माध्यम से जान सकेंगे। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील पांडेय ने बताया कि वोटर हेल्पलाइन एप पर मतगणना से जुड़ी सभी जानकारी चार जून को उपलब्ध कराई जाएगी।

### मतगणना में 454 कर्मियों की लगी ड्यूटी

चार जून को नवीनमंडी परिसर में होने वाली मतगणना में तैनात कर्मचारियों को उसी दिन सुबह जानकारी होगी कि उनकी ड्यूटी किस टेबल पर लगी है। मतगणना कार्मिकों का अंतिम प्रशिक्षण तीन जून को होगा। 454 कामिकों की ड्यूटी मतगणना में लगी है। दूसरे व अंतिम चरण में उन्हें प्रशिक्षण में यह जानकारी मिल जाएगी कि उनकी ड्यूटी किस विधानसभा में लगी हुई है। मगर किस टेबल पर उन्हें गणना करना है, इसकी जानकारी चार जून को सुबह सात बजे होगी। सबसे पहले बैलेट पेपर की गणना सुबह आठ बजे की जाएगी। इसके बाद करीब नौ बजे ईवीएम के मतों की गणना शुरू होगी। उम्मीद है कि 11 बजे तक पहले चक्र की गणना पूरी होगी।

# जल सेवा के साथ लोगों को वितरित किये गये पौधे



पर्यावरण सप्ताह के तहत कार्यक्रम में मौजूद सीएमएस डा. बृजेश कुमार सिंह।

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** जिला चिकित्सालय पुरुष में शनिवार को शीतल जल सेवा के साथ लोगों को पौधे वितरित किये गये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बृजेश कुमार सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी के श्रीवास्तव, डॉ. राजेश कुशवाहा आदि मौजूद थे।

# जीएम ने सीएचसी पर पेयजल की व्यवस्था न होने पर जतायी नाराजगी

## एक्सपायर्ड दवाओं की नहीं मिल सकी जानकारी, व्यवस्थाएं सुधारने का दिया निर्देश

**रामनगर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जीएम सुधा यादव ने शनिवार को रामनगर सीएचसी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखी। परिसर में पेयजल की व्यवस्था न होने पर उन्होंने नाराजगी जतायी।

टीम के साथ जीएम सुबह करीब साढ़े 10 बजे सीएचसी पहुंचीं। उन्होंने अस्पताल परिसर का भ्रमण कर इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, स्टॉक रूम, पब्लिक हेल्थ केयर सेंटर, प्रसव कक्ष आदि का निरीक्षण किया। अस्पताल में मौजूद मरीजों से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान स्टोर रूम में उन्होंने दवाओं की उपलब्धता जानी। इस दौरान वहां रजिस्टर सही न मिलने और एक्सपायरी दवाओं के बारे में जानकारी न दे पाने पर नाराजगी जताई और व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएचसी में पेयजल की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। लैब के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौजूद एलटी दिलीप कुमार गुप्ता से आवश्यक जानकारी ली। एसी न लगाए जाने का कारण पूछा। इसके बाद जीएम सुधा यादव ने मरीज के पास मौजूद दवाइयों के पर्चों को देखा। उसमें डाक्टर के हस्ताक्षर के बाद पदनाम की मुहर नहीं लगी थी। जिस पर उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी डाक्टर दवा लिखे उसकी मुहर जरूर लगी होनी चाहिए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जीएम ने अस्पताल परिसर में पौधरोपण किया तथा हर्बल गार्डन बनाए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कोऑर्डिनेटर पंकज मौर्य आदि मौजूद थे।



सीएचसी रामनगर का निरीक्षण करतीं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जीएम सुधा यादव।

## दो जून की रोटी का सवाल है



बिना सेफ्टी किट के फाल्ट सही करता बिजलीकर्मी।



तपती दोपहरी में ठेले पर लदी सरिया लेकर जाता श्रमिक।



लखपेड़ाबाग चौराहे के पास शनिवार की दोपहर में 43 डिग्री तापमान पर ठेले पर लदी दाल लेकर जाता वृद्ध श्रमिक।

● सुभाष मिश्रा और शशांक अटल बाजपेई

# एसपीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में बिसवां ने जीती ट्राफी

**सूरतगंज, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** एसपीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शुक्रवार को पुलिस चौकी के निकट स्थित फील्ड में हुआ। इसका उद्घाटन पूर्व ब्लॉक प्रमुख बृजपाल सिंह ज्ञानू ने किया। फाइनल मैच बिसवां ने 32 रनों से जीत लिया।

पहला सेमीफाइनल मैच दानियाल इलेवन सूरतगंज व रामनगर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दानियाल इलेवन की टीम ने निर्धारित चार ओवर में 58 रन बनाए। रामनगर की टीम ने भी 58 रन बनाया। मैच का परिणाम सुपर ओवर से निकला । सुपर ओवर में रामनगर की टीम ने सूरतगंज को 11 रनों का लक्ष्य दिया। ऐसे में दानियाल इलेवन ने एक ओवर की अंतिम गेंद में छक्का जड़ कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमी फाइनल जामिया इलेवन सीतापुर और बिसवा के मध्य खेला गया। सीतापुर की ने चार ओवर में 48 रन बनाए। बिसवां तीन गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला दानियाल इलेवन सूरतगंज और बिसवा के बीच खेला गया। बिसवा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 6 ओवर में 77 रन बनाए। दानियाल इलेवन टीम ने सिर्फ 45 रन ही बना सकी। बिसवा टीम ने 32 रनों से जीत हासिल की।

### अधिवक्ताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बाराबंकी, अमृत विचार:** जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हिसाल बारी किदवई के नेतृत्व में शनिवार को बार सदस्यों व अधिवक्ताओं ने तीन सूत्री मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत भी रहे।

हिसाल बारी किदवई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र प्रताप यादव तथा महामंत्री अशोक वर्मा के संयुक्त हस्ताक्षरित ज्ञापन में रुदौली जिले का अभिन्न अंग रहा है। 31 अक्टूबर 2007 को तत्कालीन मायावती सरकार ने रुदौली तहसील को फैजाबाद में शामिल कर दिया था। इस दौरान अंशुमान सिंह, विनोद यादव, विजय कुमार पांडे और मदन लाल यादव सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# सात पौधे रोपकर बालिका ने मनाया सातवां जन्मदिन



जन्मदिन पर पौधा रोपित करती बालिका। अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम सभा गंगवारा के ग्राम प्रधान कमलेश रावत की पोती जानकी राज ने शनिवार को सातवें जन्मदिन पर सात पौधे लगाए। जानकी के पिता सीताकांत और माता का पूर्व में स्वर्गवास हो गया है। उसका पालन पोषण उसके दादा कमलेश रावत व दादी शांति देवी कर रहे हैं।

### विहिप ने निकाली पर्यावरण बचाओ यात्रा

**बाराबंकी, अमृत विचार:** विहिप की यूट्यूबर्स टीम के सदस्यों ने शनिवार पर्यावरण बचाओ संदेश यात्रा निकाली। इस यात्रा में पेड़ से ऑक्सीजन लेते हुए झांकी ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। नाका चौराहे से धनोखर होते हुए मुख्य मार्गों से होती हुई यह यात्रा नागेश्वर नाथ मंदिर पहुंची। जहां पर नीम, पीपल, बरगद व अन्य पौधे रोपे गए। यात्रा के दौरान विहिप कार्यकर्ताओ ने हाथ में पोस्टर लेकर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया। पर्यावरण बचाओ यात्रा का आयोजन नगर अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने किया। इस मौके पर यात्रा में शामिल होने वालों में बृजेश वैश्य, मंत्री अभिनव रस्तोगी, उपाध्यक्ष विभांशु गुप्ता आदि थे।

## सार-संक्षेप

### बूढ़े बाबा की दरगाह भाईचारे की मिसाल



बूढ़े बाबा की दरगाह पर चादर चढ़ाते राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम।

**सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार :** बूढ़े बाबा की दरगाह शरीफ सौहार्द एवं भाईचारे की मिसाल है। यही कारण है कि दिन प्रतिदिन प्रत्येक धर्म एवं समुदाय के जायरीनों की संख्या बढ़ती ही जा रही। ये बातें हजरत सैयद सालार साहू गाजी (रह.) 'बूढ़े बाबा' की दरगाह शरीफ पर वार्षिक उर्स के उद्घाटन अवसर पर जायरीनों के मध्य मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम ने कहीं। उन्होंने आस्ताने पर फूलों की डाली एवं चादरपोशी की और मुल्क-ए -कौम की सलामती की दुआएं मांगी। इस मौके पर प्रबन्ध कमेटी के सचिव चौधरी कलीम उद्दीन उस्मानी, मोहम्मद रियाज़, प्रभारी मेला सरफराज़ अहमद खां, फरजान उस्मानी, असगर अली अंसारी, फौज़ान उस्मानी, शुजा अहमद, राम सिंह आदि मौज़ूद रहे।

### भंडारे में उमड़े लोग, ग्रहण किया प्रसाद



भंडारे में प्रसाद लेते लोग। अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल के अलावा शनिवार को भी बजरंग बली के भक्त भंडारे आयोजित कर रहे हैं। शनिवार को शहर के छाया चौराहे से रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर जमुरिया पुल के निकट भक्तों ने भंडारे का आयोजन किया। पूजा-अर्चना के बाद बाद शुरू हुआ भंडारा शाम तक चला। इस अवसर पर रंजीत, प्रभु, मंगेश साहू, विष्णु, विशाल, शांति देवी, कल्पना, प्रेमा देवी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद मौजूद रहे।

### भंडारे का हुआ आयोजन, उमड़े भक्त



भंडारे में प्रसाद गृहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार :** नगर पंचायत रामसनेहीघाट के भिटरिया में समाजसेवी जितेंद्र कुमार गुप्ता उर्फ मंटू और रिशू गुप्ता ने ज्येष्ठ माह के शनिवार को भंडारे का आयोजन किया। भंडारे का उद्घाटन कोतवाली रामसनेहीघाट कोतवाल ओपी तिवारी ने किया। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य ज्ञान प्रकाश गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता उर्फ गुड्डू, बबलू गुप्ता, अरविंद गुप्ता, गोपाल गुप्ता, गोविंद गुप्ता, करन गुप्ता, दीपेंद्र गुप्ता, कन्हैया गुप्ता, वर्चस्व गुप्ता, दिनेश तिवारी, चन्द्र भूषण शुक्ला, राम नरायण मिश्रा, भोलानाथ मिश्रा, राम बाबू मिश्रा और मुकेश सहित परिवार के सदस्य सहित आदि मौजूद रहे।

### जयंती पर अहिल्याबाई को किया याद

**मसौली बाराबंकी, अमृत विचार :** अहिल्याबाई होल्कर की जयंती ग्राम बांसा में धनगर समाज के जिलाध्यक्ष जगदीश प्रसाद पाल की अध्यक्षता में मनाई गई। कुलदीप के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने अहिल्याबाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए। कुर्मी स्वाभिमान महासंघ के जिला संयोजक ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर मध्यकालीन इतिहास की ऐसी भारतीय शासक हैं जिन्हें उनके बेहतरीन सामाजिक और धार्मिक कार्यों के कारण देवी के रूप में जाना-पहचाना जाने लगा था। उन्होंने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने केवल अपने राज्य में मंदिरों का पुनरुद्धार नहीं किया बल्कि अपनी रियासत के बाहर देश के अलग-अलग हिस्सों में मंदिरों के पुनर्निर्माण, धर्मशाला बनवाने, अन्न क्षेत्र का संचालन करने और मंदिरों में समाज कल्याण के लिए विद्वानों की नियुक्ति की थी।

# नहरें सूखी, सिंचाई को किसान परेशान

**संवाददाता, माती, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** शारदा नहर का पानी बंद होने से सभी सहायक रजबहा व माइनर नहरें सूख गई हैं। इसके चलते किसान फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। महंगे डीजलचालित इंजनों से हर किसान फसल नहीं सींच पा रहा।

बंकी ब्लॉक के माती से निकली बरौली रजबहा, मुरादाबाद रजबहा हो या देवा क्षेत्र के टिकरिया, जबरी कलां रजबहा, सबका एक ही हाल है। इन सभी नहरों पर सैकड़ों गांवों की हजारों हेक्टेयर फसलों की सिंचाई निर्भर हैं। इन दिनों खरीफ फसलों में खरबूजा, तरबूज, लौकी, तोरई, मिर्च, मेंथा, मवेशियों को खिलाने की चरी जैसी फसलें बड़ी तादाद में लगी हैं। जिन्हें सप्ताह में दो बार सिंचाई की जरुरत होती है। मगर पखवाड़े भर से नहर का पानी बंद है। इससे फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। किसानों ने बताया कि बीते 10 वर्षों से नहर का पानी चंद दिनों तक ही बंद होता था। इस बार नहरें सूखी पड़ी हैं। किसानों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों का ध्यान इस समस्या की ओर आकृष्ट कराया है।



बंकी ब्लॉक के झंझरा गांव मेंसूखी नहर। अमृत विचार

### खेत में फंदा लगाकर किसान ने दी जान

**सतरिख, बाराबंकी: अमृत विचार :** खेत की रखवाली कर रहे एक किसान ने अपने ही खेत में बने एक कमरे में रस्सी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सतरिख थाना क्षेत्र के दियानतनगर गांव निवासी अम्बुज सिंह (34) पुत्र सुरेंद्र सिंह रोज की तरह गांव के बाहर स्थित खेत में लगी फसल की रखवाली करने के लिए चले जाते थे। शुक्रवार की रात खाना खा के खेत चले गए थे। शनिवार की सुबह खेत में ही बने एक ट्यूबवेल के कमरे में रस्सी के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। शौच के लिए जा रहे कुछ ग्रामीण ने देखा तो घर में सूचना दी।

# वीजा के नाम पर आठ लोगों से ठगे चार लाख

**संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** वीजा बनवाकर विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर 8 लोगों से चार लाख से अधिक रुपए ठगने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

सत्तिनपुरवा मजरे जुरौंडा निवासी वकील अहमद ने शिकायती पत्र में कहा है कि वह, सलमान, जाकिर अहमद, नेवाल, शेरआलम, मोबीन, इरफान, रिजवान रोजगार के लिए वीजा बनवाकर विदेश जाना चाहते थे। इसी बीच जानकारी हुई कि हाजी अब्दुल मन्नान पासपोर्ट का एजेंट है। कुछ माह बीतने के बाद शाकिर नाम का व्यक्ति इन लोगों के पास आया और अपने आप को हाजी अब्दुल मन्नान का पुत्र बताकर मोबाइल नंबर देकर वीजा बनवाने के लिए संपर्क को कहा। जब मोबाइल से शाकिर से संपर्क किया तो उसने कहा कि कुवैत का वीजा बनवाकर अच्छी जगह नौकरी भी दिला देंगे। उसकी बातों में आकर हम सभी ने उसके द्वारा दिए गए बैंक अकाउंट नंबर पर चार लाख से अधिक धनराशि जमा करा दी। इसके बाद प्रति व्यक्ति 18 हजार रुपए लेकर मेडिकल करवाया गया। इसमें तीन लोग अनफिट रहे। उन्हें फिट करने के लिए पुनः 18 हजार रुपए दिए गए। जब मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया तो फोन स्विच ऑफ हो गया।

**व्यवस्था** पांच जून से लागू होगी नई व्यवस्था, फर्जीवाड़े पर लगेगी रोक, जिले में 15 ब्लॉकों में हैं 1155 ग्राम पंचायतें

# बिल-बाउचर ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों में होने वाले खर्च के बिल, मस्टर रोल व वाउचर ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य कर दिया गया है। यह व्यवस्था पांच जून से लागू होगीं। बिल बाउचर अपलोड न होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा।

जिले में 15 ब्लॉकों में ग्राम पंचायतों की संख्या 1155 है। केंद्र व प्रदेश सरकार गांवों के विकास के लिए केंद्रीय व राज्य वित्त से तीन से चार माह में 20 से 25 करोड़ की धनराशि देती है। यह पैसा ग्राम पंचायत के खाते में आता है। अभी तक इस धनराशि से ग्राम प्रधान और सचिव डोंगल के जरिए सामग्री उपलब्ध कराने वाली फर्म को भुगतान करते हैं। इस भुगतान राशि का जिक्र पोर्टल पर तो किया जाता है लेकिन बिल व वाउचर अपलोड करने की अनिवार्यता नहीं है। इसके चलते इस धनराशि से ग्राम पंचायतों में कराए जाने वाले विकास कार्यों को लेकर सवाल भी उठते रहते हैं। बिना बिल व वाउचर के जिम्मेदार बड़े-बड़े खेल कर देते हैं। इस पर अंकुश लगाने के लिए शासन ने विकास कार्यों पर खर्च की गई धनराशि का बिल व वाउचर भी अपलोड करने की व्यवस्था तैयार की है। पांच जून से शुरू होने जा रही इस व्यवस्था में हर काम का बिल व वाउचर ऑनलाइन अपलोड करना होगा। ऐसा न करने पर ग्राम पंचायत निधि खाते से भुगतान नहीं हो सकेगा। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों के ऑडिट करने में आसानी होगी। हर साल ऑडिट के दौरान प्रधान व सचिव पूरे बिल व वाउचर नहीं उपलब्ध करा पाते हैं।




ई-ग्राम स्वराज पोर्टल।

> नई व्यवस्था के संबंध में सभी जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों को बता दिया गया है। इससे फर्जी भुगतान पर रोक लग सकेगी।
>
> -नितेश भोंडेले, डीपीआरओ

### अब पंचायत सचिवालय से ही होगा भुगतान

ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के भुगतान में होने वाली गड़बड़ियों पर लगाम लगाने के लिए व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। हर बिल, वाउचर या मस्टरोल को भुगतान से पूर्व अनिवार्य रुप से पोर्टल पर अपलोड करना होगा। भुगतान पंचायत सहायक के रजिस्टर्ड मोबाइल पर क्यूआर कोड प्राप्त करके उसके चेहरे की पहचान के बाद उसी कंप्यूटर से हो सकेगा, जिसकी जियो फेसिंग पंचायत सचिवालय पर की गई है।

### 70 लीटर शराब के साथ चार गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** फतेहपुर पुलिस ने शनिवार को चार आरोपियों पास से 70 लीटर कच्ची शराब बरामद कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया।

### आरोपी को भेजा जेल

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचारः** दुष्कर्म और पॉक्सो के आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। आरोपी पुलिस अभिरक्षा में था और उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा था। दुष्कर्म पीड़िता के घर वालों ने उसकी पिटाईकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था।

## एक नजर

### ओपीडी टाइम बंद रही, शाम को बनी सीटी स्कैन मशीन



**अयोध्या। अमृत विचार :** जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन का संचालन चौथे दिन शाम को शुरू हुआ। दिन भर मशीन के बंद रहने के कारण मरीजों को जांच कराने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। सेंटर इंचार्ज आशीष राय ने बताया कि टेबल का मोटर खराब हो जाने के कारण संचालन ठप हुआ था। शनिवार की शाम को मशीन चालू हो गई।

### बाइक सवार ने राहगीर को मारी टक्कर, तीन घायल

**रुदौली। अमृत विचार :** भारतीय स्टेट बैंक शाखा भेलसर के सामने अनियंत्रित गति से जा रहे बाइक सवार ने पैदल चल रहे राहगीर को पीछे से टक्कर मार दी। घटना में घायल तीन युवकों को सीएचसी रुदौली में भर्ती कराया गया है। रियाज निवासी भदरसा शनिवार को दोपहर कोतवाली रुदौली के भेलसर में हाईवे की सर्विस लेन में पैदल जा रहा था। पीछे बाइक सवार अतुल शुक्ला पुत्र मनदाता शुक्ला व रमन शुक्ला पुत्र संतोष शुक्ला निवासी रतनपुर थाना बाबा बाजार ने टक्कर मार दी। दोनों बाइक समेत राहगीर रियाज घायल हो गए। भेलसर चौकी प्रभारी मनीष चतुर्वेदी ने तीनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### अतिक्रमण से रामपथ पर हादसा, चार लोग जख्मी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सहादतगंज से नयाघाट तक रामपथ पर बनाए गए फुटपाथ पर अतिक्रमण से शनिवार को वी मार्ट के निकट पानी लदी खड़ी गाड़ी से एक ई-रिक्शा टकरा गया। जिसमें उस पर बैठी चार सवारियों को मामूली चोट आई। ई-रिक्शा का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

# हर घंटे भर्ती हो रहा एक मरीज, वार्ड फुल, बरामदे में इलाज

## जिला अस्पताल : भीषण गर्मी में बुखार व दस्त के मरीजों की आई बाढ़

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में हर घंटे उल्टी-दस्त और बुखार का एक मरीज भर्ती हो रहा है। इससे 36 बेड का मेडिकल वार्ड और 12 बेड का बच्चा वार्ड फुल हो गया है। मेडिकल वार्ड में तो बरामदे में बेड लगाकर मरीजों का इलाज किया जा रहा है। वार्डों में लगे पंखे हवा नहीं दे रहे हैं। कुछ खराब पड़े हैं। कूलर में पानी नहीं है। चलते हैं तो गर्म हवा फेंक रहे हैं। ऐसे में तेज धूप होने से मरीजों और तीमारदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जिला अस्पताल में 212 बेड हैं। इसके अलावा डेंगू वार्ड में भी उल्टी व दस्त के मरीजों को भर्ती किया जा रहा है, लेकिन तीन दिन से स्थिति दयनीय हो गई है। इमरजेंसी ओपीडी के फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव ने बताया कि तीन दिन से उल्टी और दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ी है। रोज करीब 26 मरीज अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं। मरीजों को तीन से चार दिन के लिए भर्ती किया जाता है। अचानक मरीज बढ़ने के करण बेड कम पड़ गए हैं। इसलिए अब मरीज के पहुंचने पर वार्ड में अगर बेड खाली रहता है तो दे दिया जाता है नहीं तो बरामदे में बेड लगाकर भर्ती कर ड्रिप चढ़ाई जाती है।

**▶▶ पंखे खराब, कूलर फेंक रहा गर्म हवा, मरीज परेशान**



मेडिकल वॉर्ड के हर बेड पर भर्ती हैं मरीज। अमृत विचार



जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड के बाहर बरामदे में भर्ती मरीज।

> हीट स्ट्रोक के शुक्रवार को पांच मरीज आए थे। उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या काफी बढ़ी है। मेडिकल वार्ड और बच्चा वार्ड फुल चल रहा है। बरामदे में लगे बेड के किनारे पर्दे लगवाए जाएंगे। कूलर में पानी की व्यवस्था कराई जाएगी। **- डॉ. उत्तम कुमार, सीएमएस**


### आरओ खराब, पेयजल की समस्या गहराई

**अयोध्या।** जिला अस्पताल में पेयजल की बड़ी परेशानी है। अस्पताल परिसर में लगे आरओ कई दिन से खराब पड़े हुए हैं। लोगों को पानी भरने के लिए बाहर ही जाना पड़ता है। अस्पताल प्रशासन इसकी सुधि ही नहीं ले रहा है। नए भवन के पास लगा आरओ कई दिनों से नहीं चल रहा है। इमरजेंसी वार्ड के बगल दान में मिला आरओ भी पानी नहीं दे रहा है। एचआईवी टेस्ट कक्ष के सामने लगे आरओ में पांच टोटियां लगी हुई हैं, जिसमें तीन खराब हैं। दो में कभी-कभी ही पानी आता है। वह भी गर्म। इसके अलावा परिसर में ऑक्सीजन प्लांट के निकट व ओपीडी परिसर में लगा हैंडपंप भी कई दिनों से खराब है।



जिला अस्पताल परिसर में खराब पड़ा आरओ।

### रात जैसे-तैसे कटी, नहीं बीत रहा दिन



सोहराब अली।

मिल्कीपुर के मंगेशवा के निवासी सोहराब अली शुक्रवार रात अपने मरीज मो. जलील को बुखार आने के बाद भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि बेड न होने पर मरीज को बरामदे में लिटा दिया गया है। रात तो जैसे तैसे कट गई, लेकिन दिन नहीं कट रहा है।

### व्यवस्थाएं बिल्कुल सही नहीं



सिद्धांत तिवारी।

हौसिला नगर निवासी सिद्धांत तिवारी ने बताया कि उन्होंने अपनी मां माधुरी तिवारी को अस्पताल में भर्ती कराया। वार्ड में बेड नहीं था तो बाहर ही भर्ती किया गया। दस्त की दिक्कत के बाद उन्हें ड्रिप चढ़ाई जा रही है। व्यवस्थाएं सही नहीं है।

### बरामदे में बेड पर भर्ती किया



रामसरन।

पूराबाजार के ऐमी आलापुर निवासी रामसरन ने बताया कि उनकी बेटी गुंजा को सांप ने डस लिया था। रात में अस्पताल लेकर आए थे। बरामदे में बेड पर भर्ती कराया है। हालत में अब सुधार है।

## व्यवस्था धड़ाम



जिला अस्पताल की एक तस्वीर यह भी है। दो दिन पहले गीता यादव का ऑपरेशन हुआ था। शनिवार को वह सर्जन को दिखाने जाते समय उन्हें स्ट्रेचर मिली न ही व्हील चेयर। परिजनों ने सहारा देकर डॉक्टर के पास पहुंचाया।



डेंगू वार्ड में जाम पड़े पंखे को घुमाने की कोशिश करता तीमारदार।

### श्रीराम अस्पताल में 24 घंटे में डायरिया के 24 मरीज भर्ती

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** श्रीराम अस्पताल में भी उल्टी, दस्त और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। प्रतिदिन लगभग 80 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। 24 घंटे में 24 से भी अधिक मरीज भर्ती हुए हैं। डॉ. इन्द्रभान विश्वकर्मा ने बताया कि इन दिनों डायरिया और बुखार से मरीज अधिक आ रहे हैं। जिसमें श्रद्धालु भी शामिल हैं। श्रद्धालुओं में गर्मी से बुखार का मुख्य लक्षण पाया जा रहा है। तेज धूप व लू का शिकार हो रहे हैं। अपील करते हुए कहा कि समय-समय पर पानी पीते रहे। कोशिश करें कि धूप में न निकलें। प्रशासनिक अधिकारी वाईपी सिंह ने बताया कि अस्पताल में हीटवेव के लिए 15 बेड का एक वार्ड आरक्षित किया गया है। मरीजों के लिए ओआरएस, इलेक्ट्रॉल पाउडर और अन्य दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।



श्रीराम अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती मरीज। अमृत विचार

# ऑनलाइन कमरा बुकिंग के नाम पर अयोध्या की धर्मशाला में ठगी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** ऑनलाइन होटल और धर्मशाला के कमरे की बुकिंग के नाम पर फर्जीवाड़ा और ठगी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला बरेली के श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल के साथ ठगी का आया है। उनसे अयोध्या के बिड़ला धर्मशाला में कमरा बुक करने के नाम पर पांच हजार की ठगी हुई है। पीड़ित ने साइबर क्राइम के टोल फ्री नंबर पर शिकायत के बाद नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है।

बरेली की श्री अग्रवाल सभा कल्याण समिति के अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल ने फोन पर बताया कि समिति ने जुलाई माह में रामलला के दर्शन का कार्यक्रम बनाया। इसके बाद लोगों के ठहरने के लिए ऑनलाइन होटल और धर्मशाला की तलाश शुरू की। सर्च में सांई नगर न्यू कॉलोनी अयोध्या स्थित चर्चित बिड़ला धर्मशाला का संपर्क नंबर व प्रबंधक का नाम हासिल होने के बाद उन्होंने प्रबंधक संजय धाकड़ से 10 जुलाई को 24 घंटे के लिए आठ वातानुकूलित कमरों के बुकिंग की बात की। प्रबंधक संजय ने इसका कुल किराया 12160 रुपये बताकर उनको व्हाट्सअप पर क्यूआर कोड भेज कर एडवांस भुगतान मांगा। उमानाथ ने बताया कि उन्होंने पांच हजार रुपये एडवांस पेमेंट कर दिया और शेष रकम 11 जुलाई को चेक इन के समय भुगतान की बात कही। इस पर कथित प्रबंधक ने पूरी रकम जमा कराने पर ही बुकिंग पूर्ण होने की बात कही और अवशेष रकम 7160 रुपए जमा करने के लिए कहा। उन्हें दाल में कुछ काला लगा तो उन्होंने आठ की जगह तीन कमरों की ही बुकिंग करने को कहा। इस पर कथित प्रबंधक संजय ने ऐसा करने और रकम वापस करने से इंकार कर दिया।



उमानाथ अग्रवाल, अध्यक्ष श्री अग्रवाल सभा, बरेली

**बरेली के श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष हुए शिकार**

**12160 किराया बताकर एडवांस वसूल लिए पांच हजार**

### संजय नाम का प्रबंधक नहीं

श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल व मीडिया प्रभारी एडवोकेट हर्ष कुमार अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने 28 मई को ऑनलाइन कमरा बुक किया था। ठगे जाने की आशंका पर बिड़ला धर्मशाला प्रबंधन से वार्ता की तो उन्होंने बताया कि यहां संजय धाकड़ नाम का न तो कोई प्रबंधक है और न ही धर्मशाला की ऑनलाइन बुकिंग होती है। इसके बाद टोल फ्री नंबर 1930 पर शिकायत की और वहां से भेजे गए लिंक के माध्यम से नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर लिखित शिकायत दर्ज कराई तो जांच के लिए बरेली नगर कोतवाली को आई है।

### पहले भी ठगे जा चुकें है लोग

अभी कुछ दिन पूर्व महाराष्ट्र निवासी शहरी नियोजन विभाग के एक पूर्व निदेशक राजन कोप के साथ ऐसा ही मामला प्रकाश में आया था। धार्मिक यात्रा पर निकले पूर्व निदेशक से अयोध्या के जानकी महल ट्रस्ट में 10 कमरे की बुकिंग के नाम पर छह हजार रुपये एडवांस लेकर ठग लिया गया था। पूर्व में शगुन समेत अन्य टीवी सीरियल की चर्चित अभिनेत्री सुरभि तिवारी समेत कई प्रांतों के श्रद्धालुओं के साथ इसी तरह की ठगी हो चुकी है।

### ट्रेंड में चल रहे संस्थान हो रहे ज्यादा शिकार

ऑनलाइन ठगों के निशाने पर ऐसे होटल और धर्मशाला है, जिनको ऑनलाइन ज्यादा सर्च किया गया। ठग इन्हीं होटल व धर्मशाला नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाते हैं और बुकिंग के नाम पर रकम अपने खाते में जमा करवा हड़प कर जाते हैं। वहीं कुछ ऐसे के नाम से वेबसाइट बनाई जाती है, जो ऑनलाइन बुकिंग ही नहीं करते हैं। जानकी महल ट्रस्ट और बिड़ला धर्मशाला के साथ ऐसा ही हो रहा है। रामजन्मभूमि परिसर के निकट अशर्फी भवन चौराहा स्थित श्रीराम भवन होटल के साथ भी ऐसा ही वाकया सामने आया था। साइबर ठगों ने होटल के कमरे और सुविधाओं की फोटो एक चर्चित वेबसाइट पर डाल न्यू श्रीराम भवन के नाम पर ठगी की थी।

### बिड़ला धर्मशाला के संचालक बोले - ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा नहीं

राममंदिर के निर्माण और निर्माणाधीन राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद देश के विभिन्न प्रांतों ही नहीं, बल्कि विदेशों से श्रद्धालुओं और पर्यटकों का आगमन बढ़ा है। इसके चलते अयोध्या में होटल और धर्मशाला के कमरों की मांग में बढ़ोत्तरी हुई है। इसी का फायदा साइबर ठग उठाने में जुटे हैं। कमरों की बुकिंग के नाम पर फर्जीवाड़ा कर रहे हैं। बिड़ला धर्मशाला के प्रबंधक आनंद यादव का कहना है कि अक्सर इस तरह की शिकायतें आती रहती हैं। उन्होंने इसकी लिखित शिकायत भी पुलिस से की है। उन्होंने बताया कि धर्मशाला की न तो कोई वेबसाइट है और न ही कमरों के ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा। बावजूद ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर ठगी का खेल जारी है।

> बुकिंग से पहले साइट की ठीक से जांच कर लें। वेरिफाइड ऑनलाइन होटल बुकिंग साइट का ही इस्तेमाल करें। लुभावने ऑफर और कम कीमत के लालच में न फंसें। फर्जी वेबसाइट का पता लगाने के लिए यूआरएल की स्पेलिंग का मिलान करें। ठगी का शिकार होने पर तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर फोनकर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। **- आलोक कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक, साइबर क्राइम थाना**

# छह साथियों के साथ सरयू में नहाने आया युवक डूबा, मौत

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही थाना के गांव बैदरापुर से सरयू में नहाने आए छह युवकों में से एक की डूबने से मौत हो गई। तीन घंटे के अथक प्रयास से पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अपने पांच साथियों के साथ एक कार से नहाने निकले गांव निवासी सुभम निषाद (21) पुत्र सुभाष निषाद ने पंप कैनाल के निकट ही नदी में छलांग लगाई थी। शुभम तैरना न जानने के कारण डूब गया। इसके अन्य साथियों ने घटना की जानकारी परिजनों और पुलिस को दी। गोताखोरों के करीब तीन घंटे के प्रयास के बाद घटनास्थल से 50 मीटर दूर शव बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि युवक का शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है। मौके पर रौनाही पुलिस के साथ प्रशिक्षु सीओ अरुण कुमार, ग्रामीण व परिजन मौजूद रहे।



# पांच सदस्यों वाले परिवार में हर तीन आदमी पी रहे ओआरएस का घोल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डायरिया से बच्चे ही नहीं बड़े भी पीड़ित हो रहे हैं। गांव के छोटे अस्पताल से लेकर शहर के बड़े अस्पतालों तक में मरीजों की बाढ़ आ गई है। निजी अस्पतालों में भी मरीजों की कतार लगी हुई है। जनरल ओपीडी में पहुंचने वाले 70 फीसदी मरीज उल्टी-दस्त व बुखार से ग्रसित है। ऐसे मरीजों के बढ़ते ही ओआरएस, ग्लूकोज बॉटल आरएल व इलेक्ट्रॉल की 90 फीसदी खपत बढ़ गई है।

फैजाबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी शरद सिंह ने बताया कि बीमारियों के बढ़ते ही प्रत्येक चिकित्सक मरीजों को ओरआरएस व इलेक्ट्रॉल पाउडर लिख रहा है। पेय पदार्थों की खपत बढ़ी है। उन्होंने बताया कि इसे ऐसे मान लीजिए कि पांच सदस्यों वाले परिवार में हर तीन आदमी ओआरएस घोल पी रहा है।

### अस्पतालों में बने कोल्ड रूम, एसी नहीं तो कूलर लगाए गए

हीट वेव के कहर से पीड़ित लोगों के उपचार के लिए जिले के सभी अस्पतालों के अलावा सीएचसी-पीएचसी में बेड रिजर्व किए गए हैं। इसके अलावा कोल्ड रूम भी बनाए गए हैं। सीएमओ डॉ. संजय जैन ने बताया दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखाया गया है। ओरआरएस घोल भी हर स्वास्थ्य केंद्रों पर रखवाए गए हैं। सोहावल प्रतिनिधि के अनुसार सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रेम चंद ने बताया कि हीट वेव से निबटने के लिए कोल्ड वॉर रूम की स्थापना की गई है। कोई मरीज अब तक नहीं मिला है।

# राम मंदिर ट्रस्ट के इंजीनियर को मिला ईडी का फर्जी नोटिस

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण की निगरानी और सहयोग के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से नियुक्त इंजीनियर जगदीश शंकर आफले को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का एक नोटिस मिलने का मामला प्रकाश में आया है। इंजीनियर की शिकायत पर प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ ज़ोन ने प्रारंभिक जांच में नोटिस फर्जी पाया। सहायक निदेशक ने अज्ञात के खिलाफ थाना राम जन्मभूमि में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के इंजीनियर जगदीश आफले को गत माह लेटर हेड पर जारी हुआ प्रवर्तन निदेशालय का नोटिस मिला था। परेशान इंजीनियर ने सहायक निदेशक प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ कार्यालय में पत्र के साथ नोटिस की छायाप्रति भेज जानकारी मांगी थी। जिसके बाद प्रवर्तन निदेशालय ने प्रारंभिक जांच की तो उनको नोटिस फर्जी मिला। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय लखनउ में सहायक निदेशक के पद पर तैनात रूचीन कुमार ने ट्रस्ट इंजीनियर के शिकायती पत्र व नोटिस की छाया प्रति के साथ थाना रामजन्मभूमि पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में सहायक निदेशक का कहना है कि प्रवर्तन निदेशालय के लेटर हेड पर जारी नोटिस में किसी भी प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय का पता नहीं दिया गया है। हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी का जो नाम दर्शाया गया है, उस नाम का कोई अधिकारी उत्तर प्रदेश के किसी प्रवर्तन कार्यालय में तैनात नहीं है। ऐसे में लगता है कि इंजीनियर को परेशान करने के लिए किसी ने प्रवर्तन निदेशालय के नाम पर फर्जी नोटिस बनाकर भेजा है। मामला प्रकाश में आने के बाद इंजीनियर जगदीश आफले से प्रकरण की जानकारी चाही गई लेकिन उन्होंने कुछ भी बोलने से इन्कार कर दिया। रामजन्मभूमि थाने के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय का कहना है कि प्रवर्तन निदेशालय के सहायक निदेशक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की विवेचना कराई जा रही है।

## सार-संक्षेप




पखावज कार्यशाला में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### 15 दिवसीय पखावज प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

**अयोध्या। अमृत विचार :** रामनगरी में पखावज की कार्यशाला का शुभारंभ शनिवार को प्रमोदवन स्थित विश्व कला संगीत आश्रम में हुआ। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ के सौजन्य व हनुमत विश्व कला संगीत आश्रम के सहयोग से पखावज की ग्रीष्मकालीन प्रस्तुतिपरक कार्यशाला एक से 15 जून तक चलेगी। प्रशिक्षक व मृदंग सम्राट पागल दास के शिष्य विजय रामदास ने बताया कि हनुमत विश्व कला संगीताश्रम प्रमोदवन में यह कार्यशाला प्रतिदिन शाम चार से छह बजे तक होगी। पहले दिन की कार्यशाला में 18 छात्र-छात्राओं को मृदंग वादन की बारीकियां सिखाई गईं।

### बच्चों ने खेल गतिविधियों का लिया आनंद



समर कैंप के दौरान छोटे बच्चों के साथ खेलते प्रधानाचार्य।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** महाराजा पब्लिक स्कूल में छह दिवसीय समर कैंप का शनिवार को समापन हुआ। कैंप में विद्यालय की नर्सरी से कक्षा दो के छात्र-छात्राओं ने बड़े उल्लास के साथ रोचक गतिविधियों में प्रतिभाग करते हुए हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि विद्यालय की अध्यापिकाओं श्वेता पांडेय, कनीज बानो, मीना तिवारी, सीमा श्रीवास्तव, आरती श्रीवास्तव, मिथलेश शुक्ला, अंकिता पांडे आदि कार्यक्रम संजोजिका दीप्ति सिंह के नेतृत्व में प्रतिदिन सुबह दो घंटे बच्चों के साथ रहकर विभिन्न खेल कूद, क्रिएटिव, आर्ट, क्राफ, डांस, इंग्लिश स्पीकिंग, कुकिंग, योग आदि क्रियाओं का अभ्यास कराया। कैंप के अंतिम दिन विद्यालय प्रबंधक विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र व निदेशक शैलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र ने सफल आयोजन पर प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया।

### जल प्रबंधन समिति ने दिए पेयजल व्यवस्था के निर्देश

**अयोध्या, अमृत विचार :** भीषण गर्मी को लेकर अब जिला पंचायत की जल प्रबंधन समिति ने अधिशासी अभियंता ग्रामीण जल निगम और सभी खंड विकास अधिकारियों को पत्र भेजा है। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त चौराहों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जल प्याऊ आदि के इंतजाम के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत जल प्रबंधन समिति के सभापति इंद्रभान सिंह की ओर से जल निगम और विकास खण्डों को पत्र जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि सभी प्रमुख मार्ग, चौराहों व गांवों में स्थापित हैडपम्प/ ट्यूबेल को शत प्रतिशत क्रियाशील किया जाए। सूखे तालाबों/जलाशयों में जल भरा जाए।

# 44.5 डिग्री सेल्सियस पर तपा जिला, बस में यात्री की मौत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले का तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच ही चल रहा है। शुक्रवार की देर शाम हवाएं चलने के बाद शनिवार को तापमान में मामूली कमी देखी गई। अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उधर, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर मिल्कीपुर के पास एक व्यक्ति के बस में मौत हो जाने का समाचार मिला है।

आजमगढ़ जिले के थाना महाराजगंज क्षेत्र के जमालपुर गांव निवासी श्याम सुंदर यादव पुत्र मुन्ना लाल यादव (40) लखनऊ में सिक्योरिटी गार्ड थे। वह शुक्रवार को घर जा रहे थे। यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी रामचंद्र वर्मा ने बताया कि यात्री की तबीयत खराब होने की जानकारी गाजीपुर से लखनऊ जा रही प्राइवेट बस चालक ने कंट्रोल रूम को दी थी। बस जब माइल स्टोन 81 पर पहुंची तो यात्री को यूपीडा की एम्बुलेंस से उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात डॉ. अनमोल पाठक ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में पहुंचे पुत्र अभिनव ने बताया कि उनकी तबीयत कभी खराब नहीं रही है। पुलिस चौकी प्रभारी एनडीए अरविंद पटेल ने बताया कि डॉक्टरों ने बताया कि हीट वेव स्ट्रोक के चलते मौत हो सकती।

**कवायद** | प्रेरणा पोर्टल पर दर्ज करना होगा उपस्थिति का ब्योरा, महानिदेशक के निर्देश जारी

# केजीबीवी में अब दिन में तीन बार होगी हाजिरी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में अब एक दिन में तीन बार हाजिरी लगाई जाएगी। साथ ही हर दिन ऑनलाइन उपस्थिति का ब्योरा भी प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करना होगा। विद्यालयों में शिक्षिकाओं व स्टाफ के गायब रहने की शिकायतें लगातार मिलने के बाद यह सख्ती की जा रही है। ऐसे में अब छात्राओं के साथ-साथ शिक्षिकाओं व स्टाफ पर भी पैनी नजर रखी जाएगी। टैबलेट पर चेहरा दिखाकर उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने एक निर्देश जारी कर कहा है कि लगातार अनुपस्थित रहने की शिकायतें जांच टीमों के माध्यम से मिल रही हैं। ऐसे में सभी कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में उपस्थिति पर निगरानी की जा रही है। एक दिन में सुबह, दोपहर व रात्रि में उपस्थिति दर्ज कर इसका ब्योरा प्रेरणा पोर्टल पर ऑनलाइन भेजना होगा। सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह टीमें गठित कर विद्यालयों की जांच करें। अनुपस्थित शिक्षिकाओं व स्टाफ का वेतन काटा जाए। छात्रावास की सुविधा के बावजूद अगर छात्राएं अनुपस्थित हो रही हैं तो अभिभावकों से इस पर पूछताछ की जाए।

### हाजिरी के आदेश को लेकर मची खलबली

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में तीन टाइम हाजिरी के आदेश को लेकर हड़कंप मच गया है। कस्तूरबा के स्टाफ बचाव का भी रास्ता तलाश रहे हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में आवासीय व्यवस्था है। यहां बालिकाओं के लिए छात्रावास की व्यवस्था होने के कारण आने वाली शिकायतों के मद्देनजर तीन समय ऑनलाइन हाजिरी के निर्देश दिए गए हैं। जिले के 11 ब्लॉकों में संचालित कस्तूरबा में पहली बार ऐसी व्यवस्था की जा रही है। जिससे भविष्य में किसी तरह की अप्रिय घटना की संभावना न रहे। कुछ दिनों पहले कई कॉलेजों में स्टाफ द्वारा उत्पीड़न की खबरें सामने आईं थी जिसके कारण यह नई व्यवस्था लागू की जा रही है।

> आदेश के तहत कार्य शुरू करा दिया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी को जांच के लिए लगाया गया है। जिले में 11 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हैं। जहाँ साढ़े तीन हजार शिक्षक व कर्मचारी तैनात हैं। **- संतोष कुमार राय, बेसिक शिक्षा अधिकारी।**

## एक नजर

### चौकीदार की अंतिम यात्रा में थाना प्रभारी ने दिया कंधा

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोपालपुर निवासी सीताराम यादव (80) की शुक्रवार की शाम लंबी बीमारी के बाद मृत्यु हो गई। मृतक दोस्तपुर थाने में चौकीदार का काम करता था। मौत की खबर पर थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय अपने पुलिस बल के साथ मृतक के घर शनिवार की सुबह पहुंच कर अर्थी में कंधा लगाया व परिजनों को ढांढस बंधाया।

### किशोरी को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** रात में घर से शौच करने गई किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी शुक्रवार की रात लगभग 10:30 बजे घर से शौच करने के लिए निकली। किंतु वह घर वापस नहीं आई। काफी खोजबीन के बाद जब किशोरी का पता नहीं चला। शनिवार को किशोरी के बाबा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार मां-बेटे घायल

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के बेदूपारा लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर जौनपुर की तरफ से आ रहे बाइक पर बैठ कर जा रहा युवक ट्रक की चपेट में आ गया जिससे मां बेटे घायल हो गए। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। अयोध्या जनपद के बीकापुर निवासी बृजेश कुमार अपनी मां को बाइक पर बैठ कर जा रहा था। तभी ट्रक की चपेट में आ गया और मां बेटे घायल हो गए। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

# 24 घंटे में मिले चार शव, दो की नहीं हो सकी शिनाख्त

## कोतवाली नगर, हलियापुर, गोसाईगंज और कुड़वार थाना क्षेत्रों में संदिग्ध हालात में शव मिलने से मचा हड़कंप

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** बीते 24 घंटे में जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में चार लोगों के शव संदिग्ध परिस्थिति में पाया गया है। किसी के भी शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। वहीं स्थानीय लोगों की मानें तो गर्मी के चलते इन लोगों की मौत हुई है। हालांकि, अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। मिले शवों में अब तक दो की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस का मानना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत की स्थिति स्पष्ट होगी।

कुड़वार थाना क्षेत्र के तिलक तिवारी का पुरवा में नाले के समीप शुक्रवार की शाम एक शव पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर में कुड़वार -अलीगंज रोड पर टहल रहा था। नाले के पास गिरने से उसके सिर पर मामूली चोट आई है। कुड़वार थाना प्रभारी अरूण कुमार द्विवेदी ने बताया कि पंचनामा भर शव को मर्च्युरी भेजा गया है।

वहीं, शनिवार की सुबह जिला मुख्यालय स्थित रोडवेज स्टेशन पर एक शव पाया गया। सूचना पर पहुंचे नगर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। लोगों ने बताया कि एक बैग लेकर रात में टहल रहा था। रात में पंखे के नीचे सो गया था। नगर कोतवाल श्री राम पांडेय ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को मर्च्युरी भेजा गया है। शिनाख्त का प्रयास चल रहा है।



हलियापुर में शव मिलने की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस। अमृत विचार

गोसाईगंज संवाददाता के अनुसार शुक्रवार की देर शाम गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सुदनापुर रोड पर भरथीपुर गांव के समीप एक शव मिला। सूचना पर पहुंचे दारोगा अमित सिंह ने शव को कब्जे में लेते हुए शव के शिनाख्त का प्रयास किया। शव की शिनाख्त स्थानीय थाना क्षेत्र के भरथीपुर गांव निवासी मोहन लाल के रूप में हुई। परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

विंदेश्वरीगंज संवाददाता के अनुसार शनिवार की दोपहर हलियापुर थाना क्षेत्र से होकर गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के टोल के समीप सर्विस लेन पर एक शव मिला। सूचना पर पहुंची हलियापुर पुलिस ने शव के शिनाख्त का प्रयास किया, देर शाम पुलिस को सफलता मिली। हलियापुर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मिले शव की शिनाख्त काफी प्रयास के बाद ही गई है। इसी थाना क्षेत्र के चौधरीपुर निवासी बलजीत मिश्र के 30 वर्षीय पुत्र सौरभ मिश्र के रूप में हुई है। पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए, शव भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया गर्मी से युवक की मौत प्रतीत हो रही है। फिलहाल, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही सही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला युवती का शव

**कूरेभार, सुलतानपुर :** जिस युवती की तीन माह पूर्व धूमधाम से शादी हुई थी उसका शव संदिग्ध परिस्थिति में फंदे से लटकता हुआ पाया गया। पुलिस के साथ उपजिलाधिकारी बल्दीराय व फोरेंसिक टीम भी घटना स्थल का निरीक्षण किया है। कूरेभार थाना क्षेत्र के धनजई गांव में शुक्रवार की रात प्रतिभा (22) पत्नी राहुल कुमार अग्रहरि की घर के अंदर पंखे के हुक से गले में साड़ी के फंदे के सहारे लटकता शव देखकर परिजनों के होश उड़ गए। अभी तीन माह पूर्व फरवरी को मृतका की शादी हुई थी। मृतक का पति एक निजी अस्पताल में प्राइवेट नौकरी करता है। थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये शवविच्छेदन गृह भेज दिया गया। रिपोर्ट आने के बाद स्थित स्पष्ट हो पाएगी।

# नकदी समेत लाखों के जेवरात चोरी

- तहरीर मिलने पर मामले की जांच करने पहुंची पुलिस
- चोरों ने नकब लगाकर दिया घटना को अंजाम

धनपतगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना धनपतगंज अंतर्गत खारा गांव के पूरे बुद्धि दुबे में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया है। नकब लगाकर घर में दाखिल चोरों ने नगदी सहित लाखों के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की जानकारी घरवालों को सुबह जागने पर हुई। जिसकी लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है, फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।

शुक्रवार की रात चोरों ने पूरे बुद्धि दुबे गांव के राम नाथ दुबे के घर चोरी की। पीड़ित का परिवार जब सुबह उठा तो देखा की घर के अंदर का दरवाजा बंद था। जब घर के पीछे जा कर देखा तो पीछे की दीवार में नकब लगी थी और सारा सामान इधर उधर बिखरा पड़ा था। जब सामान की जांच की तो कमरे मे रखे एक सूटकेस सहित एक सोने की चैन, एक मटर माला, एक सोने की झुमकी, एक अंगूठी, एक एक पायल, एक पायजेब, एक मांग मेहंदी, एक पीतल का थाल, और 7000 रुपये नकद गायब हैं। चोरी की तहरीर रामनाथ के बेटे लव कुश दूबे ने थाना धनपतगंज पर दी है। एसओ ने बताया कि जांच की जा रही है।



खारा गांव में घर के पीछे की दीवार काटकर की गई चोरी। अमृत विचार

## सीएम को गाली देने वाला युवक गिरफ्तार

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** बीते दिनों सीएम योगी आदित्यनाथ को गाली देने, आईटी अधिनियम का वांछित युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया। लंभुआ कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा हमराहियो के साथ शनिवार को क्षेत्र में थे। तभी सूचना मिली कि सीएम को गाली गलौज देने का आरोपी नरहरपुर क्रासिंग के आगे कुबेरशाहपट्टी मोड़ पर खड़ा है। तत्परता दिखाते हुए कोतवाली प्रभारी ने उसे हिरासत में लेकर कोतवाली आए। पकड़े गए युवक की शिनाख्त चांदा थाना क्षेत्र के तातोमुरैनी निवासी यासीन खान के रुप में हुई। प्रभारी कोतवाल ने बताया कि पकड़े गए युवक को न्यायालय भेजा गया था जहां से जेल से भेजने की कार्रवाई की गई।

# सोनू सिंह की सजा पर अपील निरस्त

- एमपीएमएलए जज ने 4 जून तक कोर्ट में समर्पण करने का दिया अवसर

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जेसीबी से दीवार ढहाने, मारपीट कर गाली देने के दोषी इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र उर्फ सोनू सिंह व दो अन्य की अपील शनिवार को एमपीएमएलए न्यायालय की विशेष जज एकता वर्मा ने निरस्त कर दी। सभी को 4 जून तक न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का अवसर दिया गया है।

अपील 6 जुलाई को विशेष मजिस्ट्रेट द्वारा सुनाई गई सजा को चुनौती देते हुए दायर की गई थी। मायंग निवासी बनारसी लाल कसौधन ने सोनू सिंह समेत अन्य के खिलाफ लिखाई थी। उनके अनुसार 25 फरवरी 2021 को सुबह आठ बजे उनके गांव के पूर्व विधायक चन्द्र भद्र सिंह सोनू, उनके भाई मोनू सिंह, सिंटू जेसीबी लेकर आए। घर में घुस गए। असलहे दिखाकर उन्हें व बेटे अनिल को मारा पीटा। जब उनके बेटे व भतीजे डर के मारे भग गए तो इन लोगों ने उनके मकान की दीवार व गेट जेसीबी व हाथ से गिरा दिया। विवेचना में मोनू की नामजदगी गलत पाई गई, जबकि सोनू, सिंटू व जेसीबी चालक अमेठी निवासी रुक्सार पर मुकदमा चला। अभियोजन के 9 गवाह परीक्षित हुए थे। जिनके आधार पर तीनों को मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने 6 जुलाई 2023 को सजा सुनाने के बाद जमानत पर रिहा कर दिया था। उसी आदेश के विरुद्ध यह अपील दायर की गई थी। सोनू सिंह के अधिवक्ता रूद्र प्रताप सिंह मदन ने बताया कि आदेश का परिशीलन कर रिवीजन उच्च न्यायालय में दायर की जाएगी।

### आरोपी ने किया सरेंडर

**सुलतानपुर :** संग्रामपुर थाना क्षेत्र में आठ साल पूर्व बलवा, हत्या की धमकी समेत अन्य आरोपों में आरोपी अवधेश ने नियमित जमानत के लिए कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह ने बताया कोर्ट मजिस्ट्रेट अंकिता सिंह ने आरोपी की अंतरिम जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। कोर्ट ने बचाव पक्ष व अभियोजन को सुनने के बाद रिहाई का आदेश दिया। वहीं, आरोपी को 10 जून को नियमित जमानत के लिए कोर्ट में सरेंडर करना होगा।

# लोको पायलट मुख्यालय की बंदी पर प्रदर्शन

- नार्दन रेलवे मेन्स यूनियन अन्य संगठनों के साथ उतरी सड़क पर

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** रेलवे स्टेशन सुलतानपुर से लोको पायलट मुख्यालय बंद करने के विरोध में बीते दिनों नार्दन रेलवे मेन्स यूनियन ने लोको पायलट लाबी के सामने धरना प्रदर्शन किया था। शनिवार को उत्तरी रेलवे मजदूर यूनियन और अखिल भारतीय लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के साथ संयुक्त रूप से धरना प्रदर्शन किया।

प्रशासन के द्वारा सुलतानपुर में कार्यरत समस्त लोको पायलट का मुख्यालय बंद करने की बात प्रशासन के द्वारा की जा रही है। जो लोको पायलट के हित में नहीं है मुख्यालय बंद होने से लोको पायलटो को दूसरी जगह जाना पड़ेगा। जिससे या तो वह लोग परिवार से दूर होगे नही तो बच्चो की पढ़ाई बाधित होगी।उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के शाखा मंत्री पंकज दूबे ने बताया शनिवार के बाद तीन जून को और विशाल धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस मौक़े पर एलआरएसए के शाखा मंत्री अमर बहादुर पांडेय, एससी एसटी एसोसिएशन के शाखा मंत्री अमृतलाल, मंडल मंत्री तुलसीराम, गौरव सिंह, पवन यादव , शाखा मंत्री अमित केसरी, रजनीश मिश्रा, जयंत सिंह, अजय पाल, रईस अहमद, रवि प्रकाश यादव, बबलू सिंह, पीपी वर्मा, लाल जी, रामयज्ञ, रामलौट सिंह, पवन यादव आदि मौजूद रहे।



रेलवे स्टेशन पर धरना-प्रदर्शन करते लोको पायलट व रेलकर्मी। अमृत विचार

## भीषण गर्मी में राहगीरों को पिलाया गया शरबत

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** दीवानी में शनिवार को एक विशेष शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो ट्रेजरार अजय पांडेय के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस मौके पर बार अध्यक्ष अरविंद पांडेय ने हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महासचिव आर्तमणि मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विद्याभूषण पांडेय, बलराम तिवारी, पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा, करुणा शंकर दुबे, नगेन्द्र सिंह, अशोक तिवारी, शिवपूजन दूबे, अमरनाथ पाण्डेय,अजय सिंह आदि रहे। गोसाईगंज संवाददाता के अनुसार सैफुल्ला गंज चौराहे पर राहगीरों को शरबत वितरण किया गया। सहयोग में साहिल, इमरान, सारिक, कैफ आदि लोग मौजूद रहे।

# तमंचे से हर्ष फायरिंग, पुलिस का दावा कोई चोटिल नहीं

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** मांगलिक कार्यक्रम के दौरान अवैध तमंचे से हर्ष फायरिंग का मामला सामने आया है। हर्ष फायरिंग से एक युवक खुद को घायल बता रहा है। वहीं पुलिस किसी के घायल होने से इंकार कर रही है।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बनके गांव (फूटेहरी) गांव में नीरज के घर शुक्रवार की रात बरही का कार्यक्रम था। कार्यक्रम के दौरान नौटंकी नाच चल रही थी। तभी गांव के ही आदित्य कुमार अवैध तमंचे से फायर कर दिया। नौटंकी देखने दोस्तपुर थाने के बबुरीपुर गांव निवासी विकास (26) को गोली उनकी दाढ़ी को छूती हुई निकल गई। घायल विकास को सीएचसी कादीपुर लाया गया। जहां इमरजेंसी में मौजूद डा. एसआर यादव ने उसका उपचार किया। चिकित्सक की मानें तो युवक गोली लगने की बात बता रहा था। लेकिन चिकित्सीय परीक्षण में गोली लगने की पुष्टि नहीं हो पाई।

> अवैध तमंचे से हर्ष फायरिंग हुई थी। किसी को गोली नहीं लगी है। जो युवक घायल बता रहा है उसे अन्य कारणों से चोट आई थी। जिसका इलाज हुआ है। जांच चल रही है। पूरी होने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। - **विनय गौतम,** सीओ कादीपुर

## सार-संक्षेप

### लापरवाही: 24 घंटे जल रहीं हाई माक्स लाइटें

**धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** आखिर कैसे होगा बिजली का लोड कम और बिजली की कैसे होगी बचत। जब दिन में भी सड़कों पर लगे हाई माक्स लाइट जलती रहेंगी। जन प्रतिनिधियों द्वारा बाजारों और कस्बों मे लगायी गयी क्षेत्र की दर्जनों हाई माक्स लाइट दिन रात जलती रहती है। इनको ऑन ऑफ करने से बचने के लिए डायरेक्ट कर दिया गया है। हरौरा बाजार, चंदौर धनपतगंज जैसे कई स्थानों पर लगी लाइटें 24 घंटे जलती रहती है। बिजली विभाग भी इस लापरवाही से बेखबर है।



दिन में जल रही हाई माक्स लाइट।

### खड़े ट्रक से टकराई कार, दो घायल

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लखनऊ वाराणसी फोरलेन स्थित बैंती कला टोल प्लाजा के समीप हाइवे किनारे एक ट्रक खड़ा था। जौनपुर की तरफ से आ रही फॉर्च्यूनर कार ट्रक के पीछे जा टकराई। हादसे में कार सवार दो लोग घायल हो गये। हादसा इतना भयावह था कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों की पहचान वाराणसी कैंट स्थित चंदुआ के काशी विद्या पिंड रोड निवासी हेमंत सिंह (52) पुत्र कामता सिंह एवं वाराणसी के सिंघौरा स्थित चकदुल्ला फूलपुर बसंतपुर निवासी सदानंद (46) पुत्र रामूराम के रूप में हुई है। एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा ले जाया गया। जहां स्थिति गंभीर होने की दशा में चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



चांदा में खड़े ट्रक में घुसी कार।

### गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने को चलाएंगे अभियान

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** गर्मी की तेज तपन से जहां पशु पक्षी, पेड़ सहित मानव जीवन पर गहरा संकट छा रहा है, वही बेजुबानों की देखभाल करने का काम कर रही राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जमीन पर उतरकर पशु सेवा प्रेम करते दिखाई दे रहे है। राष्ट्रीय और रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह व जिला महामंत्री जयशंकर दूबे के संयुक्त तत्वाधान में संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए व्यापक रूप से अभियान चलाया जा रहा है। चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत जिला महामंत्री जयशंकर दुबे ने बताया कि जिले में लगभग 44 गौशालाओं का निर्माण सरकार द्वारा कराया गया है। संगठन के प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए अभियान के अंतर्गत प्रत्येक जनपद के जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए प्रदेश सरकार से गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग मजबूत से किया जाएगा।

# दरोगा बन मुकदमे में समझौते के नाम पर लिए 24 हजार

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** पड़ोसी से चल रहे मुकदमे में समझौते के लिए दारोगा बन 24 हजार ले लिया। अपने साथ हुए छल की भनक लगते ही पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर लिया है।

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सेमरी दरगाह निवासी सफीक अहमद ने थाने पर तहरीर दी है। उसने बताया कि उसकी सास का गांव के ही वारिस से मुकदमा चल रहा है। 22 मई को अपने आप को दारोगा अरविंद बताते हुए फोन कर चल रहे मुकदमे में समझौते की बात कही। जिसके लिए उसने 60 हजार का खर्च बताया, जिस पर वह तैयार हो गया। कथित दारोगा ने एक स्कैनर भेज पैसा मांगा तो उसने 24 हजार रुपए भेज दिया। 30 मई को फिर अरविंद ने फोन करके कहा कि वारिस को भेज रहा हूं, उसे पैसा दे दो। उसी दिन वारिस आकर पांच हजार रुपए ले गया। आस पास के लोगों से जब इस बारे में चर्चा की तो पता चला अरविंद नामक व्यक्ति उसके साथ छल कर रहा है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि सफीक की तहरीर पर अरविंद व वारिस के खिलाफ छल करने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल टाटिया नगर चौकी इंचार्ज गुलाबचन्द पाल को दी गई है।

## सती कथा का वर्णन सुन भक्त भावविभोर

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचारः** क्षेत्र के तिरहुत बाजार में स्थित सिद्धपीठ श्री हनुमानगढ़ी मंदिर के भव्य प्रांगण में चल रही सात दिवसीय श्रीराम कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को शिव पार्वती विवाह की कथा सुनाई गई। मां कामख्या धाम से पधारे आचार्य मनोज मिश्रा के द्वारा शिव पार्वती विवाह की कथा का वर्णन किया गया। उन्होंने सती चरित्र, राजा दक्ष की कथा, सती का पार्वती अवतार, शिव प्राप्ति के लिए सती की तपस्या आदि प्रसंग सुनाए गए। इस अवसर पर बाबा करुनानिधान पांडेय, शुभम अग्रहरि, जियाराम पुजारी रामलाल गुप्ता, दिलीप अग्रहरि, लव कुश अग्रहरि, विपिन अग्रहरी आदि मौजूद रहे।

# समाज सेवा में उम्र बाधा नहीं: एसडीएम

- सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार को एसडीएम ने किया सम्मानित

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सेवानिवृत्त होने के बाद भी हम समाज सेवा कर सकते हैं। समाज के लिए बेहतर कार्य करके समाज को नई दिशा दे सकते है। उक्त विचार लंभुआ तहसील में तैनात नायब तहसीलदार दुर्गा प्रसाद उपाध्याय के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह के दौरान एसडीएम लंभुआ दीपक वर्मा ने व्यक्त किया।

लंभुआ तहसील सभागार में आयोजित विदाई समारोह में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम श्री वर्मा ने सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार श्री उपाध्याय को अंगवस्त्र, फूल माला पहना कर व बुके देकर सम्मानित किया। एसडीएम श्री वर्मा ने कहा कि कर्मी जब तक सरकारी नौकरी में रहता है। तब तक अपना कार्य बखूबी निभाते हैं। नौकरी के दौरान कभी-कभी थोड़ा ऊपर नीचे होता रहता है। इसका मतलब यह नहीं कि इंसान काम करना छोड़ दे, बल्कि उसे और बेहतर काम करना चाहिए। वहीं, सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार श्री उपाध्याय ने कहा कि मुझे लंभुआ तहसील की जनता ओर से ढ़ेर सारा प्यार और स्नेह मिला है। जिसे मैं कभी भुला नहीं पाऊंगा। उन्होंने यह भी कहा कि नौकरी में हमने बहुत सारे कार्य किया और नौकरी के बाद भी क्षेत्र व समाज के लिए कार्य करता रहूंगा।



सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार को सम्मानित करते एसडीएम। अमृत विचार




सम्मानित किए गए मेधावी छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### अहिल्याबाई होल्कर की मनाई गई 299वीं जयंती

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय धनगर महासभा व लोकमाता अहिल्याबाई होलकर सेवा समिति ट्रस्ट सुलतानपुर के द्वारा अहिल्याबाई होल्कर की 299वी जयंती मनाई गई। साथ ही समाज के हाईस्कूल व इंटर में 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र व अहिल्याबाई होलकर की छाया चित्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, समाज के रिटायर्ड हुए लोगों को प्रशस्ति पत्र व लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की छाया चित्र देकर सम्मानित किया गया।, ठाकुरदीन पाल मेमोरियल जन सेवा ट्रस्ट के द्वारा विशाल शरबत वितरण का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्गावती पाल, विशिष्ट अतिथि राम नयन पाल, कार्यक्रम की अध्यक्षता बिंद्रा प्रसाद पाल ने की।कार्यक्रम श्याम बहादुर पाल, डा राजवंत पाल, डा अंजनी पाल, मनोज पाल अवधवासी, अधिवक्ता राजिक राम पाल, डा अजय पाल, चंद्रभान पाल, बलराम पाल, अधिवक्ता सौरभ पाल, राकेश पाल आदि के सहयोग से संपन्न हुआ।

### प्लास्टिक का उपयोग न करने की ली शपथ

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** समाजसेवी संस्था इंडिया एंटी करप्शन फोर्स ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वातावरण को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाने के लिए संगठन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ शपथ ली। यहां पर एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की भी शपथ ली गई। इस मौके पर आर एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद पाण्डेय, सुभाष तिवारी, मनोज कुमार दूबे, सुधाकर मिश्र, राम उजागिर पाण्डेय, अरुण उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

**निरीक्षण** हीट वेव से बचाव, प्रबंधन व राहत के लिए किए गए उपायों को परखा

# सीडीओ ने राजकीय मेडिकल कॉलेज का लिया जायजा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी के चलते जन जीवन बेहाल हो गया है। गर्मी व लू के चलते लोग बीमार हो ईलाज के लिए अस्पताल पहुंच रहें हैं। बीमारो की संख्या बढ़ने से अस्पताल में भारी भीड़ उमड़ रही है। चारों तरफ अफरा तफरी मची हुई है। वही सीडीओ के निरीक्षण में सब आल इज वेल पाया गया है। शनिवार को सीडीओ अंकुर कौशिक ने शासन के गाइड लाइन व हीट वेब के चलते राजकीय मेडिकल कालेज का निरीक्षण किया। सीडीओ के निरीक्षण के दौरान सीएमओ डा ओ पी चौधरी मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डा. सलिल श्रीवास्तव सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने हीट वेब से बचाव, प्रबंधन एवं राहत के लिए किए गए उपायों को देखा। साथ ही इमरजेंसी वार्ड, आईसीयू वार्ड, दवाओं की उपलब्धता, उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सीएमओ ने बताया कि हीट वेब से बचाव के लिए अस्पताल में 20 अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की गई हैं। साथ ही ओआरएस घोल को अस्पताल परिसर में आठ जगह रखा गया है, जिससे अस्पताल आने वाले मरीज व तीमारदार ओआरएस घोल पी सके। साथ ही ओआरएस, आइस बैग व सभी जरूरी दवाएं उपलब्ध है। गर्मी को देखते हुए इमरजेंसी वार्ड में कूलर की भी व्यवस्था की गई हैं। सीडीओ ने निरीक्षण के दौरान निर्देश देते हुए कहा कि हीट वेब से बचाव के लिए सभी आवश्यक दवाएं व पर्याप्त स्टाफ संरक्षित रखें। साथ ही जिले की सभी सीएचसी पर हीट वेब से बचाव में सतर्कता बरती जाए। साथ हीट वेब से बचाव, प्रबंधन एवं राहत के किए गए उपाय में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। निरीक्षण के दौरान ए सीएमओ डा लालजी, सीएमएस डा एस के गोयल, डा आर के यादव, डा सन्तोष सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

> शासन से मिली गाइड लाइन पर मेडिकल कालेज का निरीक्षण किया गया। हीट वेब से पीड़ित के लिए चार वेंटिलेटर, 16 वातानुकूलित बेड आरक्षित किया गया है। बचाव के सारे उपाय के साथ दवा भी उपलब्ध है। जिले में हीट वेब से अब तक एक भी मौत की पुष्टि नहीं हुई हैं। - **अंकुर कौशिक,** सीडीओ सुलतानपुर



मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते सीडीओ अंकुर कौशिक। अमृत विचार

## कई चमगादड़ों की एक साथ मौत

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** करौंदीकला के हरीपुर में यादव बस्ती पेट्रोल पंप के पश्चिम कई चमगादड़ मृत पाए गए। पशु चिकित्साधिकारी ने चमगादड़ों के शवों का पोस्टमार्टम कराया है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि अत्यधिक गर्मी के कारण इनकी मौत हुई है। हरीपुर व पहाड़पुर कला बार्डर पर पेड़ तथा बांस पर लटके चमगादड़ों की मौत से आसपास के ग्रामीण दहशत में हैं। कुछ लोग चमगादड़ों की मौत भीषण गर्मी बता रहे हैं तो कुछ इसे अज्ञात बीमारी बता रहे हैं। ग्रामीणों ने चमगादड़ों की मौत के संबंध में उपजिलाधिकारी कादीपुर समेत तहसीलदार व वन विभाग को सूचित कर दिया था, लेकिन कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

## एक नजर

### तीन वांछित गिरफ्तार

**जायस, अमेठी, अमृत विचार।** पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग के दौरान वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम लालप्रताप, भगवानदीन (42), रामबाबू (35) निवासीगण पूरे बाराखां मजरे मोहना हैं। पुलिस ने तीनों को शनिवार सुबह करीब 8 बजे गंगागढ़ चौराहे से गिरफ्तार किया।

### सात वर्ष का कारावास व 50 हजार का जुर्माना

**अमेठी, अमृत विचार।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस की मजबूत पैरवी से एनडीपीएस एक्ट के अभियुक्त को न्यायालय ने सात वर्ष का कठोर कारावास और 50,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। न्यायालय एडीजे- 7 रायबरेली में एनडीपीएस एक्ट थाना मोहनगंज के अभियुक्त संतोष कुमार निवासी लोथई मौजा बर्रा थाना जामो जनपद अमेठी को दोष सिद्ध पाये जाने पर सजा सुनाई गई। अर्थदण्ड न अदा करने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी। मामले में एनडीपीएस एक्ट थाना मोहनगंज पर पंजीकृत होकर विवेचक उप निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा द्वारा विवेचना की गयी।

### धान बीज की दुकान में लगी आग, नुकसान

**पुरवा, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के धर्मापुर गांव निवासी जितेंद्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि डेला मोड़ पर दुकान लेकर कीटनाशक दवाओं व धान बीज विक्रय की दुकान खोल रखी है। शुक्रवार सुबह वह दुकान पहुंचा तो दुकान से धुआं निकलता देख जैसे ही सटर उठाया तो करीब सात लाख रुपये की कीटनाशक दवाए व धान के बीज जलकर राख हो चुके थे।

### बिसरा किया सुरक्षित

**पुरवा, उन्नाव।** कस्बे के मिर्री चौराहा के पास मोहल्ला दुर्गापुर निवासी गुडडू (42) का शव पड़ा मिला था। परिजन ने हत्या का आरोप लगाया था। शनिवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित किया गया है। परिजनों ने गांव में अंतिम संस्कार कर दिया है।

# हीटवेव का असर : एक सप्ताह के कार्यक्रम रद

## सीएमओ ने बैठक कर अस्पतालों में अलग से वार्ड बनाने व अन्य सुविधाओं के दिए निर्देश

संवाददाता, मुसाफिरखाना, अमेठी

**अमृत विचार।** हीटवेव और भीषण गर्मी से हो रही मौतों से जिला प्रशासन भी सतर्क हो गया है। इसके चलते अगले एक सप्ताह तक कई कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए हैं। वहीं सूत्रों के अनुसार जिला अस्पताल में शुक्रवार को लू लगने से बीमार चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो बुजुर्ग शामिल हैं।

हीटवेव से हो रही मौतों और बढ़ते मरीजों को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने शनिवार को सीएमओ कार्यालय के स्टाफ और उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के साथ बैठक की। सीएमओ ने सभी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक से भर्ती



मरीजों के इलाज के लिए अलग से वार्ड बनाने एवं उपचार सम्बन्धी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं। हीट स्ट्रोक से ग्रस्त मरीजों के लिए अस्पतालों में अलग से वार्ड बनाने के निर्देश दिए गए। जिला आपदा प्रबंधन इकाई की ओर से फिर से एडवाइजरी जारी की गई है। पिछले एक सप्ताह के भीतर जिले में आधा दर्जन मौतें हो चुकी हैं। सभी मौतों में कारण हीट स्ट्रोक सामने आया है, हालांकि स्वास्थ्य विभाग इसकी पुष्टि करने से बच रहा है। चार मौतों के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों में लू और हीट स्ट्रोक से पीड़ित मरीजों के लिए अलग वार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं।

### कॉफी, शराब व सॉफ्ट ड्रिंक के सेवन से बचें

जिला प्रशासन ने कहा है कि तापमान अधिक होने पर ज्यादा मेहनत वाले काम कम करें। अथवा सूर्योदय या सूर्यास्त के बाद करें। कॉफी, शराब, सॉफ्ट ड्रिंक का उपयोग कम करें। यह शरीर को डिहाइड्रेड करते हैं। साफ पीने योग्य पानी का अधिकतम प्रयोग करने के साथ नींबू-पानी, छाछ अथवा लस्सी आदि का प्रयोग करें। किसी भी तरह की बेचैनी, सिरदर्द या शरीर का तापमान बढ़ने पर निकटवर्ती स्वास्थ्य केन्द्र पर सम्पर्क करें, जहां बचाव हेतु आवश्यक सुविधा उपलब्ध है।

### दोपहर 12 से शाम 4 बजे घर पर रहें

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अर्पित गुप्ता ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी सूचना के मुताबिक आने वाले कुछ दिनों में हीट वेव बने रहने की सम्भावना है। जिससे आगामी दिनों में तापमान बढ़ने की सम्भावना के कारण जिला आपदा प्रबन्धन विभाग द्वारा आम नागरिकों के लिए हीटवेव (लू) से बचाव के लिए आवश्यक उपायों को अपनाने की सलाह दी गयी है। बताया कि दोपहर में 12 से 4 बजे तक अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न निकलें। यदि जरूरी कार्य से बाहर निकलना ही पड़े तो छाता का प्रयोग अवश्य करें। हल्के वस्त्र तथा सिर को ढक कर बाहर निकलें। आवश्यकतानुसार पानी की बोतल अवश्य साथ में रखें। समस्त ईंट भट्ठा के मालिक निर्माण कार्यदायी संस्था अपने यहां काम करने वाले श्रमिकों को तापमान बढ़ने पर दोपहर में 12 से 4 बजे तक काम न करायें। कार्यस्थल पर श्रमिकों के लिए छायादार व्यवस्था एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बताया कि छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाएं एवं बुजुर्ग व्यक्तियों को लू से बचाव करना अत्यंत आवश्यक है। मानव जीवन के साथ-साथ पशु पक्षियों का जीवन भी उतना ही महत्वपूर्ण है एवं जन सामान्य पशुओं के लिए साफ पीने के पानी का प्रबन्ध करने के साथ ही पक्षियों के लिए दाना एवं पानी रखेंगे। उन्होंने बताया कि धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं जानवरो को न छोड़ें।

# सीएचसी भेटुआ पर उल्टी व दस्त के पहुंचे दर्जनों मरीज

संवाददाता, अमेठी

▸▸ इलाज के साथ हीटवेव से बचने को किया गया जागरूक

**अमृत विचार।** जनपद के भेटुआ में भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं। भेटुआ सीएचसी पर मरीजों की संख्या बढ़ रही है जिसमें उल्टी और दस्त के मरीज अधिक आ रहे हैं। शनिवार को सीएचसी पर 150 मरीज पहुंचे, जिनमें ज्यादातर उल्टी-दस्त के ही थे। सीएचसी प्रभारी अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि गर्मी अधिक पड़ रही है, इसमे हीटवेव बहुत बढ़ रहा है। सीएचसी आने वाले सभी मरीजों और उनके परिजनों को हीटवेव से बचने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।

मरीजों को बिना जरूरी कार्य के बाहर न निकलने, घर से बाहर निकलने पर धूप से बचान करने, धूप और गर्मी से चलकर आने के बाद तुरंत पानी न पीने, खाली पेट घर से बाहर न निकलने, समय समय पर ओआरएस का घोल लेते रहने की सलाह दी जा रही है। स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष पाण्डेय ने बताया कि सीएचसी पर राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मलेरिया रोधी माह को लेकर एक अभियान शुरू किया गया है। जिसको लेकर सीएचसी भेटुआ पर बैठक की गई है। जिसमे मलेरिया रोधी माह 1 जून से 30 जून तक चलाया जायेगा। बैठक में लोगों को साफ-सफाई रखने, घरों में या अगल-बगल गड्ढों या कूलर में पानी जमा न होने देने सहित अन्य जानकारी दी गई है।

# ग्राम पंचायत सहायक का चेहरा देखकर ही खुलेगा कम्प्यूटर

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** पंचायतीराज विभाग की नई व्यवस्था के तहत अब ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के घर पर या उनके किसी अन्य ठिकाने पर पंचायतीराज विभाग के कम्प्यूटर नहीं लगाए जाएंगे। बल्कि यह कम्प्यूटर प्रत्येक ग्राम सचिवालय में ही संचालित होंगे। यह कम्प्यूटर तभी काम करेंगे जब ग्राम पंचायत सहायक अपने रजिस्टर्ड मोबाइल फोन से पंचायत गेट-वे ऐप पर क्यूआर कोड प्रमाणित कर लॉगिन करेंगे। ग्राम पंचायत सहायक का चेहरा देखकर ही कम्प्यूटर खुलेगा। इससे ग्राम सचिवालय में उनकी उपस्थिति भी सत्यापित होगी। बीती 24 मई को पंचायती राज निदेशक अटल कुमार राय ने यह पत्र जिला पंचायतीराज अधिकारी को जारी किया है। इसमें निर्देश दिए गए हैं कि सभी पंचायत सहायक द्वारा अपने मोबाइल फोन पर पंचायत गेट-वे मोबाइल एप और पंचायत गेट-वे पोर्टल पुन इंस्टाल करें। इस आदेश के मुताबिक पंचायत सहायक एकाउंटेंट-कम-डाटा इण्ट्री आपरेटर द्वारा ही अपने रजिस्टर्ड मोबाइल फोन से पंचायत गेट-वे ऐप पर क्यूआर कोड प्रमाणित कर लॉगिन किया जा सकेगा। पंचायत सचिवालय में स्थापित कम्प्यूटर सिस्टम से ही सभी भुगतान किये जा सकेंगे। पंचायतीराज विभाग का कहना है कि अब पंचायत सचिवालय में ही कम्प्यूटर संचालित होंगे। जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी ने कहा कि नया नियम का पालन करने का आदेश सभी संबंधित को दिया गया है।

# वन विभाग ने पकड़ी प्रतिबंधित लकड़ी

**हसनगंज, उन्नाव, अमृत विचार।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के फरहदपुर गांव के पास स्थित धर्मकांटा में मुखबिर की सूचना पर वन विभाग की टीम ने अचानक छापा मारा। इसमें टीम को एक ट्रक प्रतिबंधित लकड़ी बरामद हुई। टीम के छापा मारने पर वहां हड़कंप मच गया। बताया गया कि इससे पहले ही वहां से एक ट्रक चालक काफी मात्रा में लकड़ी लेकर फरार हो चुका था। बता दें कि बीते काफी दिनों से फरहतपुर गांव के पास शिव कुमारी धर्मकांटा पर अवैध रूप से प्रतिबंधित लकड़ी खरीदी व बेची जाती थी। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर रेंजर राजवीर सिंह सिंगर के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने धर्मकांटा पर छापा मारा। छापे जानकारी होने पर एक चालक लकड़ी से भरा ट्रक लेकर वहां से भाग गया।

# अघोषित विद्युत कटौती से परेशानी

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** गर्मी और उमस के कारण लोग परेशान हैं। हीट अधिक होने के कारण बिना हवा के रह पाना लोगों के लिए मुश्किल साबित हो रहा है। गर्मी के मौसम में नगर से लेकर ग्रामीण अंचल तक अघोषित विद्युत कटौती से उपभोक्ता काफी परेशान है। ग्रामीण अंचल में सुबह 10 बजे के बाद विद्युत सप्लाई कट जाती है। शाम को ही बिजली दोबारा ग्रामीणों को मिलती है। इस हिट के मौसम में लोगों को समय काटना मुश्किल साबित हो रहा है।

कई उपभोक्ताओं ने बताया कि जीवन का सबसे अधिक गर्मी इस वर्ष पड़ रही है मौजूदा तापमान इस समय 46 पर हो चुका है जिले में हीट स्ट्रोक के कारण मौतें भी हो रही है। लोग काफी परेशान है। गर्मी से बचने के लिए हर व्यक्ति कूलर पंखे और एक का सहारा ले रहा है किसी भी विद्युत विभाग की ओर से अघोषित विद्युत कटौती से भी लोग काफी परेशान है। ग्रामीण अंचल में सुबह 10 बजे के बाद बिजली गायब हो जाती है। शाम 4 बजे के बाद ही आती है। इस अघोषित विद्युत कटौती के दौरान लोग घर से निकलकर खुले में हवाओं की तालाश करते हैं। इस समय नगर में कई बार बिजली कट रही है। शनिवार को अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया है। आर्द्रता 27 प्रतिशत रही। हवाएं 10 किलोमीटर प्रति घंटे की दर से चली।

### तालाब व पोखरों में पानी भरने के निर्देश

**गौरीगंज ,अमेठी अमृत विचार।** भीषण गर्मी के दृष्टिगत जिलाधिकारी निशा अनंत ने पशु-पक्षियों और मवेशियों के लिए स्वच्छ पेयजल के इंतजाम के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर नलकूप विभाग की ओर से अमृत सरोवर, तालाबों और पोखरों में पानी भरवाया जा रहा है। पिछले महीने 24 मई से नौतपा के कारण भीषण गर्मी से जन जीवन प्रभावित हैं। नहरों में पानी न आने से जानवरों के लिए पानी का संकट है। सभी तालाबों में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं है। डी एम निशा अनंत के निर्देश पर नलकूप विभाग सभी राजकीय नलकूपों को संचालित करने के साथ नलकूप कमांड एरिया में स्थित तालाबों को भरवा रहा है। अमृत सरोवर और तालाब भरने का काम शुरू हो गया है। इसके पूर्व एक माह पहले जल जीवन मिशन की ओर से संचालित पेयजल परियोजनाओं से 80तालाब भरवाए गए थे।

# हाईवे किनारे झाड़ियों में मिला युवक शव

**अमेठी, अमृत विचार।** इन्हौना थाना क्षेत्र के लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर बाजार शुकुल रोड के किनारे झाड़ियों में युवक का शव पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक की पहचान शिवरतनगंज के रतवलिया मंझार गांव के रहने वाले अनिल यादव के रूप में हुई है। वह ढाबे पर काम करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। पुलिस ने घटना की सूचना पर परिजनों को दी। शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे ढाबे के लिए घर से निकला था। लेकिन घर नहीं पहुंचा। युवक के शव पर चोट के गंभीर निशान हैं, हत्या कर शव झाड़ियों में फेंके जाने की आंशका जताई गई है। एसएचओ पंकज द्विवेदी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# धर्म के मार्ग पर संकट आएं तो घबराना नहीं चाहिए

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** भेटुआ के सेमरा गांव में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को कथा व्यास ने सती चरित्र और बालक ध्रुव की कथा सुनाई। कथा व्यास पंडित गंगा सागर तिवारी ने सती चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि अपने पिता दक्ष के द्वारा शिव जी के अपमान को न सहकर उन्होंने पतिव्रता नारी शक्ति का अभूत पूर्व परिचय दिया। बालक ध्रुव चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि महज पांच साल की उम्र में ही भक्त ध्रुव ने भगवान की गोद की तलाश में अनेकों कष्ट सहन किए।

बालक ध्रुव के जंगल में जाते हुए अनेकों यातनाओं को सहते हुए आगे बढ़ते रहने पर देवर्षि नारद ने उन्हें लौटाने का भरसक प्रयास किया लेकिन बालक ध्रुव अपने मजबूत संकल्प पर अडिग रहा। व्यास ने कहा कि आज भी हम सबको बालक ध्रुव के दृढ़ विश्वास को याद करते हुए और उसे अपने जीवन में उतारते हुए धर्म मार्ग पर आने वाले संकटों को सहन करते हुए आगे बढ़ते रहना चाहिए। धर्म मार्ग में आने वाले संकट हमे मजबूत बनाते हैं। कथा यजमान पंडित बाबू लाल तिवारी एवं राम राज त्रिपाठी ने श्रोताओं का स्वागत किया। पंडित अवधेश तिवारी के साथ आचार्य अनिल पांडेय ने विधि विधान से पूजन कराया। इस मौके पर साधू तिवारी, जगत नारायण मिश्र, हरि शंकर मिश्र, के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। आयोजक मंडल में राम मणि त्रिपाठी,कामता मणि त्रिपाठी, श्याम मणि त्रिपाठी, विष्णु मणि,दीपक तिवारी के साथ समस्त आयोजकों ने लोगों का आभार व्यक्त किया।

# खनन में लगीं ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सीज

संवाददाता, बाजार शुकुल, अमेठी

**अमृत विचार।** खनन के खिलाफ एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में बाजार शुकुल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लंबे समय से अवैध खनन की मिल रही सूचना पर शुक्रवार देर रात पुलिस ने खनन स्थल पर छापा मारकर छह ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़ा है। जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर खनन में लगे लोग व श्रमिक फरार हो गये। पुलिस ने सभी ट्रैक्टर ट्रालियों को सीज कर दिया है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

पुलिस को सूचना मिली कि बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के मंगरौली में कई ट्रैक्टर-ट्रालियां लगाकर



पुलिस द्वारा सीज की गईं टैक्टर-ट्रॉली। अमृत विचार

अवैध खनन हो रहा है। थानाध्यक्ष तनुज पाल पुलिस टीम के साथ मंगरौली स्थित बाग पहुंचे जहां पर खनन में लिप्त छह ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया गया। वहीं पुलिस को आता देख मौके से मजदूर, ट्रैक्टर चालक और खनन माफिया अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। थानाध्यक्ष ने ट्रैक्टर ट्रालियों को थाने पर लाकर ग्रामीणों से जानकारी की। इसके बाद सभी ट्रैक्टर-ट्रालियों को सीज करके चालक, मजदूरों और खनन माफिया की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### हैकर ने खाते से उड़ाये 28 हजार रुपये

**शुक्लागंज, उन्नाव।** पोनी रोड स्थित एक गारमेंट्स दुकानदार को झांसे में लेकर हैकरों ने हजारों रुपये पार कर दिये। पीड़ित ने साइबर सेल से शिकायत की है। बदरका निवासी मुश्ताक अहमद की पोनी रोड झंडा चौराहे के पास गारमेंट्स की दुकान है। उसने बताया कि दोपहर के समय उसके फोन बैंक से फोन आया। जिस पर उसने जो भी जानकारी पूछी तो उसने बता दिया। इस दौरान हैकर ने उससे एक एप डाउनलोड कराया। जिसके बाद एटीएम की फोटो मांगी। इस दौरान मोबाइल पर 28,490 रुपये की रकम निकल गई।

### संघ पदाधिकारी को शिक्षकों ने दी श्रद्धांजलि

**तिलोई अमेठी, अमृत विचार।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रथम जिला अध्यक्ष जगदीश प्रसाद तिवारी की स्मृति में शनिवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। जिसमें स्व. तिवारी की शैक्षिक और सांगठनिक सेवाओं का स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के महामंत्री रमाकांत मौर्य ने कहा कि स्व. तिवारी हमारे संगठन की नींव के पत्थर थे। उनके मार्गदर्शन



पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के दिवंगत पदाधिकारी को श्रद्धांजलि देते शिक्षक।

में ही अमेठी जनपद में संगठन का विस्तार हुआ है। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंत्री गुरुचरण गौतम ने कहा कि श्री तिवारी सरल और विनम्र स्वभाव के धनी थे। उन्होंने संगठन में ईमानदारी और निष्ठा से काम करने की सीख दी है।


## वर्ग पहेली-88

**बाएं से दाएं**

2. 1. जो उचित न हो, नामुनासिब, बेजा 2. बुरा।
4. बहुधा, प्राय:, अनेक बार, बार-बार।
5. 1. किसी कार्य या बात के रूप में किया हुआ आंशिक परिवर्तन 2. विभिन्न रूपों के बीच का अंतर।
8. सार्वजनिक इमारतों
10. 1. साठ वर्ष की उम्र का होना 2. बुड्ढा होना, बूढ़ा हो जाना 3. साठ वर्ष से अधिक की आयु होने पर मानसिक शक्ति का कमज़ोर होना या याददाश्त क्षीण होना।

**ऊपर से नीचे**

1. वह स्थान जहाँ चार रास्ते मिलते हों, चौरास्ता, चौमुहानी।
3. किसी कर्मचारी को एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर नियुक्त किया जाना, स्थानांतरण।
6. 1. पानी से सराबोर करना 2. खेत आदि को पानी से सींचना।
7. 1. कठिनता से घुसना।
9. 1. (भूगोल) मिट्टी का एक प्रकार, बाढ़ आदि के द्वारा बहा कर लाई गई मिट्टी 2. कछारी भूमि।



### वर्ग पहेली -87 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | रा | यु | ■ | ■ | ■ | 2 स |
| ■ | ■ | ■ | 3 अ | व | ता | री |
| 4 ब | लि | वे | दी | ■ | ■ | ह |
| न | ■ | ■ | पि | ■ | 5 दे | ■ |
| फू | ■ | 6 उ | त | रा | व | ■ |
| ल | ■ | मा | ■ | ■ | रा | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 7 गु | हाँ | ज | नी |

### सुडोकू -1

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | 4 | 8 | | |
| 5 | | 9 | | | 3 | | 6 | |
| | 3 | | 9 | | 1 | | | 5 |
| | | 1 | | | | 9 | | 2 |
| 3 | 9 | | | | | | 1 | 7 |
| 7 | | 5 | | | | 4 | | |
| 1 | | | 6 | | 9 | | 7 | |
| | 4 | | 2 | | | 6 | | 1 |
| | | 8 | 5 | | | | | 9 |

### सुडोकू -166 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 |
| 7 | 2 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 8 | 4 | 9 | 6 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 3 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 3 जून 02.41 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 3 जून 01.40 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष:** आज भाषा की मर्यादा का विशेष ध्यान रखें। लोग आपको गुस्सा दिलाने का प्रयास करेंगे। गुप्त शत्रु आपको काफी लंबा नुकसान पहुंचा सकते हैं। धन को लेकर आप काफी परेशान हो सकते हैं। ऋण लेने के कारण आपको परेशानी महसूस होगी।

**वृष:** आज परिवार का माहौल बहुत अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में अपेक्षा से बेहतर परिणाम मिलेंगे। नौकरी में आय बढ़ने की संभावना बन रही है। बच्चों को लेकर कोई समस्या दूर होगी। परिस्थितियों को लेकर आप काफी प्रसन्न रहेंगे। लोग आपसे काफी आकर्षित हो सकते हैं।

**मिथुन:** आज प्रबंधन से जुड़े कार्यों में उत्तम सफलता मिलेगी। परिजन आपसे किसी गंभीर मामले पर चर्चा कर सकते हैं। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। मन में किसी बात को लेकर असुरक्षा हो सकती है। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**कर्क:** आज घर के बुजुर्ग आपसे काफी खुश रहेंगे। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। सेहत को लेकर सावधान रहें। धूप में निकलने से बचें। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों में सफलता मिलेगी। प्राचीन विद्याओं को सीखने की रुचि मन में हो सकती है।

**सिंह:** आज कार्यक्षेत्र में डाटा अथवा सूचनाओं में त्रुटियां हो सकती हैं। अपने कम्प्यूटर या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। अपनी क्षमता से ज्यादा काम न करें। इससे एक तो आपके काम रुकेंगे दूसरा आपकी विश्वसनीयता में भारी कमी आ सकती है।

**कन्या:** आज अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। होटल कारोबारियों की आय बढ़ सकती है। नए कार्यों की शुरुआत की योजना बना सकते हैं। आपसे लोग काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको प्रबुद्ध लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**तुला:** आज अपने विरोधियों की गतिविधियों पर ध्यान रखना आवश्यक है। किसी अपरिचित व्यक्ति से आपको काफी मदद मिल सकती है। आप जॉब को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। मन में अज्ञात भय रहेगा। स्थान परिवर्तन को लेकर परिवार में चर्चा करेंगे।

**वृश्चिक:** आज व्यापारी अपने ग्राहकों को लेकर थोड़े कठोर हो सकते हैं। स्वार्थी भाव रखने के कारण कुछ लोग आपसे दूरी बनाने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक मामलों को तूल न दें। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**धनु:** आज व्यक्तिगत कार्यों के लिए आप दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। घर के सदस्य भी असंतुष्ट हो सकते हैं। अपने घर की चर्चा बाहर वाले लोगों से करना उचित नहीं होगा। विरोधी आपका नुकसान करने की योजना बना सकते हैं।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। यदि आप अपने प्रेमी को विवाह के लिए प्रपोज करना चाह रहे हैं तो दिन बेहद शुभ है। आपकी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। संतान की उन्नति पर गर्व होगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर आपका प्रभाव मजबूत होगा।

**कुंभ:** आज आप कुछ महत्वपूर्ण लोगों से संपर्क करना चाहेंगे,किंतु ध्यान रखें गुप्त बातों को शेयर न करें। अनिर्णय की स्थिति में हैं तो अपने मित्रों से सहयोग ले सकते हैं। विवादित मामलों पर प्रतिक्रिया न करें। आप घर पर आराम करना पसंद करेंगे।

**मीन:** आज घर पर रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। संपत्ति पर निवेश करने के लिए समय शुभ है। नया कारोबार शुरू करने में सहयोगियों की मदद मिलेगी। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। कुछ अच्छी सूचनाएं मिलने से आपकी चिंता दूर होगी।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
लोहा — सुबह : 09.23
गुरुदेव — शाम : 04.26

**SONY PIX**
स्पाइडर मैन — सुबह : 10.29
द अनहोली — रात : 07.26

**SONY MAX**
आजा नचले — सुबह : 09.50
हर दिल जो प्यार करेगा — शाम : 06.00

**ZEE CINEMA**
रॉकस्टार — सुबह : 10.00
आप तो ऐसे न थे — रात : 07.20

**colors CINEPLEX**
जॉनी दुश्मन — दोपहर : 12.05
स्पाई — रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म





सोनी मैक्स पर शाम : 06.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मां-बेटा इतनी लिपस्टिक लगा के कहां जा रही है?
बेटी - मां मैं कॉलेज जा रही हूं
मां- बेटी तुझे कोई लड़का पसंद है क्या?
बेटी खुश होके - हां मां बहुत पसंद है
मां - तो उस कमीने से बोल दे कि तेरी शादी वर्मा जी के बेटे से तय कर दी है।

चिंटू- भाई समोसा खाएगा?
मिंटू- नहीं ,आज मेरा व्रत है।
चिंटू- भाई मेरी तरफ से है।
मिंटू- मीठी चटनी डालकर लाना

# प्राचीन राष्ट्र भारत



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

ब्रिटेन ने भारत का शासन हथिया लिया। शासन चलाने के लिए उन्हें भारतीय इतिहास की जानकारी की आवश्यकता प्रतीत हुई। 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आ गए। अंग्रेज शासकों के सामने काफी कठिनाइयां आईं। हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था के संचालन में कठिनाई आई।

भारत प्राचीन राष्ट्र है,लेकिन कई यूरोपीय और देश के वाम विचार के विद्वान भारत को राष्ट्र नहीं मानते। इस विशाल देश में अनेक बोलियां, अनेक रीति रिवाज व अनेक भाषाएं हैं। वामपंथी इतिहासकार रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय' में भारतीय संस्कृति को विलक्षण बताया है। यह शर्मा जी की लिखी सुंदर किताब है। उन्होंने लिखा है, "भारत अनेकानेक मानव प्रजातियों का संगम रहा है। प्राक् आर्य, हिन्द आर्य, यूनानी, शक, हूण और तुर्क आदि प्रजातियों ने भारत को अपना घर बनाया है। प्रत्येक प्रजाति ने भारतीय सामाजिक व्यवस्था,शिल्प कला, वास्तु कला और साहित्य के विकास में यथाशक्ति अपना अपना योग दिया है। सभी समुदाय और उनके सांस्कृतिक वैशिष्ट्य इस तरह मिल गए हैं कि उनमें से किसी को हम उनके मूल रूप में पहचान भी नहीं सकते।" यूनानी, शक, हूण आदि इस तरह मिल गए कि उन्हें पहचानना कठिन है। शर्मा ने इस घुलनशीलता का श्रेय मूल भारतीय आर्य संस्कृति को नहीं दिया। इस्लाम भारतीय समाज में घुल नहीं पाया। ब्रिटिशों ने भारतीय संस्कृति, इतिहास परंपरा और दर्शन को परलोकवादी बताया। दुर्भाग्य से उनके निष्कर्ष यहां 'आधुनिक' कहे जाते हैं। यह चुनौती बड़ी है। देश में बाहर से आई प्रजातियों के योगदान की प्रशंसा उचित है। कला और साहित्य के विकास में भी उनके योगदान का उल्लेख सही है,लेकिन शर्मा जी ने यहां के मूल निवासी अभिजनों के रचनात्मक कार्यों की ओर ध्यान नहीं दिया है।

भारत में वैदिक काल में ही शिल्प, वास्तु और साहित्य का विकास हो चुका था। भारत के लोग राष्ट्रीय एकता के लिए सक्रिय रहे हैं। इसका मूल कारण उनके चित्त में सक्रिय सांस्कृतिक राष्ट्रभाव था। रामशरण शर्मा ने भी लिखा है, "भारत के लोगों ने इस विशाल उपमहाद्वीप को एक अखंड देश समझा। सारे देश को भरत नामक एक प्राचीन वंश के नाम पर 'भारतवर्ष' नाम दिया गया।" ऋग्वेद के अनेक ऋषि भरतजन हैं। ऋग्वेद में इनकी चर्चा है। शर्मा ने लिखा है, "हिमालय से समुद्र तक फैली यह भूमि को सार्वभौम राजा के द्वारा शासित क्षेत्र के रूप में कल्पित है। हिमालय से कन्याकुमारी तक। पूर्व में ब्रह्मपुत्र की घाटी से पश्चिम में सिंधु पार तक अपना राज्य फैलाने वाले राजाओं का व्यापक यशोगान किया है।" राष्ट्र यहां के निवासियों के लिए आराध्य रहा है। सो इस अखंड देश का राजा यशस्वी होना चाहिए। ऐसे राजा प्राचीन काल में चक्रवर्ती कहलाते थे। देश के बड़े भूभाग की राजनैतिक एकता का स्वप्न काल्पनिक नहीं था। ईसा पूर्व तीसरी सदी में अशोक ने अपना साम्राज्य सुदूर दक्षिणांचल को छोड़कर सारे देश में फैलाया। इसके पहले चन्द्रगुप्त मौर्य का शासन भी उल्लेखनीय है। चैथी सदी में समुद्रगुप्त की विजय यात्रा गंगा की घाटी से तमिल देश के छोर तक पहुंची थी। शर्मा ने याद दिलाया है कि राजनैतिक एकता के अभाव में भी सारे देश में राजनैतिक ढांचा कमोबेश एक जैसा था। इसका कारण संस्कृति है।

सांस्कृतिक एकता महत्वपूर्ण होती है। यहां सांस्कृतिक एकता मजबूत करने के प्रयास जारी रहे हैं। ईसा पूर्व तीसरी सदी में प्राकृत भाषा काफी बड़े हिस्से में प्रयुक्त होती थी। अशोक के शिलालेख प्राकृत और ब्राह्मी लिपि में लिखे गए। शर्मा जी ने संस्कृत भाषा के संबंध में सही बात लिखी है, "बाद में संस्कृत ने प्रतिष्ठित स्थान पाया। संस्कृत देश के अधिकांश हिस्सों में राजभाषा के रूप में स्वीकृत थी।" प्राचीन भारत का इतिहास प्रेरक है। भारतीय विद्वानों ने हस्तलिखित महाकाव्यों और पुराणों आदि में अपने प्राचीन इतिहास को लगातार व्यवस्थित करने का काम जारी रखा,लेकिन यूरोपीय विद्वानों की शिकायत है कि प्राचीन भारत के इतिहास में इतिहास लेखन की यूरोपीय शैली नहीं मिलती।


ब्रिटेन ने भारत का शासन हथिया लिया। शासन चलाने के लिए उन्हें भारतीय इतिहास की जानकारी की आवश्यकता प्रतीत हुई। 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आ गए। अंग्रेज शासकों के सामने काफी कठिनाइयां आईं। हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था के संचालन में कठिनाई आई। भारत की विधि व्यवस्था पर अलग-अलग प्राचीन ग्रंथों में सामग्री थी। रामशरण शर्मा ने बताया है कि 1776 में सबसे अधिक प्रामाणिक मानी जाने वाली मनुस्मृति का अंग्रेजी अनुवाद 'ए कोड ऑफ जेंटू लॉज' के नाम से किया गया। 1784 में कोलकाता में ईस्ट इंडिया कम्पनी के सिविल सर्वेंट विलियम जोंस (1746-1794) ने 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' नामक शोध संस्था की स्थापना की। दिलचस्प बात यह है कि जोंस ने 1789 में कालिदास के 'अभिज्ञान शाकुंतलम' नामक नाटक का अंग्रेजी में अनुवाद किया। एक विद्वान विलकिंस ने भगवद्गीता का अंग्रेजी अनुवाद किया। एशियाटिक सोसाइटी काफी चर्चा में थी। मुम्बई में भी एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना हुई और लंदन में भी। विलियम जोंस ने लिखा है कि मूलतः यूरोपीय भाषाएं संस्कृत और ईरानी भाषाओं से बहुत मिलती हैं। यह बड़ा तथ्य था। उन्होंने संस्कृत की प्रशंसा की।

जर्मनी, फ्रांस, रूस आदि यूरोपीय देशों में भारतीय दर्शन के प्रति विद्वानों में आकर्षण बढ़ा। जर्मनी के विद्वान मैक्समूलर (1823-1902) ने वैदिक साहित्य का अनुवाद किया। अंग्रेज 1857 के विद्रोह से परेशान थे। उन्हें अनुमान हो गया कि भारत जैसे विशाल देश पर राज करना आसान नहीं है। भारतीय परपंराओं और सामाजिक व्यवस्था का अध्ययन जरूरी था। ईसाई मिशनरी धर्मांतरण के लिए सक्रिय थे। वे भी हिन्दू धर्म की खामियां बढ़ा चढ़ाकर बता रहे थे। ईसाई धर्मांतरण का उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य की मजबूती था। लेकिन भारतीय दर्शन के प्रति पूरे यूरोप में रुचि बढ़ रही थी। मैक्समूलर के सम्पादन में प्राचीन भारतीय ग्रंथों का बड़ी मात्रा में अनुवाद हुआ। यह अनुवाद 'सैकरेड बुक्स ऑफ दि ईस्ट' सीरीज में लगभग 50 खण्डों में संकलित है।

पाश्चात्य विद्वानों ने जानबूझकर निष्कर्ष निकाला कि प्राचीन भारत के लोगों को इतिहास का विशेषतया काल और तिथि क्रम का बोध नहीं था कि भारत के लोग स्वेच्छाकारी शासन के आदी रहे हैं। वे आध्यात्मिक या पारलौकिक समस्याओं में ही डूबे रहे। पाश्चात्य विद्वानों ने कहा कि भारतवासियों को राष्ट्रीय भावना का अहसास नहीं था। ऐसे सारे निष्कर्षों के आधार पर विंसेंट स्मिथ की पुस्तक 'अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया' चर्चा का विषय रहती है। उनका दावा है यह प्राचीन भारत का पहला सुव्यवस्थित इतिहास है। भारत के विरुद्ध सारे आरोप मिथ्या थे। कालिदास ने रघुवंश में राम के समय के इतिहास-बोध की चर्चा की है। भवभूति, कालिदास और राजशेखर ने रामायण को इतिहास बताया है। बौद्ध जातकों में अयोध्या के इक्ष्वाकुवंशीय मांधाता, दशरथ और राम का उल्लेख है। बौद्ध पंथ अंधविश्वासी नहीं है। राम भारत की श्रुति व स्मृति में हैं। कुछेक राजनेता, वामदल और विद्वान राम को इतिहास नहीं मानते। दरअसल भारत ने यूरोपीय तर्ज पर इतिहास संकलन नहीं किया। अलबरूनी का भी आरोप था-''हिन्दू चीजों के ऐतिहासिक क्रम पर अधिक ध्यान नहीं देते, वे अपने सम्राटों के काल क्रमानुसार उत्तराधिकार के वर्णन में लापरवाह हैं।" भारत ने राजाओं की विवरणी नहीं बनाई। भारतीय इतिहासकारों का मुंह भविष्य की ओर था। उन्होंने इतिहास से अनुकरणीय पात्र छाटें, उन्हें काव्य और गीत बनाया। लोकस्मृति ने बुद्धि में सुरक्षित जगह दी और लोकमन ने हृदय में। राजा और राज्य बहुत हुए,लेकिन राम राज्य ने गांधी को भी मोहित किया। आधुनिकता अंग्रेजी सभ्यता की नकल नहीं हो सकती।

# प्रकृति से लड़ पाना अत्यंत कठिन

एक घने वृक्ष पर अनेक जीव-जंतु परिवार के सदस्यों की तरह ही शरण पाते हैं। इसका उदाहरण त्रेतायुग में रावण द्वारा अपहृत माता सीता की खोज के समय भगवान श्रीराम वृक्षों के संरक्षण में रहने वाले पशु-पक्षियों से सीता का पता पूछते हैं। पेड़ों पर आश्रित पक्षियों में जटायु ने श्रीराम की मदद भी की।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

लंबे अरसे से प्राकृतिक संसाधनों के साथ छेड़छाड़ का जवाबी प्रहार यह होने हो रहा है कि आसमान से आग बरसने लगी है। प्रचंड धूप से लोकतंत्र का महापर्व में मतदान भी प्रभावित हुआ है। तमाम प्रयासों के बावजूद मतदान में गिरावट के पीछे प्रकृति के प्रकोप को भी माना जा रहा है।

दरअसल प्रकृति के सबसे बड़े संरक्षक वृक्ष होते हैं। ऐसी भी प्रजाति के वृक्ष होते हैं,जो ग्रीष्म ऋतु में सूर्य की प्रचंड और घातक किरणों को धरती पर आने से पहले खुद झेलकर अवशोषित तथा निष्प्रभावी कर देते हैं। जिस तरह देश की सीमाओं पर तैनात सेना के जवान दुश्मन राष्ट्र की ओर से होने वाले आघातों को रोकते हैं,ठीक उसी तरह की भूमिका पेड़ निभाते हैं और अंतरिक्ष से आने वाले घातक शत्रु-दल को निष्प्रभावी कर देते हैं,लेकिन विकास तथा आधुनिकीकरण के चलते पृथ्वी के संरक्षक वृक्षों पर सर्वाधिक प्रहार किया जा रहा है। जब अपने संरक्षक पर ही चोट होगी तब उसके घातक परिणाम भुगतने ही होंगे।

यदि देखा जाए तो पेड़ों का भी अपना परिवार होता है। एक घने वृक्ष पर अनेक जीव-जंतु परिवार के सदस्यों की तरह ही शरण पाते हैं। इसका उदाहरण त्रेतायुग में रावण द्वारा अपहृत माता सीता की खोज के वक्त भगवान श्रीराम वृक्षों के संरक्षण में रहने वाले पशु-पक्षियों से सीता का पता पूछते हैं। पेड़ों पर आश्रित पक्षियों में जटायु ने श्रीराम की मदद भी की। यदि पूरे वन-क्षेत्र में पेड़ न होते तो शायद श्रीराम को सीता का पता पाने में कठिनाई होती। पेड़ों को धरती पर रहने में सहयोगी भूमिका अदा करने के चलते भारतीय संस्कृति में पेड़ों की पूजा का विधान किया गया है। यहां तक हर मांगलिक कार्यक्रमों में 'स्वस्तिवाचन' मंत्रों को पढ़ते समय वनस्पतियों के साथ पंचभौतिक जल, अग्नि, औषधि, पृथ्वी, अंतरिक्ष आदि की शांति की कामना की जाती है। वृक्षों की पूजा में जलदान एवं खाद्य पदार्थ आदि के अर्पित करने के पीछे यही उद्देश्य रहा है कि पेड़ों की छत्रछाया में रहने वाले जीव-जंतु भी आहार प्राप्त कर सकें।

पेड़ों के कटने से ऐसे तमाम जीव-जंतु तथा विषाणु जिन्हें वृक्ष अपने अधीन रखते थे, वे मानव आबादी की तरफ भाग रहे हैं जिसका प्रभाव यह है कि बीमारियां बढ़ रही हैं और संक्रामक रोगों का आक्रमण भी हो रहा है। इन स्थितियों को देखते हुए ऋषियों द्वारा 'वसुधैव कुटुंबकम्' के बताए गए सिद्धांत के तहत पंच भौतिक तत्वों को भी कुटुंब का सदस्य मानना पड़ेगा वरना प्रकृति की जवाबी कार्रवाई को झेल पाना कठिन होगा।

# क्यों इंतजार है चुनाव नतीजों का



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

पहले के चुनावों में कठोर वक्तव्य होते थे, पर 'भाषा का चीरहरण' पहली बार हुआ। यह मानो शालीनता से पूर्णत: विदाई हो! चिंताजनक है, गिरने की होड़ में पब्लिक से बार-बार हंकारी लगाकर जनसभाओं में उसे भी व्यापक रूप से शामिल किया गया। इतना सतहीपन कभी नहीं देखा गया। 2024 के चुनाव प्रचार में भारत की महान ऐतिहासिक विरासत को अंधेरे में फेंक दिया गया। चुनाव में नजर आया कि यह देश अपने इतिहास की सारी उच्च परंपराओं से विच्छिन्न होकर धर्म, जाति और प्रांतीयता पर आधारित 'भिन्नता' की मिथकीय छवियों में खो गया है। दुखद रूप से गांधी सहित कई महापुरुषों का लगातार अपमान किया गया या महापुरुष महज पोस्टर बना दिए।



अब चुनाव नतीजे का इंतजार है। मैं उन व्यक्तियों में नहीं हूं,जो सोचते हैं कि यह चुनाव तय कर देगा कि देश में लोकतंत्र बचेगा या नहीं। या तय हो जाएगा कि भारत धार्मिक राष्ट्र बन जाएगा या सेकुलर रहेगा। मैं इतनी आसानी से कुछ भी होते नहीं देख पा रहा हूं, भले यह देश फिलहाल लोकतंत्र और सेकुलर भावना से काफी दूर चला गया है। जटिलताएं बढ़ी हैं। अतः इसी लोकसभा चुनाव से सब कुछ तय होने जा रहा है, ऐसा नहीं है। फिर भी क्यों इंतजार है चुनाव नतीजों का? बस यह देखने के लिए कि इस युग के एक बड़े ढोंग और पतन से हमारा देश कितनी ताकत से लड़ रहा था। वह कितना लड़ पाया,उसकी हजारों साल की उदात्त मानवीय ताकत और धार्मिक राष्ट्रवाद की सौ सालों की सामुदायिक ताकत में फिलहाल कौन भारी पड़ा?


हमें चुनाव के नतीजों से देखना यह है कि भारत ने अपनी भारतीयता को कितना पुनरुपलब्ध किया है और अभी 'भारतीय पुनर्निर्माण' के लिए आत्मनिरीक्षण, आत्मसुधार और संघर्ष करना कितना बाकी है। हमें इस पर सोचना है कि अब अधिक उदार होकर किस तरह पहले से ज्यादा मेहनत करनी होगी और भारतीय एकता के लिए अपने को सुधारना होगा, ताकि एक बड़ी समवेत आवाज बन सके।

स्पष्ट है, आगे का रास्ता किसी के लिए भी बड़ा कठिन है। एग्जिट पोल पर भरोसा न करके हमें चार जून का इंतजार करना चाहिए। हमारे लिए चुनाव के आंकड़े से ज्यादा महत्वपूर्ण है देश की विविधता, सामाजिक न्याय और बौद्धिक स्वतंत्रता की रक्षा। लोकतंत्र का सच्चा दर्पण उसकी भाषा है। लोकसभा चुनाव 2024 की बात की जाए तो चुनाव प्रचार में आज से पहले किसी लोकसभा चुनाव में इतनी लुटी-पिटी, खोखली और उन्मादपूर्ण भाषा नहीं थी। आज से पहले किसी चुनाव में इतने झूठ नहीं बोले गए थे। राजनीति कभी इतनी विपन्न नहीं थी। इस चुनाव में नेताओं के बड़प्पन की जगह हमेशा उनका बड़बोलापन ही दिखता रहा। बौद्धिक बल की जगह भौतिक बल प्रदर्शित हुआ।

पहले के चुनावों में कठोर वक्तव्य होते थे, पर 'भाषा का चीरहरण' पहली बार हुआ। यह मानो शालीनता से पूर्णतः विदाई हो! चिंताजनक है, गिरने की होड़ में पब्लिक से बार-बार हंकारी लगाकर जनसभाओं में उसे भी व्यापक रूप से शामिल किया गया। इतना सतहीपन कभी नहीं देखा गया। 2024 के चुनाव प्रचार में भारत की महान ऐतिहासिक विरासत को अंधेरे में फेंक दिया गया। चुनाव में नजर आया कि यह देश अपने इतिहास की सारी उच्च परंपराओं से विच्छिन्न होकर धर्म, जाति और प्रांतीयता पर आधारित 'भिन्नता' की मिथकीय छवियों में खो गया है। दुखद रूप से गांधी सहित कई महापुरुषों का लगातार अपमान किया गया या महापुरुष महज पोस्टर बना दिए गए। यह महान विचारों को अलविदा कहना है और संकुचित स्वार्थ की जयजयकार करना है।

मीडिया और अपने को सर्वाधिक तेज घोषित करने वाले न्यूज चैनल पहली बार इतनी बेशर्मी से सत्ताधारी दल का ढोल बने। वे खुद पार्टी प्रचारक बन गए। जिस देश में तर्क विस्थापित हो जाता है, वहां अंततः लोकतंत्र का भी विस्थापन हो जाता है। इस लोकसभा चुनाव में देश के नागरिकों ने अपने लोकतांत्रिक मताधिकार का उपयोग तो किया, पर आखिर भाषा, ऐतिहासिक विरासत और मीडिया की एक कितनी अंधेरी दुनिया में पहुंचकर, इस पर सोचने की जरूरत है। जिस देश में भाषा, ऐतिहासिक विरासत और मीडिया एक रक्ताक्त अंधेरे में पहुंचा दिए गए हों, उस देश में अंततः आम लोगों के लिए कितनी आजादी और सुख-शांति बची रहेगी, इस पर सोचा जा सकता है। यह चुनाव यह भी बताएगा कि आखिर इस सार्वभौम ढोंग और पतन से फिलहाल महान भारत कितना लड़ पाया और वह कितना दबा दिया गया। एक दूसरा दिलचस्प सवाल है,इतने तामझाम भरे प्रचार और सैकड़ों अरब खर्च करने के बावजूद देश में पिछली बार से औसतन 5-6 प्रतिशत वोट कम क्यों पड़ते रहे? अगर देश पहले से अधिक जाग्रत हुआ है तो वोट प्रतिशत बढ़ना चाहिए था।

# दुनिया एक वाइल्ड ग्रोथ



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

कभी लगता है,यह दुनिया एक वाइल्ड ग्रोथ है। बिना किसी दिल-दिमाग के उगती-फैलती चली गई। इस ग्रोथ में हम बहुत बाद में आए। हम आए तो वाइल्ड ग्रोथ से ही,लेकिन आने के बाद इसे देखा (शायद पहली बार कोई इसे देख रहा था),महसूस किया और फिर इसे पालतू बनाने में लग गए। फिर कुछ लोग आए जिन्होंने इस पर अपनी अमलदारी का दावा कर दिया। बोले,मैंने (या मेरे आका ने) इसे बोया,सींचा और बड़ी किया,इसे फैलाया, तुमको भी बनाया। अब मेरे बताए रास्ते पर चलो, मेरा नाम जपते रहो,मेरे शुक्रगुजार बने रहो तो इसमें भटकोगे नहीं। अब वाइल्ड ग्रोथ तो भाई साहब वाइल्ड ग्रोथ। इसने दुनिया के सारे अमलदारों को ठेंगा दिखाया और अपने झाड़-झंखाड़ के रास्ते चलती रही। हमारा छोटा-सा दिमाग, वह भी आखिर उसी वाइल्ड ग्रोथ का हिस्सा। जितना कर सकते थे किया और दुनिया में कुछ लोगों के लिए ही सही थोड़ी चमक-दमक आई,रास्ता आसान हुआ। औरों के लिए भी आशा बंधी,लेकिन कुछ लोगों ने जो भी दिमाग था,उसे भी ताक पर रख दिया और आंख मूंदकर अमलदारों के बताए रास्ते पर चल पड़े। फिर तो जो होना था,वही हुआ। उन्हें बताया गया। रास्ता दुर्गम जंगल में ले गया और वहीं छोड़कर गुम हो गया। वे छाती पीट रहे हैं और वाइल्ड ग्रोथ और ग्रो कर रही है और वाइल्ड हो रही है। अमलदार से पूछते हैं तो कहता है,हमने तो रास्ता ठीक बताया था,तुम उससे भटक गए तो मैं क्या करूं, अब झेलो। अरे भाई! रास्ता बताते समय हमारी काबिलियत-नाकाबिलियत पर गौर क्यों नहीं किया? और नहीं किया तो किस बात के अमलदार! हम इस काबिल होते तो आपकी जरूरत ही क्या थी? लेकिन वही हाथ गहे की लाज,हम कह नहीं पाते किअपनी अमलदारी अपने पास रखो और रास्ता नापो। हमारे पास जितना भी दिमाग है,उसी से रास्ता खोजेंगे, नहीं तो अरुंझकर मर जाएंगे। किसी के एहसान के बोझ तले दबकर मरने की नौबत तो नहीं आएगी,लेकिन हम ठहरे आलसी और डरपोक। वाइल्ड ग्रोथ और वाइल्ड होती जा रही है। हम अमलदार से कुछ कह नहीं पाते। उसके बताए रास्ते को बिना देखे सही सिद्ध करने के लिए कट-मरते हैं,लेकिन जो भी दिमाग है उसे लगाकर अपने तईं रास्ता नहीं खोजते,न औरों को खोजने देते है। जब हमें बनाने वाला सांचा ही वाइल्ड है तो हम अपनी काबिलियत पर भी क्या भरोसा करें! नतीजतन,भेड़ियाधसान जारी है और जारी रहने वाली है।

# हत्या का अर्थ



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बहुत सारे धर्मों में हत्या करने की मनाही है,लेकिन इसकी विवेचना ठीक से नहीं की गई है। हत्या का क्या अर्थ है? अगर बहुत विस्तृत अर्थ लिया जाए तो हत्या का अर्थ है किसी सजीव की जीवन-प्रक्रिया में व्यवधान करने के कार्य में शामिल होना,लेकिन इस परिभाषा के अनुसार आदमी जी ही नहीं सकेगा और खुद की हत्या का सचेष्ट दोषी होगा।

पौधे भी तो जीव हैं और उनके बीज भी जीव हैं। यह परिभाषा फूड सायकिल को तोड़ देगी तो ऐसा उपदेश निरर्थक है,लेकिन परिभाषा को विस्तृत रखना हमारी मजबूरी नहीं है। हम संकुचित परिभाषा पर सोचें। हम कल्पना करें कि किसी आदमी में अमुक गुणों का होना अनिवार्य है जिनमें वे गुण न हों वह होमोसैपियन या होमो इरेक्टस होने के बावजूद आदमी नहीं है। किसी व्यक्ति में उन गुणों के रहने की प्रक्रिया में बाधा पहुंचाना हत्या है। सज्ञान और सचेष्ट हत्या नहीं करनी चाहिए।

संकुचित परिभाषा के अनुसार आततायी वध के योग्य है। संगीन अपराधी को फांसी दी जा सकती है। युद्ध में दुश्मन को मारा जा सकता है। बकरे की बलि दी जा सकती है। मछली और चिकन खाया जा सकता है। हम देखते हैं कि सारे धर्मों में अंततः संकुचित परिभाषा ही ग्राह्य है। फर्क है उस लिस्ट में जो ह्युमेन क्वालिटीज और उसके स्कोप का वर्णन करते हैं।

# तापमान वृद्धि एक वैश्विक समस्या



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

आइए समय रहते हुए प्राकृतिक संपदाओं एवं साझा संपत्तियों के संरक्षण में कुछ तो योगदान करें। चाहे हम किसी भी वर्ग या समाज से आते हों।

तापमान वृद्धि यद्यपि वैश्विक समस्या है तथापि भारत में तापमान वृद्धि की भयावह स्थिति को देखते हुए अब बड़े-बड़े जयघोषों को छोड़कर केन्द्र में नव सरकार बनते ही इसी वर्ष से सशक्त कानून बनाएं जाने के साथ ही संबंधित क्षेत्र में विधिवत क्रियान्वयन की नितांत आवश्यकता है। अन्यथा की स्थिति में प्रतिवर्ष जिस द्रुतगति से तापमान बढ़ रहा है उससे अनुभव होता है अगले 10-15 वर्षों में भारत के कुछ नगर-महानगर और मैट्रो शहर जीव-मानवों के रहने योग्य नहीं रह पाएंगे।

फिर क्या करेंगे ऐसे तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से और क्या करेंगे कथित जयघोषित विकसित भारत से और कैसे पहुंच पाएंगे 2047 तक? जब व्यक्ति को लेने के लिए शुद्ध प्राणवायु उपलब्ध नहीं हो पाएगी,जब व्यक्ति को पीने को जल नहीं मिल पाएगा और जब व्यक्ति 50-55 डिग्री सेल्सियस तापमान में जल रहा होगा। देश में बढ़ती हुई शिक्षित-प्रशिक्षित-युवा बेरोजगारी, कम होता कृषि क्षेत्र,राजनैतिक तुष्टिकरण, सरकारी शिक्षा-स्वास्थ्य व्यवस्था आदि को तो तापमान वृद्धि विषय पर गौण ही कर दीजिए। भारत के कई शहर आज जल रहे हैं, जलस्रोत सूख रहे हैं और लू चलने से लोग मर रहे हैं। इनको निम्नलिखित प्रमुख कारणों से रेखांकित किया जा सकता है- देश में जनसंख्या वृद्धि,देश में 1947-50 से ही अनियंत्रित एवं अनियोजित भौतिक विकास। राष्ट्रीय राजमार्ग ,एक्सप्रेस वे तथा सड़क मार्गों के कटान में कटने वाले लाखों पेड़ों के स्थान पर सड़क मार्ग के किनारे-किनारे पौधे लगाकर उसकी भरपाई करने का कानून आजतक न होना। अगले पांच वर्ष तक टेंडर में ही ठेकेदार की जिम्मेदारी तय न करना न ही संबंधित विभाग की जिम्मेदारी तय करना। बढ़ती जनसंख्या के कारण बढ़ती वाहन संख्या उनमें बढ़ता हुआ एसी प्रयोग,पैट्रोल-डीजल के बढ़ते हुए प्रयोग से बढ़ती हुई कार्बन डाइऑक्साइड गैस आदि का उत्सर्जन। सीमेंट और कंक्रीट का बढ़ता हुआ प्रयोग,घरों एवं सरकारी कार्यालयों में एसी का बढ़ता प्रयोग और उससे निकलने वाली गर्मी। पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति सशक्त कानूनों का अभाव,वनों में आग लगाने वालों के लिए सशक्त कानून का अभाव,प्राकृतिक जीवन को छोड़कर कृत्रिम जीवन को अपनाने का प्रभाव जिस कारण खान-पान-परिधान आदि के लिए बढ़ती हुई कंपनी, कारखानों का आधिक्य,उनसे निकलने वाला धुआं, होने वाली ध्वनि विकृत तरंग आदि। प्राकृतिक,आध्यात्मिक और शांतिमय जीवन की अपेक्षा भौतिक-चकाचौंध मय जीवन को प्रधानता।

भारतीय राजनेताओं एवं उच्च वर्ग का भोग-भौतिक-विलासितापूर्ण जीवन, एक गाड़ी की जगह आगे-पीछे चलने वाली 40-50 गाड़ियां जिसमें खर्च होने वाला पैट्रोल-डीजल और उतनी गाड़ियों से निकलने वाली गैस। देश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ रही है,क्रय शक्ति बढ़ रही है, वेतन-भत्ते बढ़ रहे हैं,लोगों की आमदनी बढ़ रही,जिस कारण देश की अर्थव्यवस्था भी कुछ क्षेत्रों के कारण बढ़ रही है। आने वाले कुछ वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का भी जोर-शोर से जयघोष दिया जा रहा है,लेकिन लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। समाचार पत्रों में प्रतिदिन चार-चार पृष्ठ पानी के संकट से भरे पड़े हैं। लोगों को अपनी संपत्ति तुच्छ लग रही है,उच्च वर्ग,उच्च मध्यम वर्ग गर्मी से राहत के पाने के लिए अपनी लग्जरी गाड़ियां से बद्रीनाथ,केदारनाथ,गंगोत्री, यमुनोत्री आदि पर्वतीय क्षेत्रों में आकर पर्वतीय क्षेत्रों के तापमान को बढ़ाने में लगा है। कई सरकारें प्रसन्न मुद्रा में इसीलिए हैं कि उनका राजस्व बढ़ रहा है। अखबारों में वे स्वागत करते हुए दिखाई दे रहे हैं,लेकिन जरा सोचिए हम और हमारी सरकारें अपनी भविष्य के लिए और आने वाली पीढ़ी के लिए क्या करने में लगे हैं?

आइए समय रहते हुए प्राकृतिक संपदाओं एवं साझा संपत्तियों के संरक्षण में कुछ तो योगदान करें। चाहे हम किसी भी वर्ग या समाज से आते हों। स्वतंत्रता के बाद देश में नियोजित/ नियंत्रित विकास हुआ होता तो अवश्य ही देश तापमान वृद्धि में बहुत पीछे होता। विधि निर्माताओं की परवरिश माहौल के कारण आजतक देश में सशक्त कानून नहीं बन पाए। साथ ही उन लाखों देश के दल ध्वज वाहकों से भी आग्रह है कि कभी बंद कमरे में आप भी अपने साथियों से इस विपदा के विषय में बातें करें,क्योंकि इस तप्त विपदा में आप भी तप्त पीड़ित ही हैं,जो वर्तमान में अनुभव किया जा सकता है। अभी तापमान वृद्धि चरम पर है,इसीलिए केवल इसी समय जागरूक होने की आवश्यकता नहीं,अपितु आने वर्ष चौबीस घंटे प्रत्येक नागरिक को कानून के माध्यम से हो या चैतन्य स्तर से हो अब जागरूक हो ही जाना है। अन्यथा जीव मात्र का भविष्य कुछ ही वर्षों में संकट में जाएगा जिसका निराकरण तत्क्षण असंभव ही लगता है।

# ढूंढने होंगे रोजगार के अवसर



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

गर्मियों की छुट्टी बिताने आई अपनी नातिनों (ग्रैंड डॉटर्स) की जिद्द पूरी करने के लिए कई महीनों बाद मॉल का रुख करना पड़ा। बढ़े हुए तापमान से बचने के लिए गर्मियों में मॉल घूमना काफी भाता है। यही कारण है मॉल में भीड़ देखने को मिली। सबसे ज्यादा भीड़ खाने-पीने के स्टाल पर थी। दूसरी ओर बड़े-बड़े सुसज्जित चमचमाते शोरूम में इक्का -दुक्का ही ग्राहक दिखे।

इन बड़े शोरूम के एक युवा कर्मचारी से उसकी दिनचर्या के विषय में जानना चाहा तो उसने बड़े निराशा जनक तरीके से बताया की वो दो साल से वहा काम कर रहा है। प्रतिदिन 12 घंटे की ड्यूटी के बदले प्रतिमाह 10000 रुपये मिलते हैं। सीजन पर अच्छी सेल होती है तो मालिक की तरफ से थोड़ा बहुत इंसेंटिव के रूप में भी मिल जाता है। माह में केवल 4 छुट्टी ही मिलती है,अगर 10 मिनट लेट हो जाओ तो छुट्टी कट जाती है। अभी शादी नहीं हुई है। मां-बाप साथ रह रहे हैं। थोड़ी सी खेती होती है इसलिए गुजारा चल रहा है। कमोबेश यही हाल दूसरे युवा कर्मचारियों का दिखा। असंगठित क्षेत्र में अन्य जगह काम करने वाला युवा किस तरह से उपेक्षित है इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। अक्सर मीटिंग या अन्य अवसरों पर जब असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं से चर्चा होती रहती है तो पता चलता है सबसे बुरा हाल होटलों, अस्पतालों, दुकानों, पटरी पर काम करने वालो का है,कितनी विपरीत और अमानवीय परिस्थितियों में उन्हें काम करना पड़ता है इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता।

भारत युवाओं का देश कहा जाता है। जहां जनसंख्या का 66 प्रतिशत में 35 वर्ष से कम के युवा है। भारत में श्रम बल में लाखों युवा काम कर रहे हैं,लेकिन रोजगार की संभावनाएं कम होती जा रही हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार बेरोजगारी की फोर्स में 83 प्रतिशत युवा है,जो या तो रोजगार तलाश रहे हैं या कोई छोटा-मोटा रोजगार कर गुजारा कर रहे हैं। इस युवा पीढ़ी की दुश्वारियां भी लगातार बढ़ रही हैं। पूंजीपतियों का फरमान काम के घंटे बढ़ाने के साथ-साथ उनकी निगाह इन लोगों को मिलने वाले साप्ताहिक अवकाश पर भी है। युवा पीढ़ी के लिए रोजगार के अच्छे और सम्मानजनक अवसर ढूंढने होंगे तभी उनको निराशा से बचाया जा सकेगा।


# हीट स्ट्रोक का कहर जारी : बेल्हा में होमगार्ड समेत 11 लोगों की मौत


## नौतपा का आज अंतिम दिन, आठवें दिन 42 पर रहा तापमान, सर्वाधिक मौतें कुंडा से

संवाददाता, प्रतापगढ़।

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में नौतपा के आठवें दिन शनिवार को लोग उमस और गर्मी से बेहाल रहे। अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा। इससे 24 घंटे के अंदर होमगार्ड समेत 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें सर्वाधिक कुंडा तहसील क्षेत्र के छह लोग, अंतू के तीन, देल्हूपुर की एक महिला व दिलीपुर का अधेड़ शामिल हैं। परिजनों के अनुसार इनकी मौतें हीटवेव से हुई। पोस्टमार्टम न होने से मौतों की अधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

जनपद में नौतपा के आठवें दिन भी लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल रहे। कमालुद्दीनपुर अंतू की केवला देवी (80) को शनिवार दोपहर अचानक चक्कर आने पर उसका बेटा भोला राजा प्रताप बहादुर अस्पताल लेकर आया। यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार कुशफरा शनि देव निवासी मोती लाल विश्कर्मा (67) को सांस लेने में दिक्कत होने पर राजा प्रताप बहादुर अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कुंडा प्रतिनिधि के अनुसार कुंडा तहसील क्षेत्र में भीषण गर्मी में हीट स्ट्रोक से मरने वालों का सिलसिला जारी है। 24 घंटे के भीतर होमगार्ड समेत छह लोगों


खुर्शीद आलम (फाइल फोटो)


त्रिभुवन सिंह (फाइल फोटो)


सगीरुननिशा (फाइल फोटो)

की मौत हो चुकी है। सीएचसी कुंडा के चिकित्सक डा. एके गुप्ता ने बताया कि ऐसे लोग लू से बचें और अपना ध्यान रखें। कुंडा में हीट स्ट्रोक से मरने वालों में बिसहिया हथिगवां निवासी बनवासी लाल (75), महेशगंज के लोहनपुर गांव निवासी दुबइन देवी (53) पत्नी हरिश्चंद्र, गोपालपुर गांव के माधव सरन (68), कुंडा ताजपुर शेरगढ़ निवासी लल्लू सोनकर (42) की सांस थम गई। जेठवारा प्रतिनिधि के अनुसार जेठवारा के नौबस्ता निवासी त्रिभुवन सिंह (55) परिवार सहित नैनी प्रयागराज में रहते थे। उनकी चुनाव में ड्यूटी मिर्जापुर लगी थी। शुक्रवार की दोपहर उनकी तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उनकी सांस थम गई। शनिवार की सुबह उनका शव मिर्जापुर से एंबुलेंस से घर लाया गया तो पूरा गांव शोक में डूब गया। पत्नी रीता सिंह का हाल बेहाल रहा। इसी तरह नवाबगंज के ब्रहमौली गांव के पास कुछ दिनों से एक 40 वर्षीय युवक घूम रहा था, जिसका शव शनिवार की सुबह ब्रहमौली स्थित आकांक्षा पाली क्लीनिक के सामने बाग में मिला।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अंतू क्षेत्र के उमरी निवासी रामदेव मिश्र होमगार्ड हैं। उनकी पत्नी आशा देवी (59) घर पर ही रहती थी। बेटा दिल्ली में रहता है। शुक्रवार शाम आशा अपने दरवाजे पर बैठी थी। इस बीच अचानक गर्मी के चलते चक्कर आने से वह अचेत होकर गिर पड़ी। परिजनों ने चिकित्सक को बुलाकर दिखाया तो चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शनिवार को परिजन शव को प्रयागराज ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिए। वहीं, अंतू के पूरे बैजनाथ निवासी सगीरुन निशा (75) पत्नी स्व. मटरू शुक्रवार को दोपहर घर से लकड़ी लाने गई थी। वह सिर पर लकड़ी रखकर खेत के रास्ते घर आ रही थी, लेकिन वह देर शाम तक घर नहीं पहुंची। रात 10 बजे गांव के ही सुरेंद्र दुबे के आंवले की बाग के पास खेत में वह मृत पड़ी थी। परिजन हीट स्ट्रोक से मौत बता रहे हैं। थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। इसी क्रम में दिलीपपुर बाजार के खुर्शीद आलम (51) उर्फ पप्पू ने बाजार में सैलून की दुकान खोल रखी थी। शुक्रवार दोपहर तीन बजे अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी, उसे तेज बुखार आया तो स्थानीय चिकित्सक से दवा लिया। आराम न होने पर लोग राजा प्रताप बहादुर अस्पताल ले गए। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत्यु का कारण डाक्टरों ने हीट स्ट्रोक बताया। पप्पू छतरपुर अंतू का निवासी था लेकिन बचपन से ही वह दिलीपपुर अपने मामा असलम के यहां रहता था। सनई अनुसंधान केंद्र के मौसम विज्ञान प्रेक्षक देश राज मीना ने बताया कि शनिवार को अधिकतम तापमान 42 व न्यूनतम 30 डिग्री सेल्सियस रहा। पुरवा हवाएं चल रही थीं। इस संबंध में एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया कि हीट वेब से जिले में एक भी मौत की सूचना नहीं है। वहीं, सीएमओ डा. जीएम शुक्ला ने बताया कि हीट वेब से किसी के मौत की जानकारी नहीं है। समझ में नहीं आ रहा है कि लोगों की घर में ही मौत हो रही है।

# दीवानी न्यायालय पहुंचे जिला जज, वकीलों ने सौंपा मांगपत्र


जिला जज अब्दुल शाहिद का स्वागत करते अधिवक्तागण। अमृत विचार

संवाददाता, लालगंज, प्रतापगढ़।

**अमृत विचार :** जिला जज अब्दुल शाहिद ने शनिवार को दीवानी अदालत का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने भेंट कर उन्हें बार की स्थानीय समस्याओं से अवगत करा कर मांगपत्र सौंपा।


जिला जज अब्दुल शाहिद शनिवार दोपहर सीजेएम अर्चना तिवारी के साथ दीवानी न्यायालय पहुंचे। न्यायिक पत्रावलियों के रखरखाव तथा दायर वादों के निस्तारण की प्रगति का भी अवलोकन किया। न्यायिक भवनों में साफ सफाई एवं अन्य सुविधाओं का भी अवलोकन किया। सिविल जज अरविन्द सिंह ने उन्हें वांछित प्रगति से अवगत कराया। जिला जज के निरीक्षण के दौरान अधिवक्ताओं ने भेंट की। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह व रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने जिला जज अब्दुल शाहिद को सम्मानित किया। अधिवक्ताओं ने मांगपत्र देकर सिविल न्यायालय परिसर में वादकारी शेड के लिए आवंटित धनराशि अवमुक्त कराए जाने एवं लालगंज में अपर जिला जज तथा एसीजेएम न्यायालयो के संचालन के साथ लीलापुर व सांगीपुर थाने के फौजदारी मामलो में क्षेत्राधिकार, न्यायालय परिसर में सीसी टीवी कैमरे तथा मानक के अनुरूप कर्मचारियों की तैनाती को लेकर जिला जज का ध्यान आकृष्ट कराया। इस दौरान शहजाद अंसारी, संतोष पाण्डेय, सुरेन्द्र सिंह, आशीष तिवारी, गिरिजाकांत द्विवेदी, सिंटू मिश्र, शिवेन्द्र तिवारी, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, वीरेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह आदि रहे।

## रेलवे ट्रैक के किनारे मिला महिला का शव

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** अंतू क्षेत्र के लोहंग पट्टी की निवासिनी 28 वर्षीय अंजना कुशवाहा की शादी लंभुआ सुल्तानपुर निवासी सुधीर कुशवाहा के साथ हुई थी। परिजनों के अनुसार वह मानसिक रुप से बीमार रहने के कारण ज्यादातर मायके में ही रहती थी। शुक्रवार रात वह घर से निकली तो परिजन उसकी खोजबीन में जुट गये। इस दौरान उसका शव गांव से कुछ दूर रेलवे ट्रैक के किनारे क्षत विक्षत अवस्था में मिला। महिला की अज्ञात ट्रेन से कटने से मौत की आशंका जताई गई। सूचना पर पहुंची अंतू पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ जितेंद्र सिंह ने बताया कि महिला की अज्ञात ट्रेन से कट जाने की आशंका है, जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### प्रो. मनोज बने संकायाध्यक्ष



**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. मनोज मिश्र को वरिष्ठता के आधार पर अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय का नया संकायाध्यक्ष नामित किया है। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने शनिवार को पत्र जारी करते हुए मई 2027 तक तीन साल का कार्यकाल निर्धारित किया है। विदित है कि डॉ. मिश्र का 25 वर्षों से अधिक का शिक्षण तथा शोध का अनुभव है। प्रो. मिश्र कार्यपरिषद–विद्या परिषद, अध्ययन परिषद एवं परीक्षा समिति के सम्मानित सदस्य रहे हैं। विज्ञान संचार, साहित्य, शिक्षा एवं लोक संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. मिश्र को राष्ट्रीय मंचों पर कई बार सम्मानित किया गया है। संकायाध्यक्ष नामित होने पर प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. संदीप सिंह, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. मानस पांडेय, डॉ. अमित वत्स, प्रो. अशोक श्रीवास्तव, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. मुराद अली, प्रो. प्रमोद यादव, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. पुनीत धवन, प्रो. गिरिधर मिश्र, डॉ. सुधीर उपाध्याय, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नन्द किशोर सिंह सहित परिसर के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों ने प्रो. मिश्र को बधाई दी है।

### निबन्ध व पोस्टर प्रतियोगिता से हीट वेब के प्रति जागरूकता

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया कि जिले में हीट–वेव के सम्बन्ध में निबन्ध एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी है। निबन्ध एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए सभी एसडीएम, तहसीलदार, प्रधानाचार्य राजकीय पालीटेक्निक प्रेमधर पट्टी, प्रधानाचार्य राजकीय पालीटेक्निक चिलबिला, डीआईओएस एवं बीएसए को निर्देशित किया गया है। उन्होने बताया कि बैनर एवं निबन्ध लेखन पर होने वाली प्रतियोगिता की समय सीमा बढ़ाकर 10 जून कर दी गयी है। अधिक से अधिक पोस्टर एवं बैनर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागिता 10 जून तक करायें।

### महिला मतदाता गश्त खाकर गिरी, अस्पताल में भर्ती

**संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के चक कोटार गांव में मतदान करने के लिए गई महिला अचानक गश्त खाकर गिर पड़ी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आनन फानन में महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये, जहां पर चिकित्सक द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा है। हलिया थाना क्षेत्र के चक कोटार गांव निवासी शुकुवरिया (40) पत्नी गनेश सिंह शनिवार की दोपहर मतदान केंद्र पर मतदान करने के लिए गई थी कि अचानक गश्त खाकर जमीन पर गिर पड़ी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आनन–फानन में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये, जहां पर चिकित्सक ने महिला का उपचार कर रहे हैं। चिकित्सक के अनुसार महिला की स्थिति सामान्य है।

### सफाईकर्मी की हीट वेव से मौत, तीन कर्मचारी बीमार

**संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** हलिया थाना क्षेत्र के गौरवा प्राथमिक विद्यालय में लोकसभा चुनाव के मतदान कराने के लिए आये चिल्ह थाना क्षेत्र के गहिया गांव निवासी सफाईकर्मी रविंद्र नाथ पांडेय की हीट वेव से मौत हो गई। सफाईकर्मी की तैनाती अदलहाट के मुचडीह गांव में सफाईकर्मी के पद पर तैनाती थी। इसी प्रकार ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के महोगढी पर चुनाव की ड्यूटी करने के लिए आये सहायक अध्यापक छानबे के जोपा गांव निवासी संतोष कुमार (45) की हालत बिगड़ने पर उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया गया है, जंहा पर चिकित्सक द्वारा उपचार किया जा रहा। हलिया प्राथमिक विद्यालय पर चुनाव के मतदान कराने के लिए आये होमगार्ड फतेहपुर निवासी गिरजा शंकर (51) व हेड कांस्टेबल बांदा गांव निवासी रामनरेश (49) की तबियत बिगड़ने पर उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया गया है, जंहा पर चिकित्सक द्वारा उपचार किया जा रहा है। तापमान 47 डिग्री सेल्सियस होने से मतदान कर्मियों की हालत बिगड़ी है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय गौरवा में मतदान कराने के लिए आये सफाईकर्मी की मौत हो गई है जबकि तीन मतदान कर्मियों की हालत बिगड़ने पर उपचार किया जा रहा हालत सामान्य है।

### गुणात्मक बौद्धिक विकास प्रतियोगिता आयोजित

**नैनी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रयाग नैनी भाग की गुणात्मक बौद्धिक विकास प्रतियोगिता शनिवार को हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ भाग संचालक दशरथ जी, विभाग बौद्धिक प्रमुख अजय जी, अतुल जी, जिला प्रचारक भाग कार्यवाह राजेश जी, विभाग धर्म जागरण प्रमुख श्री विजय प्रताप द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम रूपरेखा एवं संचालन भाग बौद्धिक प्रमुख रामकृष्ण द्वारा किया गया। प्रतियोगिता हेतु चयनित विषय एकल गीत, गण गीत सांगिक, अमृत वचन, सुभाषित एवं प्रार्थना में भाग के सभी नगरों से चयनित शाखा एवं 110 स्वयंसेवक कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसमें गण गीत में मानस नगर की सुभाष शाखा प्रथम रहा। वहीं एकल गीत में विश्वामित्र शाखा के आदर्श ने बाजी मार ली। इसी प्रकार प्रार्थना में पवन नगर कार्यवाह विश्वकर्मा नगर तो अमृत वचन में अजय जी यमुनानगर का प्रथम स्थान रहा। सुभाषित में प्रखर जी राघवेंद्र नगर का प्रथम स्थान रहा। कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य वक्ता डॉ राजविहारी सह प्रांत कार्यवाह द्वारा कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया गया। साथ ही प्रतियोगियों को प्रोत्साहन स्वरूप भारत माता, डॉक्टर साहब, गुरु जी का चित्र एवं संघ साहित्य भेंट किया गया।

### सकुशल संपन्न हुआ मतदान


बूथ का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन। अमृत विचार

**संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** मिर्जापुर लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में शनिवार को मतदान में मतदान में मतदाताओं का उत्साह देखने लायक रहा सुबह से ही मतदाता अपने अपने मतदान केंद्र पर बनाए गए बूथों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शाम तक मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल संपन्न हुआ है। मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह मय पुलिसकर्मियों के साथ मतदान केंद्र पर पंहुचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने नगर विधानसभा क्षेत्र के विसुंदरपुर स्थित आदर्श मतदान केंद्र, सिटी ब्लाक, पंचायत भवन भोड़सर, लालगंज के बापू उपरौध इंटर कालेज व पतुलकी व हलिया के मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय हलिया प्रथम पर पंहुकर मतदान का जायजा लिया है। हलिया विकास खंड के अंतर्गत बनाए गए मतदान केंद्रों पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोटार, प्राथमिक विद्यालय कोटार के मतदान केंद्रों पर ग्राम प्रधान विनोद कुमार सिंह द्वारा मतदाताओं के लिए मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित किया था। वहीं, भटवारी के प्राथमिक विद्यालय पर ग्राम प्रधान राजेश कुमार व पूरवा औसान सिंह के मतदान केंद्रों प्राथमिक विद्यालय पुरवा व प्राथमिक विद्यालय बीरपुर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सूरज मणि मौर्य द्वारा मतदाताओं के मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी। इस संबंध में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि मतदान को शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल संपन्न कराने के लिए मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया है।

# 6वीं की छात्रा शान्वी का कमाल 17 मिनट में पार किया यमुना नदी

**प्रयागराज। अमृत विचार :** संगमनगरी प्रयागराज में कक्षा 6 में पढ़ने वाली शान्वी सोनकर ने चौंकाने वाला कमल किया है। मुंडेरा की रहने वाली शान्वी ने अपनी 12 साल की उम्र में महज 17 मिनट में यमुना नदी तैरकर पार कर लिया। शान्वी के इस कमाल के कारनामे से सभी अचंभित है। शहर के मुंडेरा की रहने वाली शान्वी सोनकर पुत्री संजय सोनकर गर्ल्स हाई स्कूल में कक्षा 6 की छात्रा है। उनकी मां सुनीता गृहणी है। शान्वी ने महज 17 मिनट में यमुना नदी को तेरकर पार किया हे। उसकी इस उपल्ब्धि पर शहरवासी गर्व महसूस कर रहे हैं। परिवार और कॉलेज के लोग गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड के गये उसका डेटा, वीडियो, फोटो भेज रहे हैं। शान्वी का कहना है कि स्कूल में गर्मी की छुट्टियां होने पर शान्वी नें तैराकी सीखने के लिए


रिकॉर्ड बनाने के बाद शान्वी।

स्विमिंग क्लब ज्वाइन किया था। एक हफ्ते की ट्रेनिंग के बाद ही उसने यमुना नदी को सिर्फ 17 मिनट में तैरकर पार कर लिया है। शान्वी नें मीरापुर के बरगद घाट से तैरना शुरु किया और नैनी की ओर सिंधु सागर घाट, ककरा घाट तक तैरकर पूरा किया है। शान्वी जब यमुना नदी तैरकर पार करने लगी तो उसके साथ मे नाव लगी थी। नाव से पिता संजय सोनकर, मां सुनीता सोनकर, पंकज सिंह, निवेदिता सिंह, आलोक वर्मा, संदीप गुप्ता, पर्मेन्द्र विश्वकर्मा साथ साथ रहे। नाव पर मौजूद अन्य लोग तालियां बजाकर शान्वी को हौसला बढ़ाते रहे। लोगो का कहना है कि यमुना नदी की लंबाई लगभग 600 मीटर व गहराई लगभग 25 फीट है। प्रशिक्षक त्रिभुवन निषाद नें कहा कि वो हर वर्ष कमला निषाद एवं लिम्का बुक आफ रिकार्ड होल्डर मानस निषाद के सहयोग से सैकड़ो बच्चो को स्विमिंग क्लब के माध्यम से मीरापुर के बरगद घाट पर तैराकी का प्रशिक्षण देते आ रहे है। इस साल क्लब के माध्यम से खेलो इंडिया को बढ़ावा देने के लिए बच्चों तैराकी सिखा रहे हैं।

# अधिकारियों ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था व तैयारियों का किया निरीक्षण

संवाददाता, प्रतापगढ़।

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल व मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने शनिवार को संयुक्त रूप से नवीन महुली मण्डी में बनाये गये स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ड्यूटी में तैनात कार्मिकों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये।

लोकसभा चुनाव की मतगणना 04 जून को नवीन महुली मण्डी में होनी है। जिसकी तैयारियों को लेकर डीएम, एसपी, सीडीओ ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर मतगणना को


मतगणना स्थल महुली मण्डी का निरीक्षण करते डीएम संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल व सीडीओ नवनीत सेहारा। अमृत विचार

लेकर की जा रही समस्त व्यवस्थाओं को देखा एवं सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

डीएम व एसपी ने मतगणना स्थल पर मजबूत वैरीकेडिंग, जाली, सीसीटीवी कैमरा, प्रकाश आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। कहा कि मतगणना से पूर्व समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाये। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा, एसडीएम व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## घरेलू कलह में दो ने फंदा लगाकर दी जान

**प्रतापगढ़/रानीगंज। अमृत विचार :** नगर पंचायत अंतू के जालिपा नगर वार्ड निवासी 30 वर्षीय शिवशंकर पुत्र गुलाब चंद्र हेला घर पर ही परचून की दुकान चलाता था। शुक्रवार की रात करीब 10 बजे वह नशे में घर आया, तो पत्नी से विवाद होने के बाद फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। अंतू पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रानीगंज प्रतिनिधि के अनुसार दिलीपपुर थाना क्षेत्र के दहेरखुर्द गांव निवासी रामकृपाल दुबे की 20 वर्षीय बेटी डिम्पल दुबे खाना खाकर मां भाई के साथ घर में सो गई। नीम के पेड़ में रस्सी बांधकर अपने गले में फंदा डालकर खुदकुशी कर ली।

# बीज शोधन अवश्य करें किसान

संवाददाता, जौनपुर।

▸▸ फसलों को बचाने के लिए जिला कृषि अधिकारी ने बताए उपाय

**अमृत विचार :** जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने अवगत कराया है कि बीज जनित/भूमि जनित रोगों से आगामी बोई जाने वाली फसल के बचाव हेतु बीज शोधन का अत्यधिक महत्व है। बीज शोधन द्वारा फसल की रोगों से सुरक्षा कर अधिक पैदावार की जा सकती है, जिससे कृषकों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी।

इसी प्रकार अनेक प्रमुख कीटों की प्रावस्थायें व भूमिजनित रोगों के कारक भूमि में पाये जाते हैं जो फसलों को विभिन्न प्रकार से क्षति पहुचाते हैं प्रमुख रूप से दीमक, सफेद गिडार, कटवर्म, सूत्रकृमि लेपीडाप्टेरस आदि अनेक कीटों तथा फफूंदी/जीवाणु रोगों के भी भूमि जनित कारक प्रावस्थायें भूमि की संरचना के अनुरूप मिट्टी मे पाये जाते हैं, जो अनुकूल परिस्थितियों में पौधे की विभिन्न प्रावस्थाओं को संक्रमित कर फसल उत्पादन में बाधक बन हानि पहुंचाते हैं। इन कीट व्याधियों की रोकथाम हेतु कृषि रक्षा रसायनों का आवश्यकतानुसार प्रयोग करना पड़ता है। फलस्वरूप अधिक व्यय हो जाने के कारण उत्पादन लागत में वृद्धि होती है। बीज बोने व पौधरोपण के पूर्व समय से संस्तुत कृषि रक्षा रसायनों तथा जैविक रसायनों (बायोपेस्टी साइड्स) से बीजशोधन/भूमिशोधन द्वारा कीट/ रोगों की सम्भावित क्षति प्रारम्भ में ही रोककर स्वस्थ फसल से भरपूर गुणवत्तायुक्त उत्पादन प्राप्त होगा। फलतः उत्पादन लागत भी कम होगी।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी विवेक कुमार ने जनपद के किसान भाइयों को सलाह दी है कि वे फसलों में लगने वाले विभिन्न रोगों से बचाव हेतु निम्न विवरण के अनुसार भूमि शोधन/बीजशोधन कार्य करें। भूमिगत कीटों दीमक, सफेद गिडार, सूत्रकृमि, जड़ की सूड़ी, कटवर्म, कद्दू का लाल कीड़ा, अर्ली सूट बोरर, लेपीडाप्टेरस कीट तथा मिली बग आदि से रोकथाम हेतु जैविक रसायन स्यूडोमोनास फ्लोरिसेन्स 0.5 प्रतिशत 2.5 किग्रा अथवा ट्राइकोडरमा 2 प्रतिशत 2.5 किग्रा प्रति हेक्टेयर के दर से प्रयोग करें।

# सरकारी अस्पतालों में बना कोल्ड रूम वॉर्ड

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** जिले में भीषण गर्मी और नौतपा का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। अस्पतालों में भी हीट स्ट्रोक को लेकर मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। अस्पतालों में मरीजों को गर्मी से राहत देने के लिए अब कोल्ड रूम वार्ड बनाये जा रहे है। जिससे मरीजों को परेशानियां न हो।

शनिवार को सीएमओ डॉक्टर आशू पाण्डेय ने सभी अस्पताल के अधीक्षकों भी कड़ा निर्देश जारी किया है। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर जिले के सभी सरकारी अस्पतालों मे एक कोल्ड रूम बनाया गया है। जिससे गर्मी व लू से बीमार होने वाले मरीजों को उस रूम में रखा जाये और उनका बेहतर इलाज हो सके। इसके अलवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व जिले के सरकारी अस्पतालों में इस गर्मी को देखते हुए डॉक्टरों के अवकाश को निरस्त कर दिया गया है। सीएमओ डॉ. आशु पांडेय ने बताया कि मरीजों की सुविधा को देखते हुए एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। जहां से हीट स्ट्रोक के मरीजों की जानकारी मिल सकेगी। इसके साथ ही एक हेल्पलाइन नंबर 0532-2644644 भी जारी किया गया है। 31 मई तक 160 लोग हीट स्ट्रोक की चपेट में आ चुके हैं।

**बदलाव** जुलाई से पहले होगा समायोजन, बच्चों की संख्या के आधार पर हर स्कूल में होंगे शिक्षक

# पोर्टल पर अपडेट होगी शिक्षकों की नियुक्ति


▸▸ जिले में कुल 2372 परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालय हैं संचालित

संवाददाता, प्रतापगढ़।

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षकों का जिले के अंदर समायोजन जुलाई से पहले किया जाएगा। जिन परिषदीय विद्यालयों में अध्यापकों की संख्या कम है, वहां पर अध्यापकों का समायोजन होगा। जहां पर छात्रों की तुलना में इनकी संख्या अधिक है, उन्हें दूसरे विद्यालयों में समायोजित किया जाएगा। छात्रों के साथ ही शिक्षकों

### 30 बच्चों पर एक शिक्षक का है मानक

परिषदीय विद्यालयों में निर्धारित मानक के अनुसार 30 बच्चों पर एक शिक्षक की नियुक्ति होती है। इसी प्रकार 45 बच्चों पर दो शिक्षक, 60 बच्चों पर तीन शिक्षक, 75 बच्चों पर चार और 90 बच्चों पर पांच शिक्षकों की नियुक्ति होनी चाहिए। देखा जाए तो यह मानक जिले के अधिकांश परिषदीय स्कूलों में नहीं है।



बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा विद्यालयों में शिक्षकों का मानक पूरा करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसमें नगर क्षेत्र के विद्यालय शामिल नहीं हैं। जून माह में जिस विद्यालय में छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की संख्या कम होगी, वहां शिक्षक भेजे जाएंगे तथा जहां शिक्षक अधिक होंगे, बच्चे कम होंगे वहां से शिक्षकों को हटा कर दूसरे विद्यालय में समायोजित किया जाएगा। यह कार्य जुलाई के पहले पूरा कर लिया जाएगा। –भूपेंद्र सिंह, बीएसए प्रतापगढ़

की नियुक्ति संबंधी पूरी जानकारी पोर्टल पर अपडेट की जाएगी। शिक्षकों का समायोजन नगर क्षेत्र के स्कूलों में नहीं होगा।

जनपद में कुल 2372 परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालय संचालित हैं। इनमें दो लाख 57 हजार 692 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। कई ऐसे विद्यालय हैं जो एक शिक्षक या शिक्षामित्रों के ही सहारे चल रहे हैं। शासन ने शिक्षकों को जिले के अंदर समायोजित करने का निर्देश दिया है, जिससे सभी विद्यालयों में शिक्षक-छात्रों का अनुपात ठीक किया जा सके। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। देखा जाए तो सबसे अधिक शिक्षकों की जरूरत नगर क्षेत्र के स्कूलों को है, लेकिन इन स्कूलों में शिक्षकों का समायोजन नहीं होगा।

# महाकुंभ में दिखेगी तीर्थराज प्रयाग की अलौकिक छटा

संवाददाता, प्रयागराज।

▸▸ पर्यटन विभाग ने टूरिज्म कॉन्क्लेव हर का किया आयोजन

**अमृत विचार:** संगमनगरी प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ-2025 को लेकर शासन और प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से सिविल लाइंस स्थित एक होटल में महाकुंभ-2025 संबंधित टूरिज्म कॉन्क्लेव हर भव्य आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों ने बताया कि प्रयागराज में महाकुंभ तक तरह तरह से शहर की तस्वीर बदलेगी। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, महाकुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद, विशेष सचिव (पर्यटन) ईशा प्रिया और अरुणा शेट्टी ने इस कार्यक्रम में सारी बातो को बताया।


कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते अधिकारी।

कमिश्नर विजय विश्वास पंत ने कहा कि महाकुंभ विश्व का बड़ा सांस्कृतिक आयोजन है और प्रयागराज विश्व का बड़ा मेजबानी करने वाला तीर्थ स्थल है। पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न धार्मिक व आध्यात्मिक स्थलों का विकास किया जा रहा है।

विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया ने महाकुंभ की तैयारियों के साथ ही प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि उत्तर प्रदेश में धाार्मिक, आध्यात्मिक के साथ ही हेरिटेज, रूरल एग्री, मेडिकल टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म असीमित संभावनाएं हैं जिन्हें धरातल पर उतारने के लिए काम किया जा रहा है।

कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने कहा कि प्रयागराज में कुंभ या महाकुंभ ही नहीं बल्कि हर समय बड़ी संख्या में पर्यटक आएं इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने महाकुंभ की तैयारियों का खाका पेश किया। कहा कि प्रयागराज को अयोध्या और काशी के टूर पैकेज के साथ जोड़ा जाना चाहिए। प्रयागराज को तीर्थराज कहा जाता है। यहां महत्वपूर्ण सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, धार्मिक व आध्यात्मिक स्थल है। पर्यटन विभाग की ओर से इन स्थलों का विकास किया जा रहा है। साथ ही पर्यटक सुविधाएं भी विकसित की जा रही है। रेल, रोड और एयर कनेक्टिविटी अच्छी है।

श्रृंगवेरपुर को टूरिस्ट विलेज के तौर पर तैयार कर रहे हैं। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने पर्यटन विभाग की ओर से प्रयागराज में कराए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। कहा कि हम प्रयागराज में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

# मृत्यु से पहले दिया गया प्रामाणिक बयान दोषसिद्धि का हो सकता है एकमात्र आधार

## कांस्टेबल की पत्नी की हत्या का मामला: सजा बरकरार रखते हुए न्यायालय ने की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालत को विश्वास दिला सकने वाले 'मृत्यु-पूर्व प्रामाणिक बयान' पर भरोसा किया जा सकता है और यह बिना किसी पुष्टि के किसी आरोपी को दोषी ठहराने का एकमात्र आधार हो सकता है। महाराष्ट्र के बीड जिले में 22 साल पहले पुलिस कांस्टेबल पत्नी की हत्या के मामले में एक पूर्व सैन्यकर्मी की सजा बरकरार रखते हुए शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी की।

अदालत की वेबसाइट पर जारी बयान के अनुसार न्यायालय ने कहा कि अदालत को मृत्यु-पूर्व बयान की सावधानीपूर्वक पड़ताल करनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि यह सुसंगत एवं विश्वसनीय हो तथा किसी के सिखाने पर न दिया गया हो। इसने कहा-जब मृत्यु-पूर्व दिया गया बयान प्रामाणिक और अदालत को विश्वास दिला सकने वाला हो तो उस पर भरोसा किया जा सकता है तथा यह बिना किसी पुष्टि के दोषसिद्धि का एकमात्र आधार हो सकता है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा-हालांकि, इस तरह के मृत्यु-पूर्व बयान को स्वीकार करने से पहले अदालत को संतुष्ट होना चाहिए कि यह स्वेच्छा से दिया गया है, सुसंगत और विश्वसनीय है तथा किसी के सिखाने पर नहीं दिया गया है। एक बार जब इस तरह के निष्कर्ष पर पहुंच लिया जाए तो जैसा कि पहले भी कहा गया है कि यह सजा का एकमात्र आधार बन सकता है। इस मामले में अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि महिला के साथ उसके पति और ससुराल के अन्य लोगों ने क्रूरता की थी। उसके हाथ-पैर बांधकर मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगा दी गई।



### फैसले को बंबई उच्च न्यायालय ने भी रखा था बरकरार

निचली अदालत ने 2008 में पति को हत्या के मामले में दोषी ठहराया था और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी तथा 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था। इस फैसले को बंबई उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा था। शीर्ष अदालत ने महिला के मृत्यु-पूर्व बयान को वैध सबूत के रूप में स्वीकार करते हुए कहा कि सबूतों पर गौर करने के बाद इसमें कोई संदेह नहीं रह जाता कि अपीलकर्ता अपराध करने का दोषी है। इसने कहा कि अपीलकर्ता को अपनी सजा पूरी करने के लिए दो सप्ताह के भीतर निचली अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया जाता है।

### न्यायालय ने लैंगिक संवेदीकरण पर समिति का किया पुनर्गठन

**नआ दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अपनी लैंगिक संवेदीकरण एवं आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन किया है। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है, भारत के उच्चतम न्यायालय में लैंगिक संवेदनशीलता और महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) विनियम, 2013 के खंड 4(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस संबंध में सभी सक्षम प्रावधानों के तहत, भारत के माननीय प्रधान न्यायाधीश ने उच्चतम न्यायालय लैंगिक संवेदीकरण एवं आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन किया है। शीर्ष अदालत की न्यायाधीश हिमा कोहली 12 सदस्यीय समिति की अध्यक्ष हैं। इस समिति में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, अतिरिक्त रजिस्ट्रार सुखदा प्रीतम और वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा एवं महालक्ष्मी पावनी भी शामिल हैं।

मतदाता जागरुकता की निकली सवारी...



लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के मतदान के दौरान शनिवार को पटना में मतदाता जागरुकता संबंधी नारे लिखे रिक्शे पर सवार होकर जातीं युवतियां। ● एजेंसी

### एक नजर

#### पंजाब में आप कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर के अजनाला में बाइक सवार दो अज्ञात हमलावरों ने आम आदमी पार्टी (आप) के एक कार्यकर्ता दीपिंदर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी और इस घटना में चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हमलावर अजनाला के लखुवाल गांव में वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। अजनाला थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) बलबीर सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात जब कुछ लोग घर के बाहर बैठे थे उस दौरान यह घटना हुई।

#### कश्मीरी गेट मेट्रो थाने में लगी आग

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में कश्मीरी गेट मेट्रो थाने में कल देर रात आग लग गयी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह आग पुलिस उपायुक्त कार्यालय तक फैल गयी जो थाना परिसर के समीप ही है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि देर रात करीब 12:45 बजे आग लगने के बारे में एक कॉल आयी जिसके बाद 12 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गयीं। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन थाने के 15 कमरे एवं पुलिस बैरक आग में क्षतिग्रस्त हो गए।

## अधिक पानी के लिए हरियाणा को निर्देश देने के अनुरोध संबंधी याचिका पर 3 जून को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय दिल्ली सरकार की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें हरियाणा को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह हिमाचल प्रदेश द्वारा उपलब्ध कराए गए अतिरिक्त पानी को राष्ट्रीय राजधानी के लिए जारी करे, ताकि यहां का जल संकट दूर किया जा सके। उच्चतम न्यायालय की वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ द्वारा मामले की सुनवाई किये जाने की संभावना है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने केंद्र, भाजपा शासित हरियाणा और कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश को पक्षकार बनाया है।

## मोदी ने बेटी बचाओ... का नारा दिया, पर प्रज्वल पर चुप्पी नहीं तोड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी



● कांग्रेस की महिला इकाई की अध्यक्ष अलका लांबा ने उठाया सवाल

कांग्रेस ने यौन शोषण मामले में कर्नाटक के हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना की गिरफ्तारी के लिए राज्य सरकार को बधाई देते हुए शनिवार को इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी को लेकर सवाल खड़े किए।

पार्टी की महिला इकाई की अध्यक्ष अलका लांबा ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा जरूर दिया, लेकिन इस संगीन मामले पर अब तक वह कुछ नहीं बोले और यहां तक कि आरोपी सांसद के लिए लोकसभा चुनाव में वोट भी मांगे। कर्नाटक सरकार द्वारा गठित एसआईटी ने प्रज्वल को गिरफ्तार किया है। लांबा ने संवाददाताओं से कहा-हम कर्नाटक सरकार को बधाई देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी ने प्रज्वल रेवन्ना पर अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी है।

## अदालत ने राहुल गांधी को 7 जून को पेश होने का दिया निर्देश

बेंगलुरु, एजेंसी

मानहानि मामला

● कोर्ट ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया व शिवकुमार को दी जमानत



भाजपा द्वारा दायर मानहानि के एक मामले में यहां की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पेश होने का निर्देश दिया और इस मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तथा उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को जमानत दे दी। इस मामले के संबंध में राहुल गांधी को सात जून को अदालत में पेश होने को कहा गया है।

कथित झूठे विज्ञापनों पर मानहानि का मुकदमा भाजपा महासचिव केशव प्रसाद ने दायर किया था। सिद्धरमैया और शिवकुमार बेंगलुरू में जनप्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश हुए, जबकि गांधी, जिन्हें उपस्थित होना था, पेश नहीं हुए। भाजपा के अधिवक्ताओं ने आपत्ति जताई और कहा कि गांधी को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 205 के तहत छूट नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि वह दूसरी बार उपस्थित नहीं हुए हैं।

कांग्रेस के अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि गांधी नयी दिल्ली में विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक में भाग ले रहे थे और वह लोकसभा चुनाव में भी उम्मीदवार हैं। उन्होंने अदालत से शनिवार की सुनवाई से छूट मांगी और वादा किया कि कांग्रेस नेता अगली तारीख पर मौजूद रहेंगे। अदालत ने गांधी को छूट देते हुए उन्हें सात जून को अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यह आरोप लगाते हुए मानहानि का मामला दर्ज कराया था कि इन कांग्रेस नेताओं ने तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत भाजपा नेताओं के खिलाफ झूठे विज्ञापन दिये। सभी लोक निर्माण कार्यों में 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने पिछली सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार रेट कार्ड भी प्रकाशित किया था। शिकायतकर्ता ने कांग्रेस पार्टी पर पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के खिलाफ बदनाम करने वाला अभियान चलाने का आरोप लगाया। पत्रकारों से बात करते हुए सिद्धारमैया ने कहा कि वे एक निजी शिकायत के सिलसिले में अदालत में पेश हुए थे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने कन्याकुमारी में पूरी की ध्यान साधना

कन्याकुमारी (तमिलनाडु), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे की अपनी ध्यान साधना पूरी की और तमिल संत कवि तिरुवल्लुवर को पुष्पांजलि अर्पित की।

ध्यान सत्र के समापन पर, सफेद वस्त्र पहने मोदी ने स्मारक के बगल में स्थित उस परिसर का दौरा किया, जहां तिरुवल्लुवर की 133 फुट ऊंची प्रतिमा स्थित है और वहां एक विशाल माला चढ़ाई। वह नौका द्वारा प्रतिमा परिसर गए और बाद में वह तट पर पहुंचे। प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से तिरुवनंतपुरम पहुंचे और वहां से दिल्ली के लिए रवाना हुए। मोदी ने 30 मई को यहां पहुंचने पर भगवती अम्मन मंदिर में पूजा-अर्चना की और बाद में विवेकानंद रॉक मेमोरियल पहुंचे। स्मारक में अपने प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ने ध्यान लगाया और सूर्योदय के समय सूर्य अर्घ्य दिया। सूर्य अर्घ्य के तहत भगवान सूर्य को जल अर्पित कर उन्हें नमन किया जाता है। ध्यान साधना के लिए प्रधानमंत्री की कन्याकुमारी यात्रा का तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) समेत 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने विरोध किया।

प्रधानमंत्री के प्रवास के मद्देनजर द्रमुक नेता एवं तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन ने आरोप लगाया कि पर्यटकों को उस क्षेत्र में जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है, जिससे स्थानीय व्यवसाय पर गंभीर असर पड़ा है। तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सेल्वापेरुन्थगई ने शनिवार को संवाददाताओं से कहा-कोई व्यक्ति 14 कैमरों के सामने बैठकर ध्यान कैसे कर सकता है? क्या यह ध्यान है? यह ध्यान साधना चुनावी राजनीति को ध्यान में रखकर की गई है। कन्याकुमारी सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है और मेमोरियल तट के पास एक छोटे-से टापू पर स्थित है। प्रधानमंत्री ने 30 मई की शाम को विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान साधना शुरू की थी और शनिवार को इसे पूरा कर लिया।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को कन्याकुमारी में तिरुवल्लुवर प्रतिमा पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे। ● एजेंसी

### कटरा में तंबाकू की बिक्री, रखने और सेवन करने पर लगी रोक

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में रियासी जिले के पवित्र कटरा शहर के उप-मंडल में प्रशासन ने सभी तरह के तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने, रखने और सेवन करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। रियासी के उपायुक्त विशेष पॉल महाजन ने जिला मजिस्ट्रेट के रूप में अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए शनिवार को इस संबंध में एक आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार, कटरा शहर श्री माता वैष्णो देवी का आधार शिविर है और हर साल एक करोड़ से अधिक लोग यहां आते हैं। कटरा शहर की धार्मिक पवित्रता को देखते हुए कटरा शहर के आठ किलोमीटर के दायरे में शराब और मांस की बिक्री करने, रखने और सेवन पर पहले से ही प्रतिबंध है और अब तंबाकू पर भी प्रतिबंध लगाया जा रहा है।

# कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1080 डीएमओ 850 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 975 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 855।

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

## शीर्ष 100 कंपनियां अफवाहों की बताएंगी सच्चाई

### सेबी का यह आदेश एक दिसंबर से शीर्ष 250 कंपनियों के लिए भी होगा लागू

नई दिल्ली, एजेंसी



बाजार पूंजीकरण के हिसाब से शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों को एक जून से अपने संबंध में मुख्यधारा के मीडिया में आने वाली किसी भी बाजार अफवाह की पुष्टि या खंडन करना होगा। यह आदेश एक दिसंबर से शीर्ष 250 कंपनियों के लिए लागू होगा।

सेबी के नियमों के तहत, इन कंपनियों को मुख्यधारा के मीडिया में बताई गई किसी भी असामान्य घटना या सूचना की पुष्टि, खंडन या स्पष्टीकरण 24 घंटे के भीतर करना होगा। एमएमजेसी एंड एसोसिएट्स के संस्थापक मकरंद एम जोशी ने कहा कि इस कदम से ऐसी सूचना लीक होने से रोकी जा सकेगी, जो किसी खास कॉरपोरेट कार्यवाही में मूल्यांकन को प्रभावित करेगी। उन्होंने कहा कि सेबी की यह पहल अफवाह सत्यापन ढांचे को मजबूत करने और एक निष्पक्ष बाजार हासिल करने में मदद करेगी। इससे भारत दुनिया भर के निवेशकों के लिए एक पसंदीदा बाजार बन जाएगा।

बाजार की अफवाहें स्टॉक की कीमतों में महत्वपूर्ण अस्थिरता का कारण बन सकती हैं, जिससे अक्सर ऐसे लेनदेन होते हैं जो किसी कंपनी के वास्तविक मूल्य को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं। ये अफवाहें प्रबंधन परिवर्तन, ऑर्डर रद्दीकरण या वित्तीय स्वास्थ्य से जुड़ी हो सकती हैं।

### शेयरचैट, अन्य ने डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक के मसौदे पर आईएएमएआई की दलीलों का किया विरोध

**नई दिल्ली।** मैट्रिमोनी डॉट कॉम और शेयरचैट उन चार कंपनियों में शामिल हैं, जिन्होंने कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा कि वे डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक के मसौदे पर उद्योग निकाय आईएएमएआई की दलीलों से सहमत नहीं हैं। गौरतलब है कि चारों कंपनियां आईएएमएआई की सदस्य हैं। इनका दावा है कि आईएएमएआई की दलीलें पूरे डिजिटल स्टार्टअप इकोसिस्टम या 540 से अधिक इसके सदस्यों की राय को नहीं दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि सदस्यों के केवल एक छोटे से हिस्से ने मसौदा डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक (डीसीबी) के पूर्व नियमन प्रावधानों का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व नियमन प्रावधानों का विरोध और पश्चात नियमन व्यवस्था को जारी रखने से स्थापित खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा और नवाचार को दबाने का मौका मिलेगा। पूर्व नियमन से तात्पर्य ऐसे नियमों से है, जो बड़े मंचों को कुछ खास तरह के आचरण में शामिल होने से पहले ही रोक देते हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा कम हो सकती है। इस सप्ताह की शुरुआत में कॉरपोरेट मामलों के सचिव मनोज गोविल को भेजे गए पत्र पर मैट्रिमोनी डॉट कॉम के संस्थापक मुरुगावेल जानकीरमन, होइचोई के सह-संस्थापक विष्णु मोहा, मैच ग्रुप के अधिकारी मॉर्गन कॉविन आदि ने हस्ताक्षर किए थे।

### तिलहन और दलहन फसलों में उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता

**उदयपुर।** राजस्थान में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयूएटी) के कुलपति डॉ अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि हमारे देश ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली है लेकिन तिलहन एवं दलहन फसलों में आज भी हमें उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है ।

डॉ कर्नाटक ने यह विचार यह तिलहनी फसलों में अनुसंधान को गति प्रदान करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान हैदराबाद से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने के अवसर पर कही।

उन्होंने कहा कि एमपीयूएटी ने कहा कि हमारे राष्ट्र ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली है, लेकिन तिलहन एवं दलहन फसलों में आज भी हमें उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है।

## यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों का समाधान नहीं है वर्क फ्रॉम होम: चंद्रशेखरन

नई दिल्ली, एजेंसी

● टीसीएस के चेयरमैन ने कहा-लोगों को शिक्षित करने की है जरूरत



देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने कहा कि यौन उत्पीड़न के मामलों से बचने के लिए घर से काम करना (वर्क फ्रॉम होम) कोई समाधान नहीं है। इसकी बजाय इस मामले में लोगों को शिक्षित करने की जरूरत है।

गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान टीसीएस कर्मचारियों द्वारा रिपोर्ट की गई यौन उत्पीड़न की शिकायतों की कुल संख्या 110 रही जो पिछले वर्ष 49 थी। हालांकि, आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में बताया है कि 2023-24 के आंकड़ों में कर्मचारियों की ओर से विश्व स्तर पर रिपोर्ट किए गए आंकड़े शामिल हैं जबकि 2022-23 के आंकड़े भारतीय परिचालन से जुड़े हैं। टीसीएस में 152 देशों के 6,01,546 कर्मचारी काम करते हैं, इनमें महिलाओं की हिस्सेदारी 35.6% है। कंपनी की वार्षिक आम बैठक में एक शेयरधारक की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में चंद्रशेखरन ने कहा कि टीसीएस जैसी बड़ी कंपनी में ऐसे मामलों की इतनी संख्या हो सकती है। आगे उन्होने कहा कि ऐसे मामलों का सामधान वर्क फ्राम होम से नहीं बल्कि लोगों को शिक्षित करने से ही संभव है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 93,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,300-55,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,600 |
| चांदी पक्की | 890 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,000 |
| चांदी आभूषण | 90,100। |

## अडाणी पोर्ट ने तंजानिया का प्रमुख कंटेनर बंदरगाह 30 साल के लिए लिया

अहमदाबाद / अबू धाबी, एजेंसी

अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के पूर्ण स्वामित्व की कंपनी अडाणी इंटरनेशनल पोर्ट्स होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (एआईपीएच) ने तंजानिया में दार एस सलाम बंदरगाहर में कंटेनर टर्मिनल-2 के संचालन और प्रबंधन के लिए तंजानिया पोर्ट्स अथॉरिटी के साथ 30 साल के रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

अडाणी पोर्ट्स की एक विज्ञप्ति में शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा गया, दार एस सलाम पोर्ट एक गेटवे पोर्ट है, जिसमें सड़क और रेलवे का एक अच्छी तरह से जुड़ा हुआ नेटवर्क है। चार बर्थ वाले कंटेनर टर्मिनल 2 की वार्षिक माल लादने-उतारने की क्षमता 10 लाख कंटेन (20फुटे कंटेनर) है। इस टर्मिनल से 2023 में 8.2 लाख कंटेनरों की आवाजाही हुई थी जो तंजानिया में कुल कंटेनर की आवा-जाही का 83 प्रतिशत होने का अनुमान है। ईस्ट अफ्रीका गेटवे लिमिटेड (ईगल) को एआईपीएच, एडी पोर्ट्स ग्रुप और ईस्ट हार्बर टर्मिनल्स लिमिटेड (ईएचटीएल) के संयुक्त उद्यम के रूप में गठित किया गया है।

### कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर घटकर 5,200 रुपये प्रति टन

**नई दिल्ली।** सरकार ने शनिवार से घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को 5,700 रुपये से घटाकर 5,200 रुपये प्रति टन कर दिया। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन या एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी को 'शून्य' पर बरकरार रखा गया है। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि नयी दरें एक जून से प्रभावी हैं। भारत ने पहली बार एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया था। यह कर ऊर्जा कंपनियों के मुनाफे पर लगाया जाता है।

## यात्री वाहनों की थोक बिक्री चुनावों के कारण रही धीमी

नई दिल्ली, एजेंसी

● मारुति और हुंदै मोटर इंडिया के वाहनों के बिक्री में थोड़ी रही बढ़ोत्तरी



भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री में मई में मामूली वृद्धि देखी गई। इसका कारण उच्च आधार प्रभाव और आम चुनावों के कारण मांग में कमी रहा। कंपनियों से डीलरों तक कुल यात्री वाहन आपूर्ति पिछले महीने चार प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,50,257 लाख इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 3,35,436 इकाई था।

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की घरेलू बाजार में यात्री वाहन खंड में कुल बिक्री कुछ बढ़कर 1,44,002 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 1,43,708 इकाई थी। कंपनी ने पिछले महीने शुरुआती स्तर की और कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री में सालाना आधार पर गिरावट देखी। बहुपयोगी वाहनों- ब्रेजा, ग्रैंड विटारा, एर्टिगा, एस-क्रॉस और एक्सएल6 की बिक्री मई में बढ़कर 54,204 इकाई हो गई, जो मई, 2023 में 46,243 इकाई थी। एमएसआई के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (बिक्री एवं विपणन) पार्थो बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा-इस बात पर चर्चा हुई है कि इस साल वृद्धि दर बहुत अधिक नहीं होगी। उच्च आधार प्रभाव के कारण यह एकल अंक में रहेगी। दूसरी बात, चुनाव थे और भीषण गर्मी का भी मई में कुल बिक्री पर असर पड़ा। कंपनी की ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री मई में घटकर 9,902 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 12,236 इकाई थी। इसकी प्रतिद्वंद्वी हुंदै मोटर इंडिया (एचएमआई) की मई में घरेलू वाहन बिक्री में एक प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# बाइडेन का दावा- इजराइल ने सीजफायर प्रस्ताव स्वीकारा

वाशिंगटन, एजेंसी

● कहा-अब जंग रोकने का वक्त आ गया, हमास में इजराइल पर और हमले करने की हिम्मत नहीं



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को दावा किया कि इजराइल ने एक नए सीजफायर प्लान को स्वीकार कर लिया है। व्हाइट हाउस में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में बाइडन ने कहा कि हमास अब इजराइल पर और हमले करने की हिम्मत नहीं रखता है। इजराइल ने कहा है कि वो सभी बंधकों की रिहाई के बदले जंग खत्म करने को तैयार है।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के बीच इजराइल का समर्थन करने पर बाइडेन की काफी आलोचना हो रही है। इस बीच व्हाइट हाउस के स्टेट डाइनिंग रूम से उन्होंने कहा, अब जंग खत्म करने का वक्त आ गया है। बाइडेन ने कहा कि इजराइल ने जंग रोकने के लिए प्रोपोजल दिया है। हमास भी सीजफायर की मांग कर रहा है। यही वक्त है कि वो ये साबित कर दें कि वे सच में सीजफायर के लिए तैयार हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक हमास-इजराइल के बीच किसी भी तरह की सीजफायर बाइडेन की चुनावी कैंपेन में अहम भूमिका निभाएगी। ये उनकी फिकी पड़ती चुनावी कैंपेन को नया जीवनदान देगी। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इस बात की भी काफी संभावनाएं हैं कि नेतन्याहू सीजफायर की बात से मुकर जाएं।

# अफगानिस्तान में नाव दुर्घटना में आठ की मौत, पांच लापता

जलालाबाद। अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत नांगरहार की एक नदी में शनिवार को नाव पलट जाने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गयी और पांच अन्य लापता हो गये। एक स्थानीय अधिकारी ने इसकी पुष्टि की।

प्रांतीय सूचना विभाग के प्रमुख कुरैशी बडलून ने बताया कि दुर्घटना शनिवार सुबह हुई, जब नाव मोमंद दारा जिले के बसोल इलाके में नदी पार करते समय डूब गयी। उन्होंने बताया कि नाव में 26 लोग सवार थे। श्री बडलून ने बताया कि हादसे में आठ लोगों की डूबने से मौत हो गयी। नाव में सवार 13 लोगों को बचा लिया गया, जबकि पांच अन्य लापता हैं। यात्रियों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। उन्होंने बताया कि अब तक आठ शव बरामद किये गये हैं।लापता लोगों की तलाश जारी है।

# किशोरावस्था में धूम्रपान की लत मौत को निमंत्रण

विश्व स्वास्थ्य संगठन की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में 13 से 15 वर्ष की आयु के लगभग तीन करोड़ 70 लाख बच्चे तंबाकू का इस्तेमाल करते हैं। 2023 में, ई-सिगरेट अमेरिका में सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला तंबाकू उत्पाद था, जिसमें 7.7% मिडिल स्कूल और हाई स्कूल के छात्रों ने ई-सिगरेट के उपयोग की सूचना दी थी। सिगरेट अगला सबसे आम था, 1.6% माध्यमिक और उच्च विद्यालय के छात्रों ने कहा कि उन्होंने पिछले महीने में इसका सेवन किया था। शोध से पता चलता है कि ज्यादातर लोग तंबाकू का सेवन बचपन से ही शुरू कर देते हैं। रटगर्स विश्वविद्यालय में सामाजिक और व्यवहार विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर जॉन-पैट्रिक अल्लेम ने कहा मैं एक सार्वजनिक स्वास्थ्य शोधकर्ता हूं जो उन विभिन्न तरीकों का अध्ययन करता है जिनसे निगम किशोर स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं, वर्तमान परियोजनाएं किशोरों और युवा वयस्कों के बीच तंबाकू मार्केटिंग के जोखिम के स्रोतों की पहचान करने पर केंद्रित हैं।



## धूम्रपान दिमाग पर डालता है असर, हर अंग के लिए हानिकारक

धूम्रपान मानव शरीर के हर अंग के लिए हानिकारक है और अन्य समस्याओं के अलावा कई प्रकार के कैंसर और हृदय रोग का कारण माना जाता है। ई-सिगरेट और खैनी जैसे उत्पादों में मौजूद निकोटीन, किशोरों के मस्तिष्क के विकास के लिए हानिकारक है। किशोर मस्तिष्क प्रारंभिक वयस्कता में विकसित होता है, विशेषकर प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स में। मस्तिष्क का यह हिस्सा उच्च संज्ञानात्मक विकास में शामिल है, जिसमें ध्यान, स्मृति और संज्ञानात्मक लचीलेपन से संबंधित कार्य शामिल हैं। शोध से पता चला है कि निकोटीन के संपर्क से मस्तिष्क में दीर्घकालिक कार्यात्मक और संरचनात्मक परिवर्तन होते हैं। दशकों के शोध से पता चला है कि कैसे तंबाकू कंपनियां अपने व्यवसाय को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए युवा ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए वर्षों तक तंबाकू उत्पादों की मार्केटिंग करती रहीं।

## जागरुकता बढ़ाने की जरूरत

बच्चों और किशोरों को उन संदेशों से बचाने के लिए सिगरेट और ई-सिगरेट मार्केटिंग पर प्रतिबंधों को प्रभावी ढंग से लागू और विस्तारित करना होगा जो उन्हें धूम्रपान और वेपिंग के लिए प्रोत्साहित करते हैं। युवाओं को तंबाकू की लत से बचाने के लिए हर जगह अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता है। अधिकांश माता-पिता, शिक्षक और अन्य प्राधिकारी शायद इस बात से अनभिज्ञ हैं कि युवा किस हद तक ऑनलाइन तंबाकू सामग्री के संपर्क में हैं, जिसमें तंबाकू विज्ञापन और सोशल मीडिया पर सहकर्मी-जनित पोस्ट शामिल हैं जो तंबाकू के उपयोग को सामान्य बनाते हैं।

## बदल रहा मार्केटिंग का तरीका

सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के जरिये तंबाकू कंपनियों को अपनी मार्केटिंग रणनीति को पत्रिकाओं, बिलबोर्ड और खुदरा स्टोर जैसे पारंपरिक चैनलों से ऑनलाइन चैनलों में स्थानांतरित करने के लिए प्रेरित किया है, जिससे युवा लोगों की ओर से स्क्रीन पर बिताए जा रहे समय का फायदा उठाया जा रहा है। तंबाकू कंपनियों ने ब्रांडेड सोशल मीडिया अकाउंट पेजों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की मदद से ऑनलाइन तंबाकू के उपयोग को सामान्य बनाने में मदद की है।

## एक नजर

### ज़िज़ांग के नागकू में 5.9 तीव्रता का भूकंप आया

बीजिंग/ल्हासा। दक्षिण पश्चिम चीन के जिजांग स्वायत्त क्षेत्र में नागकू शहर के न्यिमा काउंटी में शनिवार सुबह 8:46 बजे (बीजिंग समय) 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने यह जानकारी दी। भूकंप का केंद्र 34.14 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 86.36 डिग्री पूर्वी देशांतर पर देखा गया। सीईएनसी द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भूकंप 8 किमी की गहराई पर आया। भूकंप का केंद्र न्यिमा काउंटी सीट से 275 किमी दूर और क्षेत्रीय राजधानी ल्हासा से 672 किमी दूर स्थित है।

### ड्रोन हमले में अमेरिका समर्थित 4 लड़ाके मारे गये

सीरिया। उत्तरी सीरिया में शुक्रवार शाम को तुर्की के ड्रोन हमले अमेरिका समर्थित चार लड़ाके मारे गये जबकि 11 नागरिक घायल हो गये। कुर्द की अगुवाई वाले बल ने यह जानकारी दी। अमेरिका समर्थित एवं कुर्द की अगुवाई वाले सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एसडीएफ) पर इस हमले से एक दिन पहले ही तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा था कि कुर्द की अगुवाई वाले समूह यदि स्थानीय चुनाव कराने की अपनी योजना पर आगे बढ़ते हैं तो उनकी सरकार उन पर कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगी।

### ईरान ने अधिकारियों ने प्रतिबंधों की निंदा की

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने शुक्रवार को कई ईरानी अधिकारियों और संस्थाओं पर यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा लगाए गए नए प्रतिबंधों की निंदा की। कनानी ने कहा कि यूरोपीय संघ ने गाजा में इजरायली युद्ध अपराधों पर ध्यान केंद्रित करने और उनके लिए इजरायल को दंडित करने के बजाय, कुछ ईरानी अधिकारियों और संस्थाओं को अपनी प्रतिबंधों की सूची में शामिल किया था जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी और प्रभावी थे।

### मिशेल ओबामा की मां मारिया का निधन

वाशिंगटन। अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा की मां मारियां शील्ड्स रॉबिन्सन का निधन हो गया है। वह 86 वर्ष की थी। वह अपने दामाद बराक ओबामा के राष्ट्रपति चुने जाने पर उनके परिवार के साथ व्हाइट हाउस में ही रही थीं। 'व्हाइट हाउस' अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय है। मिशेल ओबामा और परिवार के अन्य सदस्यों ने एक बयान जारी कर रॉबिन्सन के निधन की जानकारी दी।

# दक्षिण अफ्रीका में बहुमत पाने से चूकी एएनसी पार्टी


## रंगभेद से मुक्त कराने वाली एएनसी पार्टी ने 30 साल बाद गंवाया बहुमत

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

● पहली बार बनेगी गठबंधन सरकार, राष्ट्रीय चुनाव के बाद संसद दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रपति का चुनाव करती है

दक्षिण अफ्रीका में 29 मई को हुए आम चुनाव के परिणाम सामने आ गए हैं। यहां हुए ऐतिहासिक चुनाव के परिणाम में अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) को संसद में बहुमत नहीं मिला। दक्षिण अफ्रीका को रंगभेद से मुक्त कराने वाली एएनसी पार्टी ने इस तरह 30 साल में पहली बार बहुमत गंवा दिया। चुनाव के लिए 99.5 प्रतिशत मतगणना हो चुकी है और सत्तारूढ़ एएनसी को 40% से अधिक मत मिले हैं जो बहुमत से कम है।

राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के नेतृत्व वाली एएनसी ने 30 साल पहले 1994 में नेल्सन मंडेला के निर्वाचित होने के बाद पहली बार अपना बहुमत खो दिया। निर्वाचन आयोग ने अभी अंतिम नतीजों की औपचारिक रूप घोषणा नहीं की है। विपक्षी दलों ने इसे गरीबी और असमानता से जूझ रहे देश के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता बताया। एएनसी हालांकि किसी तरह सबसे बड़ी पार्टी बनी रही,



बहुमत न मिलने से निराश एएनसी नेता व राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा।

लेकिन अब उसे सरकार में बने रहने और राष्ट्रपति रामाफोसा को दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुने के लिए, गठबंधन सहयोगियों की तलाश करनी होगी। राष्ट्रीय चुनाव के बाद संसद दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति का चुनाव करती है। इस परिणाम से दक्षिण अफ्रीका में एएनसी का तीन दशक से चला आ रहा प्रभुत्व समाप्त हो गया, लेकिन अफ्रीका की सबसे उन्नत अर्थव्यवस्था के लिए आगे का रास्ता जटिल है क्योंकि अभी तक कोई गठबंधन सहयोगी वार्ता के वास्ते तैयार नहीं है। मुख्य विपक्षी पार्टी डेमोक्रेटिक अलायंस को लगभग 21 प्रतिशत वोट मिले। पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा की नई एमके पार्टी अपने पहले चुनाव में 14 प्रतिशत से अधिक मतों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

### एएनसी बहुमत के जादुई आंकड़े से दूर

सरकार बनाने के लिए वार्ताओं का दौर शुरू होने वाला है और संभवत: वे जटिल होंगी। एमके पार्टी ने कहा कि किसी भी समझौते के लिए उनकी शर्तों में से एक यह है कि रामाफोसा को एएनसी नेता और अध्यक्ष के पद से हटा दिया जाये। एमके पार्टी के प्रवक्ता नहलामुलो एन्डलेला ने कहा हम एएनसी के साथ बातचीत करने को तैयार हैं, लेकिन सिरिल रामाफोसा की एएनसी के साथ तैयार नहीं हैं। राष्ट्रीय चुनाव में 50 से अधिक पार्टियों ने भाग लिया था। एएनसी बहुमत के जादुई आंकड़े से बहुत दूर है और ऐसी संभावना है कि उसे तीन मुख्य विपक्षी दलों में से किसी एक से संपर्क करना होगा।

# साइबर ठगों ने नोएडा के व्यवसायी से नौ करोड़ ठगे

नोएडा। शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यवसायी से 9.9 करोड़ रुपये ठग लिए। पुलिस अनुसार, एक महीने पहले पीड़ित को व्हॉट्सऐप समूह में जोड़ा गया था और फिर एप डाउनलोड करा शेयर बाजार कारोबार में फर्जी मुनाफे का लालच देकर ठगी को अंजाम दिया गया।

उसने बताया कि शुक्रवार को सेक्टर-36 स्थित साइबर क्राइम थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और कारोबारी के खाते में 1.62 करोड़ रुपये के लेनदेन को रोक दिया गया है। उसने बताया कि जांच जारी है। सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर अपराध पुलिस थाना) विवेक रंजन राय ने कहा कि सेक्टर-40 ब्लॉक-बी के रजत बोथरा ने पुलिस को बताया कि 28 अप्रैल को उन्हें व्हॉट्सऐप समूह पर जोड़ा गया।

समूह में शेयर बाजार कारोबार के मुनाफे के बारे में बताया जाता था। उन्होंने 27 मई तक शेयर बाजार कारोबार में 9.09 करोड़ रुपये का निवेश किया। हालांकि, इसके बाद उनका (ट्रेडिंग) खाता बंद हो गया। राय ने कहा जब हमें शिकायत मिली तो हमने तुरंत जांच शुरू कर दी और हम उनके बैंक खाते से 1.62 करोड़ रुपये का लेन-देन रोकने में कामयाब रहे।

## पुणे कार हादसा

# रक्त के नमूने बदलने पर नाबालिग की मां गिरफ्तार

पुणे, एजेंसी

● पुलिस ने मां की मौजूदगी में नाबालिग से एक घंटे पूछताछ की

पुणे पुलिस ने पोर्श कार दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी की मां को गिरफ्तार कर लिया है। उसे अदालत में पेश किया जा सकता है। शहर के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने शनिवार को यह जानकारी दी। नाबालिग की मां को इस बात की पुष्टि होने के बाद गिरफ्तार किया गया कि किशोर के रक्त नमूने उसके रक्त नमूने से बदले गए थे।

पुलिस ने अपनी जांच के तौर पर नाबालिग से उसकी मां की मौजूदगी में उस सुधार गृह में एक घंटे तक पूछताछ की जहां उसे 5 जून तक रखा गया है। पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने दुर्घटना की जांच का हवाला देते हुए बताया कि किशोर के रक्त नमूने उसकी मां के रक्त नमूने से बदले गए थे। पुलिस ने दो दिन पहले एक स्थानीय अदालत में कहा था कि किशोर के रक्त के नमूने एक महिला के रक्त के नमूने से बदले गए थे।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शैलेश बलकवडे ने पुलिस के नाबालिग से पूछताछ करने से पहले कहा हम नाबालिग से उसकी मां की मौजूदगी में सुधार गृह के भीतर पूछताछ करेंगे। किशोर न्याय बोर्ड ने नाबालिग से पूछताछ करने के लिए शुक्रवार को पुलिस को अनुमति दी थी। किशोर न्याय अधिनियम के तहत किसी नाबालिग से पूछताछ उसके माता-पिता की उपस्थिति में ही की जा सकती है।

### मुख्यमंत्री ने मामले में गहन जांच का दिया आश्वासन

जबलपुर। पुणे में नाबालिग चालक की पोर्श गाड़ी से हुई दुर्घटना में जान गंवाने वाली आईटी पेशेवर अश्विनी कोष्टा के पिता ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से जबलपुर भेजे गए विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) ने मुख्यमंत्री शिंदे से फोन पर बात कराई। पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को तेज रफ्तार पोर्श कार ने मध्य प्रदेश की निवासी 24 वर्षीय अश्विनी कोष्टा और उसके दोस्त अनीश अवधिया की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी।

# अमेरकी स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाला छात्र बाइडेन से मिला



वाशिंगटन। स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता के चैंपियन ब्रहत सोम समेत फाइनल में जगह बनाने वाले सात अन्य प्रतिभागियों को व्हाइट हाउस आमंत्रित किया गया जो इन किशोर प्रतिभाओं के लिए जीवन का अहम अनुभव रहा।

फ्लोरिडा के 12 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी छात्र ब्रहत (सातवीं कक्षा के विद्यार्थी) को बृहस्पतिवार को स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया और 50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक नकद और अन्य पुरस्कार दिए गए। एक दिन बाद, उन्हें व्हाइट हाउस ने एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जहां राष्ट्रपति जो बाइडन ने उनसे मुलाकात की।

पीली टी-शर्ट और माथे पर लाल तिलक लगाए ब्रहत के साथ सात अन्य प्रतिभागी और उनके माता-पिता भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। फाइनल में जगह बनाने वाले चार अन्य प्रतिभागी भी भारतीय अमेरिकी हैं।

# चीन ने ताइवान को दी धमकी कहा- कभी आजाद नहीं होने देंगे

बीजिंग, एजेंसी

● केंद्रीय सैन्य आयोग के संयुक्त स्टाफ विभाग के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल ने दिया बयान

चीन के केंद्रीय सैन्य आयोग के संयुक्त स्टाफ विभाग के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जिंग जियानफेंग ने शनिवार को कहा कि चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ताइवान को कभी भी स्वतंत्र होने या अलग होने की अनुमति नहीं देगी।

सिंगापुर में आईआईएसएस शांगरी-ला डायलॉग के मौके पर जिंग ने यह बयान दिया। ताइवान की आजादी युद्ध के समान है। सैन्य अधिकारी ने कहा कि पीएलए सैनिकों को प्रशिक्षित करना, युद्ध की स्थिति में तैयारी करना और ताइवान की स्वतंत्रता के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगी। साथ ही पुनर्एकीकरण को बढ़ावा देगी और किसी भी बाहरी हस्तक्षेप का विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि सेना चीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का दृढ़ता से पालन करेगी। इससे पहले दिन में चीनी रक्षा मंत्री डोंग जून ने शांगरी-ला डायलॉग के इतर अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के साथ बातचीत की। दोनों नेताओं ने ताइवान जलडमरूमध्य में चीन की नवीनतम गतिविधियों, यूक्रेन के आसपास की स्थिति और अंतरिक्ष पर चर्चा की।

## पासिंग आउट परेड



चेन्नई के ताम्बरम वायु सेना स्टेशन पर संयुक्त पासिंग आउट परेड के दौरान अग्निवीर वायु प्रशिक्षु ने सलामी दी। 234 महिलाओं सहित 1983 अग्निवीर वायु प्रशिक्षु उत्तीर्ण हुए। ● एजेंसी

# अमेरिका-भारत संबंध साझा दृष्टिकोण एवं मूल्यों पर आधारित

सिंगापुर, एजेंसी

● अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड जे ऑस्टिन ने कहा- दोनों देशों के संबंधों की गति में और तेजी आएगी

अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड जे ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका-भारत संबंध साझा दृष्टिकोण एवं मूल्यों पर आधारित है तथा दोनों देशों के संबंधों की गति में और तेजी आयेगी। ऑस्टिन ने द्विपक्षीय संबंधों के बारे में एक प्रतिनिधि के प्रश्न के उत्तर में यह टिप्पणी की।

हर साल सिंगापुर में आयोजित होने वाला शांगरी ला डायलॉग एशिया का एक प्रमुख रक्षा सम्मेलन है। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने प्रतिनिधियों से कहा फिलहाल भारत के साथ जो हमारा संबंध है, वह पहले जितना ही अच्छा या उससे भी बेहतर है। उन्होंने कहा हम भारत में बख्तरबंद वाहनों का सह-उत्पादन कर रहे हैं। इस परियोजना में अच्छी प्रगति हुई है। ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका-भारत संबंध साझा दृष्टिकोण एवं मूल्यों पर आधारित है। इसलिए मैं मानता हूं कि जो गति मुझे नजर आती है, वह न केवल बनी रहने वाली है बल्कि एक वक्त पर इसमें तेज भी आएगी।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र के संबंध में ऑस्टिन ने कहा इस क्षेत्र में अपने मित्रों के साथ मिलकर हम राष्ट्रीय बाधाओं को तोड़ रहे हैं तथा अपने रक्षा उद्योग को बेहतर तरीके से एकीकृत कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि अमेरिका हिंद-प्रशंत क्षेत्र में अहम भूमिका निभाता रहेगा।

## बॉलीवुड हलचल

# कार्तिक आर्यन के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा : कबीर

मुंबई। अभिनेता कबीर का कहना है कि फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ काम करना उनके लिए शानदार अनुभव रहा। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका होंगी। इस फिल्म में कबीर भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। भूल भुलैया 3 की शूटिंग पूरी हो गई है। कबीर ने कहा भूल भुलैया 3 में काम करना किसी रोमांच से कम नहीं रहा है। हमने फिल्म बनाने में जीजान लगा दी है। मुझे यकीन है कि फिल्म दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगी। कार्तिक आर्यन और अनीस बज्मी सर के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा। टी-सीरीज और सिने 1 स्टूडियोज द्वारा निर्मित भूल भुलैया 3 इस साल के अंत में रिलीज होने वाली है।

# बिग बॉस ओटीटी-3 को होस्ट करेंगे अनिल कपूर



मुंबई। बॉलीवुड के मिस्टर इंडिया अनिल कपूर बिग बॉस ओटीटी 3 को होस्ट करेंगे। जिसकी अनाउंसमेंट हो चुकी है। इस बार सलमान खान किन्हीं कारणों से होस्ट करेंगे। रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी का तीसरे सीजन जल्द शुरू होने वाला है, जिसका प्रोमो सामने आ चुका है। बिग बॉस ओटीटी 3 जियो सिनेमा पर प्रीमियर होने के लिए तैयार है। शो के प्रोमो और टीजर में अनिल कपूर बिग बॉस ओटीटी 3 के बारे में बताते नजर आ रहे हैं। बिग बॉस का आजाग जून में ही होगा।

# आईएसआईएस संदिग्धों का आका गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंका की पुलिस ने आईएसआईएस के साथ कथित संबंधों के कारण भारत में अहमदाबाद हवाई अड्डे से गिरफ्तार किए गए चार श्रीलंकाई नागरिकों के आका (हैंडलर) को गिरफ्तार कर लिया है। डेली मिरर पोर्टल ने बताया कि कोलंबो में आपराधिक जांच विभाग ने पुष्पराजा उस्मान (46) को शुक्रवार को गिरफ्तार किया।

उसकी गिरफ्तारी में मददगार साबित होने वाली विश्वसनीय जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपए नकद इनाम देने की घोषणा की थी। पुलिस ने उसके खिलाफ नोटिस जारी किया था और उसका एक वीडियो भी जारी किया था, जिसमें जनता से उसके बारे में जानकारी मांगी गई थी। पुलिस ने बताया कि माना जाता है कि उस्मान ने अहमदाबाद हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किए गए चार लोगों से टेलीफोन पर संपर्क किया था।

खगोल विज्ञान | जलवायु परिवर्तन को लेकर भौतिकी शोध में किया गया दावा

# जलवायु को प्रभावित करने में गुरुत्वाकर्षण बड़ी वजह

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: जैसे-जैसे जलवायु में बदलाव आ रहे हैं, वैसे वैसे पृथ्वी व अन्य ग्रहों के बीच चेताने वाले शोध सामने आ रहे हैं। हाल में भौतिकी आधार पर हुए शोध में सामने आई जानकारी के अनुसार गुरुत्वाकर्षण मंगल और पृथ्वी पर जलवायु व समुद्री धाराओं में बदलाव लाने का बड़ा कारण है।

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी विश्वविद्यालय और पेरिस में सोरबोन विश्वविद्यालय के भू-वैज्ञानिकों ने भौतिक आधार पर साक्ष्य जुटाए हैं। जिसमें बताया गया है कि पृथ्वी और मंगल की कक्षाओं में 2.4 मिलियन वर्ष में बदलाव आता है। जिस कारण जलवायु में बड़ा परिवर्तन आता है। दरअसल गुरुत्वाकर्षण के कारण गर्म महासागरों के परिणामस्वरूप गहरा परिसंचरण अधिक तीव्र होता है।



पृथ्वी और मंगल ग्रह की तस्वीर। ● अमृत विचार

ध्यान रहे कि मंगल ग्रह में भी कभी गहरे विशाल सागर नदियां बहा करती थी, जो आज समाप्त हो चुके हैं। यह शोध नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित हुआ है। इस खोज के लिए वैज्ञानिकों को प्राचीन गहरे समुद्र के कोर में खुदाई करनी पड़ी। इससे पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव की जानकारी जुटाई गई। इससे समुद्र की जलधाराओं पर गहरा प्रभाव पड़ता है, जो जलवायु परिवर्तन में गहरा असर डाल सकता है। इसकी सबसे बड़ी वजह मंगल और पृथ्वी के बीच जुड़े गुरुत्वाकर्षण है, जो एक दूसरे की कक्षा को प्रभावित करते हैं।

सिडनी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक एड्रियाना डुट्किविज का कहना है कि गहरे समुद्र तलछटी में 2.4 मिलियन वर्षीय चक्र के दौरान मंगल और पृथ्वी के सूर्य की परिक्रमा करने की परस्पर क्रिया के चक्रों से गहरे जुड़े हुए हैं, जो मंगल व पृथ्वी के गहरे समुद्र की धाराओं को मजबूत और कमजोर करता है। बहरहाल पृथ्वी की जलवायु के भविष्य के लिए मंगल व शुक्र ग्रह पर शोध करने होंगे।

### कहां गायब हुआ मंगल का वातावरण

वैज्ञानिक मानते हैं कि कभी मंगल पर पृथ्वी की तरह वातावरण रहा होगा और जलवायु पृथ्वी की तरह रही होगी, बारिश व बर्फबारी भी होती होगी। तभी नदियां बहा करती होंगी। मगर अब मंगल वीरान हो चुका है। इसकी वजह समझने को वैज्ञानिक प्रयासरत हैं। इस रहस्य का खुलासा होने के बाद, पृथ्वी के भविष्य का अंदाजा लगाया जा सकेगा।